सूर्योदय 5:56 सूर्यास्त 6:46

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.4 न्यू | 24.2 अधि |
| धर्मशाला | 18.1 न्यू | 29.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74244.90 |
| निफ्टी | 22519.40 |
| सोना | 72,550 |
| चांदी | 85,350 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 14 अप्रैल, 2024 | 2 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 116, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



आज के अंक में

- ज्वालाजी मंदिर में संस्कृति व संगीत का अनूठा मिलन
- ममता व इशांत के नाम रही बैसाखी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- कोसरियां वार्ड में जगह-जगह टूटी पानी की पाइपें
- भुट्टो ने समर्थकों सहित भरमौती मंदिर में लगाई आस्था की डुबकी

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- चांशल घाटी में हुए ताजा हिमपात का दीदार करने पहुंच रहे पर्यटक
- शिमला को प्रदूषण से मिलेगी निजात, बनेगी नई डंपिंग साइट

पृष्ठ 13 पर पढ़ें



- सलमान के साथ डेब्यू से पहले मेरे पास पांच फिल्मों के ऑफर थे : रवीना टंडन
- इसराइल पर हिजबुल्लाह ने एक साथ दागे 40 से ज्यादा रॉकेट

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## षष्ठम मां कात्यायनी



**छठे** नवरात्र पर मां कात्यायनी की पूजा की जाती। देवी कात्यायनी को महिषासुर मर्दनी के नाम से भी जाना जाता है। यह देवी का कन्या स्वरूप है, जो अपने भक्त ऋषि कात्यायन की मुराद पूरी करने के लिए पुत्री रूप में प्रकट हुई थीं। नवरात्र में देवी कात्यायनी की पूजा के साथ ही नवरात्र का उत्सव जोर पकड़ने लगता है। पूजा पंडालों में इस दिन से विशेष पूजा का आरंभ हो जाता है। मां कात्यायनी का शरीर सोने जैसा सुनहरा और चमकदार है। मां चार भुजाधारी और सिंह पर सवार हैं। एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में कमल का पुष्प धारण किया हुआ है। अन्य दो हाथ वरमुद्रा और अभयमुद्रा में हैं। यह देवी माता के स्नेह और शक्ति का सम्मिलित रूप है।

*कंचनाभा वराभयं पद्मधरां*
*मुकटोज्वलां।*
*स्मेरमुखीं शिवपत्नी कात्यायनी नमोस्तुते॥*

## आज के मैच





कोलकाता नाइट राइडर्स vs लखनऊ सुपर जायंट्स

स्थान: कोलकाता, समय : दोपहर 3:30 बजे





मुंबई इंडियंस vs चेन्नई सुपर किंग्स

स्थान: वानखेड़े, समय : रात 7:30 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### मनाली में दो किलो 23 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**मनाली।** मनाली पुलिस ने चिचोगा के पास कार (एचपी-01 के 6220) सवार एक युवक के कब्जे से दो किलो 23 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि चरस के साथ गिरफ्तार किए युवक की पहचान धर्मेंद्र कुमार उर्फ मिंटू (30 वर्ष) पुत्र भूप सिंह निवासी गांव शडाण डाकघर सैंज, जिला मंडी के रूप में हुई है।

### कारगिल, लद्दाख और तिब्बत में आया भूकंप




**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कारगिल, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में शनिवार सुबह तीन बजकर सात मिनट पर भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 आंकी गई। वहीं, तिब्बत में भी भूकंप के झटके लगे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.7 रही। भूकंप का केंद्र जिजांग क्षेत्र में 34.31 अक्षांश और 82.05 देशांतर पर जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### जेएंडके में आतंकी ठिकाने का पर्दाफाश, हथियार व बम बरामद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रियासी पुलिस और भारतीय सेना की 58 आरआर ने आतंकवादी ठिकाने का पर्दाफाश किया है। शनिवार को माहौर के लॉन्चा इलाके में आतंकी ठिकाने पर रेड डाली और दो टिफिन आईईडी, दो पिस्तौल, 400 ग्राम विस्फोटक पाउडर, कारतूस और अन्य हथियार बरामद किए हैं।

## पांचवें नवरात्र पर मां स्कंदमाता के जयकारों से गूंजे मंदिर










# मंडी से विक्रमादित्य व शिमला से सुल्तानपुरी कांग्रेस प्रत्याशी

## कांग्रेस हाईकमान ने लगाई मुहर, प्रतिभा बोलीं- मंडी के लोग हमेशा हमारे साथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मंडी** सीट से विक्रमादित्य सिंह और शिमला सीट से विनोद सुल्तानपुरी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे। पार्टी हाईकमान ने दोनों प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाई है। नई दिल्ली में शनिवार को हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लोकसभा की चार सीटों और विधानसभा उपचुनाव की छह सीटों पर प्रत्याशी उतारने को लेकर मंथन हुआ। बैठक में मंडी सीट पर विक्रमादित्य सिंह और शिमला सीट पर विनोद सुल्तानपुरी के नाम पार्टी हाईकमान ने चुनाव समिति की स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट पर फाइनल किए हैं।

हालांकि लोकसभा की दो बची सीटों हमीरपुर और कांगड़ा पर अभी पार्टी ने कोई फैसला नहीं लिया है। वहीं, विधानसभा उपचुनाव की छह सीटों पर प्रत्याशी उतारने को लेकर भी पार्टी हाईकमान किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा है।



**हमने जो नाम शॉर्टलिस्ट किए थे, उन पर हुई चर्चा**

मंडी और शिमला संसदीय सीट से प्रत्याशी फाइनल होने का ऐलान हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में किया है। भाजपा मंडी से कंगना रनौत को पहले ही उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि हमें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि कंगना क्या कह रही हैं, क्या बोल रही हैं। मंडी के लोग हमेशा हमारे साथ हैं। हमने जो दो-तीन नाम शॉर्टलिस्ट किए थे, उन पर चर्चा हुई। अब यह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निर्भर करता है कि वे शेष प्रत्याशियों पर किन नामों पर मुहर लगाते हैं। हमारे सभी वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि इस बार किसी युवा नेता को मैदान में उतारा जाना चाहिए, इसलिए विक्रमादित्य के नाम पर सहमति बनी है।

**कहा- हमें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्या कह रही हैं कंगना**

**सभी का मानना इस बार युवा नेता को मैदान में उतारा जाना चाहिए**





### वीरभद्र परिवार की परंपरागत सीट रही है मंडी

**मंडी** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह परिवार की परंपरागत सीट मानी जाती है। यहां से खुद प्रतिभा सिंह तीन बार सांसद रह चुकी हैं। वीरभद्र सिंह 2009 में सांसद बने। अब उनके बेटे विक्रमादित्य मैदान में होंगे। मंडी लोकसभा सीट में 17 विधानसभा सीट आती हैं। इनमें चार पर कांग्रेस है, तो बाकी 13 सीटों पर बीजेपी का कब्जा है।

### राज्यसभा चुनाव के बाद बढ़ा तनाव

**हाल** ही में हिमाचल प्रदेश में हुए राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के भीतर तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। क्रॉस वोटिंग के चलते कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद सुक्खू सरकार पर कथित रूप से खतरा बन आया था। विक्रमादित्य को मैदान में उतारकर कांग्रेस आलाकमान ने राज्य कांग्रेस में चल रही गुटबाजी को कम करने की कोशिश की है। राज्य सरकार का अस्तित्व एक जून को लोकसभा चुनावों के साथ होने वाले छह विधानसभा सीटों के उपचुनाव के नतीजों पर भी निर्भर करता है।

## हम एक झटके में मिटा देंगे गरीबी: राहुल गांधी

**एजेंसी, जगदलपुर**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार आई तो महालक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। हर परिवार से हम एक महिला को चुनेंगे। इसके बाद हर महीने बैंक खाते में साढ़े आठ हजार रुपए डाले जाएंगे यानी एक साल में एक लाख रुपए मिलेंगे।

**बोले- कांग्रेस के सत्ता में आते ही किसानों का कर्ज होगा माफ**

इस तरह एक झटके में हम देश से गरीबी मिटा देंगे। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ होगा।



### देश में बेरोजगारी व महंगाई अहम मुद्दे

**राहुल** ने कहा कि देश में जब कोविड आया तो पीएम मोदी कहते हैं थाली बजाओ। मोबाइल की टॉर्च जलाओ। देशभर से उस दौरान मजदूर घर लौट रहे थे। देश में 22 लोग हैं, जिनके पास उतना ही धन है, जितना 70 करोड़ देशवासियों के पास है। नरेंद्र मोदी 24 घंटे इन 22-25 लोगों की मदद करते रहते हैं। किसी भी प्रदेश में पूछ सबसे बड़े मुद्दे क्या हैं। वे कहेंगे बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी।

### कांग्रेस करवाएगी जातीय जनगणना

**राहुल** गांधी ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो हम जातीय जनगणना कराएंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पूरा का पूरा धन 2-3 फीसदी लोगों के पास जा रहा है। आप जीएसटी देते हैं, लेकिन जब आपका पैसा बांटा जाता है तो आपके लोग उसमें हैं ही नहीं। देश का बड़ी कंपनियों का मालिक आपको न तो आदिवासी मिलेगी और न ही ओबीसी का। वही लोग बड़े मीडिया संस्थान चलाते हैं, वही लोग बड़े शिक्षा संस्थान चलाते हैं। देश की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं। बजट बनता है तो यही 90 लोग तय करते हैं कि किस सेक्टर में कितना बांटना है। मैंने पता लगाया तो पता चला कि उन 90 अफसरों में से एक आदिवासी वर्ग का है।

## आतंकवादियों के खात्मे के लिए कोई नियम नहीं: जयशंकर

**एजेंसी, नई पुणे**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर घेरा है। जयशंकर ने कहा कि अगर भारत पर सीमा पार से आतंकी हमला होगा तो उसका जवाब देने के लिए हमारा देश प्रतिबद्ध है।



आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते, इसलिए उनका खात्मा करते वक्त नियम नहीं देखेंगे। हमारे लिए भी उनका जवाब देने के लिए कोई नियम नहीं हो सकता।

पुणे में युवाओं के साथ बातचीत में जयशंकर ने कहा कि 2014 के बाद से भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। पाकिस्तान भारत का पड़ोसी देश है, इसके लिए केवल हम जिम्मेदार हैं।

### आतंकवाद किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं

1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर पर आक्रमण किया और भारतीय सेना ने उनका डटकर मुकाबला किया और राज्य का एकीकरण हुआ। जब भारतीय सेना अपनी कार्रवाई कर रही थी, हम रूक गए और संयुक्त राष्ट्र में चले गए। आतंकवाद को लेकर पहले नीतियां पूरी तरह से अलग थी। आतंकवाद किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## जवानों को नकली ट्रैक सूट बेचने वाले छह अफसर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ ने नोएडा स्थित बल के ग्रुप सेंटर पर नकली ट्रैक सूट बेचे जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ग्रुप सेंटर के डीआईजी हरविंद्र सिंह कलश को तुरंत प्रभाव से हटा दिया गया है। सीनियर अधिकारियों ने छह से अधिक अफसरों व कर्मचारियों को तत्काल सस्पेंड किया है। बता दें कि आठ अप्रैल को नोएडा स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप में सीआरपीएफ वाइव्ज वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूए) की ओर से संचालित परिवार कल्याण केंद्र पर अनाधिकृत तौर से ट्रैक सूट की बिक्री हो रही थी। सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट राहुल सोलंकी ने सीडब्ल्यूए अध्यक्ष और डीआईजी ग्रुप सेंटर को अपनी लिखित शिकायत की थी कि जवानों को सप्लाई होने वाले ट्रैक सूट को ज्यादा दामों पर बेचा जा रहा है। शिकायत के साथ 1600 रुपए के बिल की स्लिप लगाई गई। अधिकारी ने दावा किया था कि यह ट्रैक सूट नकली हैं। जब मामले की जांच की गई तो असिस्टेंट कमांडेंट की ओर से लगाए गए आरोप सही पाए गए।

## छत्तीसगढ़ से लाया दूसरा आरोपी चार दिन के पुलिस रिमांड पर

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**महादेव** ऐप सट्टेबाजी मामले में पुलिस एक और आरोपी को छत्तीसगढ़ से शुक्रवार रात धर्मशाला लेकर पहुंची थी, जिसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

आरोपी नितिश दिवान की तरह गिरिश तलरेजा भी छत्तीसगढ़ की जेल में बंद था। 15 जून 2023 को चुराह निवासी अनिल ने धर्मशाला पुलिस थाने में शिकायत दी थी कि फटाहर निवासी साहिल ने उसके व पीजी में रह रहे अन्य युवकों के कोतवाली बाजार केनरा बैंक में 20 फरवरी 2023 को खाते खुलवाए थे, लेकिन आरोपी ने बैंक की कोई डिटेल नहीं दी। अकाउंट नंबर न मिलने पर अनिल ने 13 जून को बैंक में जाकर लेन-देन की डिटेल ली तो पता चला कि खाते में इस समयावधि में 65 लाख रुपए का लेनदेन हुआ है।

**महादेव ऐप सट्टेबाजी मामला**

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फरवरी में भिलाई में महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में नितिश और गिरिश को गिरफ्तार किया था। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस ने दूसरे आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**सियासत** लोकसभा चुनाव के बीच कंगना रनौत और विक्रमादित्य सिंह के बीच छिड़े 'वाकयुद्ध' में आया नया मोड़

# कांग्रेस ने कंगना के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**प्रदेश** में लोकसभा चुनाव के बीच कंगना रनौत और विक्रमादित्य सिंह के बीच छिड़े वाकयुद्ध ने अब नया मोड़ ले लिया है। कंगना ने 11 अप्रैल को मनाली में जनसभा में राहुल गांधी को बड़ा और विक्रमादित्य को छोटा पप्पू कहा था।

इस भाषा के इस्तेमाल पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। शिकायत में लिखा कि कंगना ने कहा था कि राजा बेटा जो शराब के नशे में धुत्त रहता है, जैसे शब्द का इस्तेमाल कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। कांग्रेस ने कंगना की ओर से कहे छोटा पप्पू, राजा बेटा, राजा बाबू जैसे शब्दों पर आपत्ति जताई है और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने तलब की रिपोर्ट

**कांग्रेस** की शिकायत पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कंगना के वक्तव्य से जुड़ी पूरी रिपोर्ट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुल्लू से तलब की है। इसके आधार पर चुनाव आयोग आगामी कार्रवाई अमल में लाएगा। कंगना ने जिस तरह से विक्रमादित्य सिंह पर निशाना साधा है, उससे जुड़ा बयान सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

### असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया

**एचपी** कांग्रेस लीगल एंड ह्यूमन राइट डिपार्टमेंट के को-ऑर्डिनेटर एडवोकेट धीरज ठाकुर ने शिकायत में कहा कि कंगना ने असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया है। देवभूमि हिमाचल में इससे पहले कभी भी किसी नेता की ओर से ऐसी भाषा शैली का इस्तेमाल नहीं किया गया।

### जयराम ठाकुर ने ली चुटकी, यह भाई-बहन का मामला

**कंगना** की भाषा शैली पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह दोनों भाई-बहन का मामला है। इस पर वह ज्यादा नहीं बोलेंगे। बता दें कि विक्रमादित्य सिंह कंगना को बड़ी बहन कहकर संबोधित कर रहे हैं, जबकि शुक्रवार को कंगना ने भी विक्रमादित्य को छोटा भाई कहकर संबोधित किया। जयराम ने इन दोनों नेताओं की जुबानी जंग पर कुछ भी कहने से कन्नी काट दी।

## सुधीर शर्मा बोले- मुख्यमंत्री सुक्खू ने दर्ज करवाई फर्जी एफआईआर

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

**कांग्रेस** से भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक सुधीर शर्मा ने हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा के खिलाफ दर्ज करवाई एफआईआर को साझा कर इसे फर्जी करार दिया है।

यह एफआईआर राज्यसभा चुनाव के बाद शिमला के बालूगंज थाने में दर्ज करवाई थी। एफआईआर में आशीष शर्मा के साथ गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा का नाम दर्ज है, जिनकी उम्र 30 वर्ष लिखी है, जबकि वह एक सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। शिकायतकर्ता संजय अवस्थी उम्र 59 वर्ष के साथ उनका धर्म यहूदी लिखा गया है, जो दर्शाता है कि एफआईआर दर्ज करवाने के पीछे क्या मंशा थी।

**एफआईआर में कई त्रुटियां :** सुधीर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पुलिस अधीक्षक शिमला को अपना करीबी मानते हैं, लेकिन आनन-फानन में दर्ज एफआईआर में कई त्रुटियां हैं। मुख्यमंत्री कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को डराने-धमकाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**केंद्र के ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश**

## बॉर्नविटा और पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' श्रेणी से हटाएं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बॉर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' की कैटेगरी से हटाने को कहा है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की रिपोर्ट के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह निर्देश जारी किए हैं।




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा गया है कि वे अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बॉर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' की कैटेगरी से हटा दें। नोटिफिकेशन में कहा है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक लीगल बॉडी की जांच में पाया है कि हेल्थ पेय डेफिनेशन नहीं है। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट्स पर बेचे जाने वाले फूड प्रोडक्ट्स को उचित कैटेगरी में डालने को कहा था।

## पाक में अपहरण के बाद 11 लोगों की हत्या



**कराची (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों ने बस में सवार नौ कर अपहरण कर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, एक अन्य वाहन पर हमला कर दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इन लोगों के शव नजदीकी पर्वतीय इलाके में एक पुल के समीप मिले हैं। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि बनोशकी राजमार्ग पर 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को माफ नहीं किया जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। वहीं, अब तक किसी भी प्रतिबंधित संगठन ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# मां बज्रेश्वरी के दरबार में 6 हजार तो चामुंडा मंदिर में 7000 श्रद्धालु नतमस्तक


श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में कतार में लगे श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा/चामुंडा**

श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन सुबह कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन ने बताया कि 5वे नवरात्र को 6 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। वहीं लगभग 4 लाख 9 हजार 339 रुपए का चढ़ावा श्रद्धालुओं द्वारा माता के चरणों में अर्पित किया गया। इधर, श्री चामुंडा नादिकेश्वर धाम में 5वे नवरात्र के दिन 7 हजार श्रद्धालु नतमस्तक हुए।

मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर ने बताया कि अष्टमी की रात को मां चामुंडा का नशीत पूजन किया जाएगा और माता जी का चोला उतार कर नया चोला यानी सिंदूर चढ़ाया जाएगा। रात 12 बजे देसी घी से बने व्यंजनों का भोग मां के चरणों में अर्पित किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी दिखी।

## 80 हजार श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी

**शिवम शर्मा, परागपुर**

कालेश्वर महादेव में चलने वाले राज्य स्तरीय बैसाखी मेला शनिवार को पूरे योवन पर रहा। इस दौरान मेला स्थल स्थित ब्यास नदी व प्रवित्र स्नान सरोबर पजतीर्थ में करीब 80 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई। इस दौरान यहां रिकॉर्ड तोड़ भीड़ देखी गई और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ की गोताखोर टीम और सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहे। मेला स्थल में सजी दुकानों में भी काफी रौनक देखने को मिली। मेले के दूसरे दिन हिमाचली गायकों, स्थानीय स्कूलों, महिला मंडलों और कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिर में शीश निवाया। कार्यक्रम में मेला कमेटी चैयरमेन एवं एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा, मेला कमेटी प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


प्रवित्र स्नान सरोबर पजतीर्थ में लगा श्रद्धालुओं का जमघट।


माता ज्वालाजी के दरबार में माता रानी के दर्शनों के लिए आए श्रद्धालु।

**ज्वालामुखी।** पंचम नवरात्र पर हजारों भक्तों की भीड़ शक्तिपीठ ज्वालाजी मंदिर में दिखी। करीब 15 हजार श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर और जयकारे लगाते हुए माता ज्वाला की दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए। मंदिर अधिकारी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि पांचवे नवरात्र पर भक्तों द्वारा 7 लाख 12 हजार 650 रुपए माता के चरणों में अर्पित किए गए।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।
डिजिटल मीडिया
डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें
बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## कांगड़ा में चार जगह होगी मतगणना : डीसी

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा जिला में चार स्थान मतगणना के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। जहां पर लोकसभा चुनावों के मतों की गिनती की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजकीय आर्य महाविद्यालय नुरपुर में नुरपुर, इंदौरा, फतेहपुर तथा ज्वाली विस क्षेत्रों की मतगणना होगी जबकि राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी में देहरा, ज्वालामुखी तथा जसवां प्रागपुर विस क्षेत्र की मतगणना इसी तरह से राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में नगरोटा, कांगड़ा, शाहपुर तथा धर्मशाला विस क्षेत्रों की मतगणना, कैप्टन विक्रम बतरा कालेज पालमपुर में जयसिंहपुर, सुलह, पालमपुर, बैजनाथ विस क्षेत्रों की मतगणना के लिए केंद्र निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांगड़ा जिला को चुनावों के लिए उपलब्ध करवाई गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बेल के इंजीनियरों द्वारा फर्स्ट लेवल चेकिंग कर ली गई है। इन ईवीएम की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सॉफ्टवेयर द्वारा रैंडमाइजेशन की जाएगी। उन्होंने राजनीतिक प्रतिनिधियों को सुविधा ऐप के माध्यम से रैली, पब्लिक मीटिंग की अनुमति लेने का आग्रह किया। इसके लिए उन्हें 48 घंटे पहले आवेदन करना होगा।

# ज्वालाजी मंदिर में संस्कृति व संगीत का अनूठा मिलन

### शक्ति मंदिर महोत्सव की अपनी श्रृंखला के तहत एक भक्ति संगीत व नृत्य शाम का आयोजन

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

संगीत नाट्य अकादमी, राष्ट्रीय संगीत अकादमी, नृत्य और नाटक (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था) ने शक्ति मंदिर महोत्सव की अपनी श्रृंखला के तहत एक भक्ति संगीत और नृत्य शाम का आयोजन नवरात्रि में शक्तिपीठ ज्वालाजी में किया। 9 दिवसीय नव दुर्गा का यह महोत्सव डॉ. रीता स्वामी चौधरी, उप सचिव (संगीत) निर्देशन में और डॉ. संध्या पुरेचा की उपस्थिति में ज्वालामुखी शक्तिपीठ मन्दिर ट्रस्ट के सहयोग से परिसर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में कलाकारों ने प्रस्तुति दी, जिसमें शिमला के जीत राम शर्मा ने हिंदुस्तानी स्वर संगीत प्रस्तुत किया। जम्मू-कश्मीर के रतन चंद ने केयूडी नृत्य प्रस्तुत किया और चंडीगढ़ से सुचित्रा मित्रा ने भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया। इसके साथ ही गुजरात की नूपुर नृत्या ने गुजरात का गरबा प्रस्तुत किया। संगीत नाट्य अकादमी की अध्यक्षा डॉ. संध्या पुरेचा ने बताया भगवान श्रीराम का मंदिर बनने पर कला महोत्सव की शुरुआत की गई है।

इन चैत्र नवरात्रों में 9 देवियों के शक्तिपीठों में मंदिर महोत्सव श्रृंखला शक्ति शुरू की गई। आज शक्तिपीठ ज्वालाजी में इसका सफल आयोजन हुआ। इस शक्ति श्रृंखला में भक्ति है, नृत्य, संगीत, लोक नृत्य है। इससे लोगों को जागरूक किया जा रहा है और मंदिरों के प्रति उनकी आस्था को और गूढ़ किया जा रहा है। यह सदियों पुरानी परंपरा है और मंदिरों में शक्ति भक्ति गीत संगीत कार्यक्रम होते आए हैं। यह परंपरा कहीं लुप्त हो रही थी तो अपनी संस्कृति को दोबारा जागरूक और पुनर्स्थापन करने के लिए इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)


शक्तिपीठ ज्वालाजी में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

## ममता व इशांत के नाम रही बैसाखी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या



बैसाखी मेले में प्रस्तुति देते ममता व इशांत भारद्वाज के साथ उनके प्रशंसक।

**अनंत ज्ञान, गरली**

गरली के निकटवर्ती शिवतपो भूमि कालेश्वर महादेव में आयोजित राज्य स्तरीय बैसाखी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या लाखों प्रशंसकों के दिलों में राज करने वाली पहाड़ी लोक गायिका ममता भारद्वाज और इसात भारद्वाज के नाम रही।

एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस स्टार नाइट में बतौर चीफ गेस्ट नादौन के ब्लॉक खंड अधिकारी निशांत शर्मा ने शिरकत की, जबकि इस दौरान मेला प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा, थाना प्रभारी रक्कड़ गुरदेव सिंह अजना शर्मा राजस्व विभाग और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस दौरान ममता भारद्वाज ने रात करीब साढ़े आठ बजे मंच संभालते ही कजरा मोहब्बत वाला, उड़े जब-जब जुलफें तेरी सहित कई पहाड़ी गीत गाकर बैसाखी मेले में चार चांद लगा दिए।

इसके बाद जिला कांगड़ा के मसहूर लोक गायक इसांत भारद्वाज जैसे ही मंच पर पहुंचे तो समूचा पडांल तालियों की गड़गड़ाहट और सीटियों से गूंज उठा। इस दौरान इसांत भारद्वाज ने एक के बाद एक गीत गाकर पंडाल में बैठे दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आलम यह रहा कि इन दर्शकों को काबू करने के लिए पुलिस को भी खूब पसीना बहाना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों को मतदान को लेकर किया जागरूक

**कांगड़ा।** लोकसभा चुनाव 2024 के स्वीप कार्यक्रमों के तहत आज स्वीप नोडल अधिकारी लेख राज ने सुपरवाइजर जगजीवन सिह, बीएलओ गुरमीत सिंह और बीएलओ जीवन सिंह के सहयोग से राजल-73, भरता-74, बोहड़वालू 75 स्थित पोलिंग बूथ पर जाकर 'मेरा वोट, मेरा अधिकार, मेरी जिम्मेदारी' को लेकर लोगों से संवाद स्थापित किया गया। इसके साथ साथ बोहड़वालू स्कूल के छात्र-छात्राओं को सांप सीढ़ी खेल के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों से आहवान किया गया कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही अपने घरों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करें।

### बंदूकें जमा न करवाने वालों के रद्द होंगे लाइसेंस

**जयसिंहपुर।** क्षेत्र के जिन लाइसेंस बंदूकधारियों ने अपनी बंदूकें जमा नहीं करवाई हैं वह 15 अप्रैल शाम तक बंदूकें पुलिस थाने या बंदूक डीलर के पास जमा करवा दें। पुलिस थाना लंबागांव के एसएचओ प्रेमपाल शर्मा ने कहा है कि आर्दश चुनाव संहिता के चलते लाइसेंस बंदूकधारियों को अपनी-अपनी बंदूकें जमा करवाना आवश्यक है। बंदूकें जमा न करवाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करके उनका लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की जाएगी।

### सीनियर सिटीजन फॉर्म की बैठक 16 अप्रैल को

**डाडासीबा।** सीनियर सिटीजन फोरम नंगल चौक की बैठक 16 अप्रैल 2024 को लेक ब्लू मॉडल हाई स्कूल नंगल चौक में रखी गई है। उक्त जानकारी देते हुए सीनियर सिटीजन फॉर्म के प्रधान रतन चंद कोंडल ने अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा सदस्य इस बैठक में भाग लें।

### पपलोई हनुमान मंदिर में भंडारा 23 को

**जयसिंहपुर।** पपलोई हनुमान मंदिर जयसिंहपुर में 14वां विशाल भंडारा 23 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महंत नागाबाबा राजेश्वरी ने बताया कि महावीर हनुमान की पूजा-अर्चना के लिए सभी भक्तजन हर वर्ष की भांति मंदिर पधारें, ताकि पवनपुत्र की महिमा का सभी भक्तजन गुणगान कर सकें। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को रामायण पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा और अगले दिन भंडारे का आयोजन होगा।

### पंजाबी भांगड़ा डाल मोहा सभी का मन



**गगल।** महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल खटेड़ में बैसाखी बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बच्चों को बैसाखी का महत्व बताया। इस अवसर पर बच्चों ने पंजाबी भांगड़ा डालकर सभी का मन मोह लिया।

### बैसाखी पर कैलाशपुर गुरुद्वारा में लगाया भंडारा



**पंचरुखी।** बैसाखी पर पंचरुखी के धार क्षेत्र के कैलाशपुर गुरुद्वारा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने गुरुद्वारा में शीश नवाया व प्रशाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य ईश्वर सिंह ने बताया कि बैसाखी के मौके पर कमेटी द्वारा हर वर्ष भंडारा लगाया जाता है। स्थानीय लोगों ने भंडारे में सहयोग करते हुए लंगर सेवा में अपना पूरा योगदान दिया।

## बैसाखी पर नागराज ने श्रद्धालुओं को दिए दर्शन, जयकारों से गूंजा नाग मंदिर

**सालबिया शर्मा, गरली**

हिमाचल को देवभूमि यूं ही नहीं कहा जाता यहां भगवान को सच्ची श्रद्धा से याद करने पर वह अपने भक्तों को किसी न किसी रुप में दर्शन देकर उनकी हर मन्नत को पूर्ण कर देते हैं।

ऐसा ही अद्भुत नाजारा बैसाखी पदर आज सुबह उपमंडल देहरा के अंतर्गत पड़ते गांब करियाडा के प्राचीन सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक नाग मंदिर परिसर में देखने को मिला। यहां नाग मंदिर में शिवलिंग के साथ अचानक करीब 5 फुट लंबे नागराज प्रकट होकर वहां मौजूद भक्तों को दर्शन देने लगे। बाहर से भी श्रद्धालु मौके पर पहुंच गए और नागराज के जयकारों से पूरा दरबार गूंज उठा। (अनंत ज्ञान)


नाग मंदिर में मौजूद श्रद्धालु।

## रवि ने जीती ढाटी सांबा छिंज की बड़ी माली

**राकेश डोगरा, डरोह**

लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेले के तीसरे दिन डॉ. रविदत्त शर्मा दाड़नी वाले ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और रिबन काटकर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने कमेटी को 31000 रुपए योगदान के रूप में दिए।

मेले में लगभग 160 पहलवानों ने अपनी कुश्ती के जौहर दिखाए। इसमें छोटे पहलवानों ने सांबा केसरी के लिए कुश्ती लड़ी, जिसमें अमन कड़ाहू ने अक्षत को हराकर कुश्ती जीती, जिसे 1100 रुपए इनाम दिया गया। छोटी माली में अनिल जम्मू ने शिवा को हराकर कुश्ती जीती जिसे, 31,000 रुपए इनाम दिया गया। बड़ी माली में रवि रोहतक ने अंकू हाड़ा को हराकर माली जीती, जिसे 71,000 रुपए इनाम के रूप में दिए गए।

मेले में अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवान सिमरन भी आई हुई थी। उन्हें भी सम्मानित किया गया। मेले में हेल्थ विभाग भवारना की ओर से लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 115 मरीजों का चेकअप किया गया। अंत में मेला कमेटी प्रधान व तमाम मेंबर्स ने भवारना पुलिस प्रशासन का, जल शक्ति विभाग का व विद्युत विभाग का मेले में सुचारु रूप से सेवाएं देने के लिए आभार व्यक्त किया। मेले में बहुत से गणमान्य व मेला कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ आसपास व दूर के ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



मुख्यातिथि व छिंज मेला कमेटी सदस्य विजेता पहलवान को इनाम देकर सम्मानित करते हुए।

## दुर्गा भवानी मेले में शिवम ने जीती बड़ी माली

**अजय पाल , पंचरुखी**

ब्लॉक पंचरुखी की मकोल पंचायत में करवाए गए तीन दिवसीय दुर्गा भवानी मेला संपन्न हो गया। मेले के समापन पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। मेला कमेटी ने शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यातिथि को सम्मानित किया। मेले में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें महिलाओं में करवाई गई।

इस दौरान कब्बडी का फाइनल मुकाबला फ्रेंड-7 सुलह व भुआणा के बीच खेला गया, जिसमें भुआणा की टीम विजेता रही। मेला कमेटी की ओर से विजेता टीम को 5100 रुपए और उपविजेता को 3100 रुपए व ट्रॉफी दी गई। वहीं लंबागांव व सलेहरा की टीम में वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें लंबागांव की टीम ने जीत हासिल की। मेला कमेटी की ओर से विजेता टीम को 5100 रुपए और उपविजेता को 3100 रुपए की राशी व ट्रॉफी भेंट की गई। मेले में 10 छोटी व 8 बड़ी कुश्तियां करवाई गई, जिसमें फाइनल मुकाबला विशाल पालमपुरिया व शिवम बिलासपुरिया के बीच खेला गया। दोनों पहलवानो के बराबरी पर रहने से टॉस करवाना पड़ा जिसमें शिवम बिलासपुरिया को विजय घोषित किया गया। चढियार गैस एजेंसी के अध्यक्ष सुशील कुमार की ओर से विजेता पहलवान को 5100 रुपए और उपविजेता को मेला कमेटी की ओर से 3100 रुपए की राशी भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने अपनी ओर से मेला कमेटी को 11000 रुपए दिए। इस मौके पर कमेटी प्रधान कुलवंत डोगरा, उप प्रधान रजिंद्र पाल, ध्रुव देव, मकोल पंचायत प्रधान जय चंद आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

## कल्होली माता मंदिर में बैसाखी मेले का आगाज

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

वर्षों से चले आ रहे कल्होली माता मंदिर में वैशाखी मेले का आगाज आज मेला कमेटी के सदस्यों सहित मुख्य अतिथि बैजनाथ के पूर्व जिला परिषद सदस्य तिलक राज के द्वारा किया गया।

इस दौरान मेले के शुभारंभ पर गांव के लोगों और आस पास के क्षेत्रों से आए हुए सदस्यों का मेला कमेटी ने धन्यवाद किया। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में खेलकूद प्रतियोगिता जैसे, रस्सा कस्सी, मटका फोड़, कुर्सी रेस और युवाओं द्वारा वॉलीबाल, कबड्डी और कुश्ती जैसे अनेकों खेल करवाए जाएंगे। इस बीच आज शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ धरेद से लेकर कलहोली माता मंदिर तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा कलहोली माता मंदिर पहुंचकर मंदिर में पूजा-अर्चना कर इस मेले की शुरुआत की गई।

शोभायात्रा में शिव-पार्वती की झांकी भी निकाली गई। तिलकराज ने मेला कमेटी को सहयोग राशि 11000/- दी। मेला कमेटी अध्यक्ष सरवन भारद्वाज मुख्य अतिथि को साल-टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी सदस्यों में विशन दास, राजेंद्र इंदौरिया, प्रताप चंद, शोंकी राम, आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



मेले के शुभारंभ पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

## शेष साहित्य सदन पपरोला ने करवाई कवि संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ प्रेस परिषद के सभागार में शनिवार को शेष साहित्य सदन पपरोला और लेखक अनुज आचार्य के सह आयोजन में लुधियाना, पंजाब के कवि, साहित्यकार एवं प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र सिंह साहिल की अध्यक्षता में एक बहुभाषी कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बैजनाथ, पालमपुर और फरीदाबाद के लगभग 30 साहित्यकारों ने शिरकत की।

इस मौके पर गीतकार एवं संगीतकार शक्ति चंद राणा की नई एल्बम चम्बियाली नथ का पोस्टर भी रिलीज किया गया। इस कवि सम्मेलन में नूतन दीक्षित व्यास, रमेश कटोच, आशुतोष राही मंच संचालक, हाकम भारद्वाज, राकेश रैना, सुदेश दीक्षित, सुरेश लता अवस्थी, डॉ. सत्येंद्र, संजय मेहरा, कुमारी रविंद्रा, अनीता भारद्वाज, गीतांजलि, मंजू शर्मा, सुमन बाला, कर्नल विवेक सिंह, अजय अज्ञात, अरविंद असर, प्रदीप गर्ग पराग, शशि गर्ग, निर्मला शर्मा, दिनेश यादव, ओम प्रकाश राणा, डॉ. रंजीत जीवन कौर, अनुज आचार्य और शक्ति चंद्र राणा ने काव्य पाठ कर सामाजिक सरोकारों भ्रष्टाचार, बेटी सम्मान एवं मानवीय भावनाओं को शाब्दिक अभिव्यक्ति प्रदान की।

**शिकंजा** दाड़ी मेले में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कर रहे दुकानदार

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने काटे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दाड़ी मेला ग्राउंड में चल रहे धुम्मू शाह मेले के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर नुकेल कसने को लेकर करीब 3 दर्जन दुकानों तथा रेहड़ियों की जांच की और नियमों की अवहेलना करने वाले दुकानदारों के चालान काटे गए।

हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वैज्ञानिक अधिकारी सतविंद्र कौर की अगुवाई में की गई इस कार्रवाई के दौरान 35 दुकानों तथा रेहड़ियों में रखे गए सामान की व्यापक जांच के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के कांटे व चम्मच बरामद हुए, जिस पर 2 दुकानदारों के चालान काटे गए तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों को कब्जे में ले लिया। इस दौरान वैज्ञानिक सतविंद्र कौर ने मेले में आए दुकानदारों से आह्वान किया कि प्रदेश में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों का प्रयोग न करें तथा ऐसा पाया जाने पर प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कड़ी कारवाई की जाएगी।


चालान करतीं वैज्ञानिक सतविंद्र कौर तथा पकड़े गए सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद।

## चुनावी चुटकी

### शेर अब दहाड़ चुका है

शेर अब दहाड़ने लगा है, विरोधी सामने कांपने लगा है। पिछली दफा जब दहाड़ा था, विरोधियों का सीना फाड़ा था। शेर फिर ललकारा है, अब देना जवाब करारा है। बिल्ली अब खंभा नोच रही है, खिसयानी वो हो चुकी है। शेर भले ही घायल है, लेकिन पहाड़ उसका कायल है। गमों के समुद्र ने बेशक उसको घेरा है, लेकिन जनता के दिलों में उसका बसेरा है। समय ने जोर से उसे पुकारा है, तुम ही इस जंग का मुख्य सहारा हो। शेर भी अब जाग चुका है, शिकार पर नजरें गाड़ चुका है। किसने जंगल में खराब की यह कहानी है, कौन छेड़ गया चैलेंज की निशानी है। ऊना से लगाई यह दहाड़ है, कब्जे में हमारे यह पूरा पहाड़ है। दिलों में कुछ भ्रम पाल चुके थे, शेर नहीं दहाड़ेगा यह मान चुके थे। भागने की गलती कर दी है, अब शेर ने भी छलांग भर दी है। बचना हो गया सबको भारी है, यह शेर तो निकला बड़ा शिकारी है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी जंगल में सब देख रहा है, शेर क्या कहर बरपाएगा ऐसा ही कुछ सोच रहा है। पहले भी जब शेर दहाड़ा था, अकेले दम पर खेल सबका बिगाड़ा था। कुर्सी की तो यह कहानी थी, कुछ ने कर दी मनमानी थी। इस जंगल में होने वाला कोई घमासान है, शेर से जीत पाना कौन सा आसान है।

### चूना फिर से ठगने लगा है

**पिछला** चुनावी सीन फिर दोहराया जाने लगा है, पुरानी सियासी पिच पर चूना लगाया जाने लगा है। यहीं से फिर चुनावी सफर की तैयारी है, चूना वही पुराना आया है, लेकिन लगाने वाला अबकी कोई नया आया है। दिल्ली के लिए मैदान सजाया गया है, तभी तो चुना इंपोटर्ड मंगवाया गया है। अब चूना क्यों लगाया है, उसका नक्शा भी सबको दिखाया है। नक्शे से आगे भी बढ़ेगी क्या कहानी, या फिर से हो जाएगी बेमानी। जनता अब कुछ समझ रही है। आपस में बातें कर रही है। चूना भी लगाया जा रहा है, लगता है कोई चुनाव आ रहा है। हलचल नेताओं की बढ़ने लगी है, जरूरत अपनी अब पड़ने लगी है। भीड़ जुटाने के लिए नया नहीं यह किस्सा है, चुनावी चूना भी उसी का एक हिस्सा है। दरिया किनारे चूना लगाकर होने लगा एक वादा है, अब फिर इस चूने से जनता को ठगने का इरादा है। जहां जहां लगा यह चूना ताजा है, समझो वोट वहां बहुत ज्यादा है। नेता जी को हो चुका पूरा विश्वास है, जनता की आंखों में डाला चूना अब खास है। असर इतना कर चुका है, अंधा कइयों को कर चुका है। चुनावी चूने की यह जो कहानी है, कोई नई नहीं बहुत पुरानी है। जिसने पहले चूना लगवाया था, वह वापस शिमला से न आया था, अब दिल्ली का यह चूना है, बदला इसका नमूना है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ को अब लग रहा है, हर चुनाव में जनता को कोई ठग रहा है। चूना सियासी खेल है, अब तक न पहुंची रेल है। चूना जिसने भी लगाया था, उसने झील पर पुल का सपना ही तो दिखाया था। -राजेश शर्मा

## हिमाचल विधानसभा चुनाव पर एक नजर

| जिला | सीटें | वोट प्रतिशत | जिला | सीटें | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| चंबा | 05 | 73.90 | ऊना | 05 | 76.91 |
| कांगड़ा | 15 | 71.91 | बिलासपुर | 04 | 76.44 |
| लाहौल-स्पीति | 01 | 73.74 | सोलन | 95 | 77.08 |
| कुल्लू | 04 | 76.98 | सिरमौर | 05 | 79.91 |
| मंडी | 10 | 75.31 | शिमला | 08 | 72.95 |
| हमीरपुर | 05 | 71.80 | किन्नौर | 01 | 72.56 |
| | | | कुल | 68 | 75.60 |

विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान प्रदेश में 75.60 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा मतदान सिरमौर जिले (79.91 प्रतिशत) में हुआ था।




गोहर। 'स्वीप' टीम नाचन द्वारा कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में जाकर मतदान के लिए जागरूक किया।

# भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में बड़ी दरार, विस्फोट शीघ्र : सुरेश

## ऊना के चिंतन शिविर में 6 बिकाऊ एमएलए पर हुई चर्चा, अब टिकट बदलने का दबाव

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**हिमाचल** कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि प्रदेश भाजपा में बड़ा विस्फोट शीघ्र ही होने वाला है। 6 बागी विधायकों के मामले को लेकर इस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में बड़ी दरार आ चुकी है। ऊना में हुई पार्टी की चिंतन बैठक में नेताओं ने जो संशय जाहिर की है, उससे अब यह भी लग रहा है कि जिन 6 बागी विधायकों को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है, उनके टिकट बदले जा सकते हैं।

शनिवार को हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुरेश ने कहा कि न केवल हमीरपुर, बल्कि प्रदेश की जनता बगावत के इस कृत्य को बिलकुल भी पसंद नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने सुजानपुर के एक कार्यक्रम में सच्चाई को उजागर करने का जो दम भरा है, उससे तो अब यह साफ हो गया है कि भाजपा के अंदर विस्फोट की स्थिति मुकम्मल तौर पर तैयार हो चुकी है। धूमल ने कहा है कि अमीर व्यक्ति बिकता है, गरीब कभी नहीं बिकता। धूमल ने साफ संकेत दे दिया है। सुक्खू सरकार को जिला की जनता मजबूत करना चाहती है। बहुमत को और पक्का करने की ओर पूरा इशारा कर चुकी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष सुमन भारती, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर, अरुण ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### 'धूमल के अमीर और गरीब पर दिए बयान से हुई है पुष्टि'



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार और अन्य।

### जयराम ठाकुर हंसी का पात्र बन रहे

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार कहा ने कि जयराम ठाकुर हंसी का पात्र बन रहे हैं, जो बार-बार यह कह रहे हैं कि 4 जून के बाद हिमाचल की कांग्रेस की सरकार गिर जाएगी। उनके पास आखिर कौन सा आंकड़ा है। क्या वे 34 के मुकाबले में 25 की संख्या के आंकड़े को इससे जोड़ रहे हैं। सारी सीटें भी जीत लें तब भी संभव नहीं है, लेकिन भाजपा ने जिन्हें उतारा है, वह जिताऊ नहीं हैं, केवल बिकाऊ हैं और जनता भाजपा को पूरा सबक सिखाएगी।

### सत्ता प्राप्ति के लिए छटपटा रहे जयराम ठाकुर

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर सत्ता प्राप्ति के लिए छटपटा रहे हैं। सत्ता सुख का सपना उनका कभी पूरा नहीं होगा। तीन निर्दलीय विधायक पूरी तरह कटघरे में खड़े हो चुके हैं। वे मौजूदा हालात में दोषी हैं। क्योंकि उन्होंने अनावश्यक चुनाव थोपा है। उन्होंने मांग की कि इन विधायकों को अगले 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ पाने के लिए प्रतिबंधित किया जाए और इन्हीं से चुनावों का पैसा भी वसूल किया जाना चाहिए, जिसका बोझ जनता पर पड़ा है।

### राजेंद्र राणा को सीएम के बारे पूछने का हक नहीं

उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू शिमला में रहते हैं या नहीं, यह हक तो राजेंद्र राणा को पूछने का किसी ने नहीं दिया। क्योंकि जनता तो उनसे पूछ रही है कि वे चंडीगढ़ में कितना समय रहते हैं और सुजानपुर में कितना। यह अब पूर्व मुख्यमंत्री धूमल के चरणों में गिरकर गिड़गिड़ा रहे हैं। जीत के उन्हें लाले पड़े हुए हैं, लेकिन भाजपा के भीतर जो दरार आ चुकी है, उसका विस्फोट अब बहुत जल्दी होकर ही रहेगा।

## बिना स्क्रिप्ट के राजनीतिक स्टेज पर कुछ भी बोल रही कंगना : संजय अवस्थी

**शिमला** । भारतीय जनता पार्टी की मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कंगना रनौत लगातार कांग्रेस पर सियासी हमला बोल रही है। ऐसे में प्रदेश के कांग्रेस नेता भी कहीं न कहीं अपने आप सहित पार्टी को डिफेंड करने में पीछे नहीं हट रहे हैं। प्रदेश व देश की सुर्खियों में बनी कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर भी लगातार निशाना साध रही है। कंगना लगातार अपने बयान में कह रही हैं कि उन्हें टिकट देने की वजह से कांग्रेस को मिर्च लग रही है। इस पर हिमाचल कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने पलटवार किया है। हिमाचल कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा कि कंगना रनौत बिना स्क्रिप्ट के राजनीतिक स्टेज पर कुछ भी बोल रही है, इसलिए वह इस तरह की बातें करती हुई नजर आ रही हैं। कंगना रनौत को अब रील और रियल लाइफ का अंतर समझ आ रहा है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत को यह बताना चाहिए कि वह सांसद बनने के बाद इलाके की जनता के लिए क्या करेंगी, लेकिन कंगना रनौत का ध्यान सिर्फ और सिर्फ व्यक्तिगत टिप्पणी पर ही है।



### सीएम सुक्खू के नेतृत्व में सरकार पूरी तरह मजबूत

**संजय** अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में सरकार पूरी तरह मजबूत है और चुनाव परिणामों के बाद और भी मजबूती के साथ उभरेगी। भाजपा का दोहरा चरित्र अब प्रदेश के लोगों के सामने पूरी तरह आ गया है। विधानसभा के अंदर कांग्रेस की गारंटियों को पूरा करने को लेकर शोर करने वाली भाजपा ने महिलाओं को 15,00 रुपए की सम्मान निधि की गारंटी जारी करने पर रोक लगाकर उनका महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को ओपीएस बहाल कर कांग्रेस सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट में जो तोहफा कर्मचारियों को दिया है, वह ऐतिहासिक है. अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत में है. उन्होंने कहा कि 4 जून को जब उपचुनाव के परिणाम आएंगे, तब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार और अधिक मजबूत हो जाएगी।

## नड्डा व जयराम ने धूमल और अनुराग को राजनीतिक नुकसान पहुंचाने का काम किया : प्रेम कौशल

अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर

हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने हमीरपुर के तमाम बड़े नेताओं को राजनीतिक तौर पर समाप्त करने की साजिश को अंजाम देने का प्रयास किया है।

प्रेम कुमार धूमल और अनुराग ठाकुर को राजनीतिक नुक्सान पहुंचाने तथा प्रदेश की सत्ता में काबिज होने की मंशा से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश रची गई।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला तथा इस संसदीय क्षेत्र के नेताओं को चाहे वे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हों, या फिर प्रेम कुमार धूमल एवं अनुराग ठाकुर हों। अपनी इस साजिश के तहत इन तमाम बड़े नेताओं को खत्म करने का खेल खेला गया और इसी कड़ी में हमीरपुर जिला एवं संसदीय क्षेत्र से जुड़े कांग्रेस तथा निर्दलीय विधायकों की खरीद-फरोख्त कर एक सोची समझी रणनीति के तहत भाजपा में शामिल करवाया गया।



प्रेम कौशल मुख्य प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस।

कौशल ने कहा कि नड्डा और जयराम ठाकुर की इस कूटनीति को प्रदेश और विशेषकर हमीरपुर की जनता ने अच्छी प्रकार समझ लिया है और अब चुनावों में इस षडयंत्र का जवाब देगी। विधायक तथा नेता तो अपना ईमान बेच सकते हैं, परंतु यहां की जनता इस संसदीय क्षेत्र और जिला से मुख्यमंत्री को किसी भी कीमत पर ऐसे षडयंत्रों का शिकार नहीं होने देगी।

लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देकर मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस सरकार को मजबूती प्रदान करने के साथ ही जनादेश का अपमान करने वालों को भी मुंहतोड़ जवाब देगी।

## कंगना को देवभूमि की जनता का आशीर्वाद, जिताकर भेजेंगे दिल्ली : जयराम

**मंडी** । पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत को देवभूमि की जनता का आशीर्वाद है और उन्हें रिकार्ड वोटों से जीताकर दिल्ली भेजा जाएगा।



जयराम ठाकुर ने शनिवार को मंडी संसदीय क्षेत्र के जोगिंद्रनगर में एक जनसभा में कहा कि कांग्रेस के हाल इस समय खराब है। कोई चुनाव के लिए आगे नहीं आना चाह रहा है। हर कोई दूसरे को धकेल रहा है। हम आपके सामने हैं, हिमाचल की बेटी कंगना आपके सामने हैं, जो भी आएगा उससे हम आपके आशीर्वाद से पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे और जीतेंगे। इस समय सरकार भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में विकास के सारे काम ठप हैं। आज तक प्रदेश में ऐसी सरकार नहीं आई, जब डेढ़ साल में ही लोग सरकार से त्रस्त हो जाएं।

## हिमाचल में भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए नियुक्त किए चुनाव प्रभारी

**शिमला**। हिमाचल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा एक्टिव मोड में आ गई है। भाजपा ने सभी सीटों पर चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। हिमाचल भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने लाहौल-स्पीति में पूर्व बागवानी मंत्री महेंद्र सिंह को चुनाव प्रभारी बनाया है। धर्मशाला में पवन काजल को चुनाव प्रभारी का जिम्मा दिया गया है। देहरा विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर को सौंपी गई है।

गगरेट विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक राजेश ठाकुर को भाजपा ने चुनाव प्रभारी बनाया है। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती को प्रभारी बनाया गया है। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश जम्वाल को चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विधायक त्रिलोक जम्वाल को चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी को सौंपी गई है। नालागढ़ की जिम्मेदारी सुरेश चंदेल को दी गई है।

## कांग्रेस में वापसी के साथ राकेश कालिया की होगी चुनावी पिच पर भी वापसी

अनंत ज्ञान, गगरेट

हिमाचल प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में विधानसभा क्षेत्र गगरेट से प्रदेश सरकार के साथ-साथ कांग्रेस द्वारा करवाए गए सर्वेक्षण में सबसे ऊपर रहने के बाद कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार राकेश कालिया प्रदेश कांग्रेस की ओर से दो बार आए आब्जर्वर के समक्ष कार्यकर्ताओं की हुई परेड में भी सबसे आगे रहे हैं।

हालांकि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में होने वाली बैठक के बाद ही प्रत्याशियों के नाम तय होंगे, लेकिन अगर सर्वे को आधार बनाया गया तो राकेश कालिया की कांग्रेस में वापसी के साथ ही चुनावी पिच पर वापसी भी लगभग तय ही है। बेशक कांग्रेस के समक्ष टिकट के ऐलान के साथ उठने वाली विरोध की ज्वालाओं को शांत करने की चुनौती भले रहेगी लेकिन कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को यकीन है कि इस चुनौती से भी पार पा लिया जाएगा।



दरअसल प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों में अप्रत्याशित तौर पर आए उपचुनाव को लेकर भले ही राजनीतिक दल तैयार नहीं थे, लेकिन चैतन्य शर्मा को भाजपा द्वारा प्रत्याशी घोषित करते ही राकेश कालिया द्वारा जिस प्रकार भाजपा से त्यागपत्र दिया गया वह कालिया के लिए भी इस खेल में टर्निंग प्वाइंट माना जा रहा है।

राकेश कालिया के भाजपा को अलविदा कहते ही विधानसभा क्षेत्र गगरेट में यह हवा फैल गई कि चैतन्य शर्मा को राजनीति के हैवीवेट खिलाड़ी राकेश कालिया ही टक्कर दे सकते हैं। यही वजह रही कि इलाके में उनका नाम जंगल की आग की तरह इतनी तेजी से फैला कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट में कांग्रेस की ओर से संभावित प्रत्याशी को लेकर जितने भी सर्वे हुए उनमें राकेश कालिया का नाम सबसे ऊपर आया।

**सियासत** बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट के लिए स्थानीय प्रत्याशी को भी भेजा जा रहा

# विद्रोह की चिंगारी खाक कर सकती है भाजपा की 'विजय पताका'

सन्नी पुरी, गगरेट

कांग्रेस टिकट से विधानसभा का सफर शुरू करने वाले चैतन्य शर्मा बेशक इस बार भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में हैं, लेकिन इस बार उनकी राह उतनी आसान नहीं दिख रही है जितनी पिछले विधानसभा चुनाव में थी।

बेशक पूर्व विधायक राजेश ठाकुर द्वारा खेले गए मास्टर स्ट्रोक से भाजपा में सुलगी विद्रोह की चिंगारियां समय रहते शांत हो गईं, लेकिन इन चिंगारियों की राख अभी तक शांत नहीं हुई है। यही वजह है कि चुनाव प्रचार के फुल स्विंग में आने से पहले चैतन्य शर्मा बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट में जुट गए हैं।

कांग्रेस के छह बागी पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होते ही उपचुनाव के मुहाने पर खड़े हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान होने से ठीक दो माह पहले ही टिकट का ऐलान कर भाजपा ने इन प्रत्याशियों को अपनी फील्ड सजाने के लिए पूरा समय तो दे दिया, साथ ही भाजपा समय रहते विद्रोह दबाने में भी कामयाब रही।



अब राख के नीचे सुलग रहे शोले कैसे शांत होंगे इसे लेकर रणनीति बनाई जा रही है। तय रणनीति के अनुसार जिन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हो रहे हैं वहां पर भाजपा के दिग्गज नेता अभी तक नहीं उतारे गए हैं। इसके स्थान पर अब बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट के लिए स्थानीय प्रत्याशी को भी भेजा जा रहा है। गगरेट भाजपा में कुछ स्थानीय नेता ऐसे भी हैं जिनके आक्रोश को संभाल पाना उतना आसान नहीं जितना दिख रहा है। द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट के प्रधान भले ही भाजपा से जुड़े रहे हैं, लेकिन जिस प्रकार वह खुलेआम मुखर स्वर उगल रहे हैं उससे साफ है कि उन्हें साथ चला पाना भाजपा के लिए भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

यही नहीं बल्कि सतीश गोगी सरेआम राकेश कालिया को कांग्रेस टिकट दिए जाने की वकालत कर रहे हैं। भाजपा के अंदर की सच्चाई यही है कि कभी खुद को हाशिए पर खड़ा देख रहा भाजपा का एक धड़ा तो चैतन्य शर्मा के साथ खुलकर हो गया है, लेकिन एक धड़ा ऐसा भी है जो खुलकर चैतन्य शर्मा के समर्थन में नहीं उतरा है। बेशक भाजपा के दिग्गज नेता उपचुनाव में छह की छह सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं, लेकिन उपचुनाव की यह जंग अंगारों से नंगे पांव गुजरने जैसी ही लग रही है।

अगर कांग्रेस गगरेट में धड़ों में बंटी हुई नजर आ रही है तो बाहर से शांत दिखने वाली भाजपा के अंदर भी सब कुछ ठीक नहीं है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि उपचुनाव की यह तलवार ऐसी दोधारी तलवार है कि हवा का रुख किसी एक तरफ पलटा तो दूसरी तरफ का गला कटना तय है। (अनंत ज्ञान)

## दलगत राजनीति से उठकर कांग्रेस को वोट करें भाजपा कार्यकर्ता : रायजादा

**अंब** । हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश की राजनीति में हुए घटनाक्रम के पीछे भाजपा का हाथ था। भाजपा ने कांग्रेस की जनबल की सरकार को धनबल के साथ गिराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग का सच प्रदेश की जनता जानती है।



इसमें कोई दो राय नहीं कि पैसों का लेनदेन हुआ। वोटिंग के लिए भाजपा द्वारा पैसा दिया गया और बागी विधायकों द्वारा पैसा लिया भी गया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता से दलगत राजनीति से उठकर कांग्रेस को वोट करने के लिए कहा। क्षेत्र के विधायक सुदर्शन बबलू ने राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

## युवा मतदाता



युवाओं को नेताओं के चेहरों पर नहीं, नीतियों के आधार पर मतदान करना चाहिए। जिस नेता की नीतियां जनता के लिए अच्छी होंगी, जनता उसको वोट करेगी। हिमाचल प्रदेश का युवा पढ़ा-लिखा है। उसको पता है कौन उनके लिए बेतहर विकल्प हो सकता। -रीतू ठाकुर(शिमला)



अनिल ठाकुर (शिमला)

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने युवाओं से दो करोड़ नौकरियों का वायदा किया था। अब इस पर कोई काम नहीं हुआ है और अब तक युवा बेरोजगार सड़कों पर घुमने के लिए मजबूर है। बेरोजगारी बीते 10 वर्षों में अपने चरम पर है।

## महिला मतदाता



मतदान सोच समझकर करना चाहिए। मतदान ही हमारा भविष्य तय करता है। मैं हर बार अपने परिवार के साथ मतदान करने जाती हूं। इस साल भी मतदान करने जरूर जाउंगी और अच्छा उम्मीदवार चुनने में अपना योगदान दूंगी। इससे एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण होगा। -सीमा शर्मा (बड़सर)



शालू देवी बलद्वाड़ा (मंडी)

मंडी संसदीय क्षेत्र में कई समस्याएं मुंह बनाए खड़ी है। आज तक मंडी को कोई ऐसा सांसद नहीं मिला जिसने सांस्कृतिक नगरी मंडी को लेकर संसद या सरकार के समक्ष प्रोजेक्ट पेश किया हो। ऐसे में सांसद ऐसा होना चाहिए जो मंडी को लेकर सच में ही गंभीर हो ।

## पुरुष मतदाता



**लोकसभा** चुनाव में लोग मोदी को वोट डालेंगे। इंटर नेशनल पॉलिसी की अगर बात करें तो इसमें मोदी का योगदान अहम है। वहीं, राम मंदिर का ही उदाहरण लेते है तो मोदी ने ऐसा काम किया है जिससे लोग कभी नहीं भूल सकते हैं। - अजय शर्मा, (शिमला)



छत्र सिंह द्रंग (मंडी)

मंडी का सांसद ऐसा होना चाहिए जो संसद में हिमाचली जड़ी बूटियों का मुद्दा उठा सके। हिमाचल की बेशकीमती जड़ी बूटियों की तस्करी की जा रही है। कुछ लोग इनका चोरी छुपे व्यापार भी कर रहे हैं, तो कुछ लोग लाइसेंस लेकर बेच रहे हैं। इस तरह हिमाचल की संपदा धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। न तो प्रदेश इस ओर ध्यान दे रही है और न ही प्रशासन। सांसद को चाहिए कि वह संसद में इस पर कानून पारित करवाए ।



विश्व भर में देश का नाम रोशन हुआ है और आने वाले समय में मजबूत नेतृत्व ही देश को मजबूत कर सकेगा। केंद्र सरकार ने हर वर्ग के बारे में सोचा है। और हर वर्ग आज केंद्र की जनकल्याण नीतियों का फायदा उठा रहा है। हमारा मतदान देश हित में होगा। सभी लोगों को मतदान करना चाहिए और एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। -अशोक कुमार (हमीरपुर)



संजीव कुमार बड़सर)

बेरोजगारी दर बहुत अधिक हो गई है। रोजगार के लिए पढ़े-लिखे युवा दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है।इस बार रोजगार के नाम पर वोट डालेंगे। किसी भी नेता ने रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं करवाए हैं।देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। रोजगार के लिए भी सरकार को सोचना चाहिए।



कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी से आम जनता जूझ रही है। केंद्र सरकार उक्त मुद्दों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। युवाओं की आगामी चुनावों में अहम भूमिका रहेगी। प्रदेश में हुई दलबदल बेहद निराशाजनक है। सरकार को अपना कार्यकाल पूरा करने का पूरा मौका मिलना चाहिए। -सन्नी जम्वाल (धर्मशाला)



डॉक्टर जवाहर ठाकुर (रोहड़ू)

केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून बनाए जा रहे थे जिससे किसानों को ही लाभ मिलना निश्चित था, लेकिन कुछ वामपंथी किसानों के षडयंत्र से यह पास नहीं हो सके। किसान हित के लिए कुछ परिवर्तन कर यह तीन कृषि कानून बहुत ही आवश्यक थे जिससे किसानों की आय और उसका उत्थान निश्चित था।



सरकारों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र पर अधिक कार्य करने की जरूरत है। जो भी पार्टी अथवा प्रत्याशी उक्त मुद्दों पर कार्य करने का वादा करेगा, उसे मतदान करने पर विचार किए जाएगा। जनता सरकार चुनती है और यदि उसे गिराने का प्रयास किया जाए तो यह बेहद गलत है। -सिद्धांत सोनी (पालमपुर)

# बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस

## की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अभिजीत जम्वाल
भाजपा नेता

मै. जम्वाल फिलिंग स्टेशन, ज्वाली
मै. शिव शक्ति स्टोन क्रशर, त्रिलोकपुर

बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सुखविंदर सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री हि.प्र.

कर्ण सिंह पठानिया (मालटू)
जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी

बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**TRIPTA PUBLIC SCHOOL**

Affiliated to CBSE New Delhi (Aff. No. 630185)

वरिंदर नरयाल
चेयरमैन टीपीएस

राकेश राणा
प्रिंसिपल टीपीएस
स्कूल चलवाड़ा

VPO Chalwara, Tehsil Jawali, Distt. Kangra (H.P.)
Contact: 01893-292322, 88940-77206, 98055-68833
Web: www.tpseducation.com, E-mail: tpsschool2012@gmail.com

## मुरारी माता स्टोन क्रशर

### लारजी कुल्लू, हि.प्र.

की ओर से

बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

## R.K. CONSTRUCTION CO. JASSUR, (H.P.)

की तरफ से

बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

स्व. श्री आर के महाजन | योगेश महाजन | गौरव महाजन

IndianOil इंडियनऑयल

बैसाखी पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## Jawali Filling Station Bhoi Jawali

**Rajat Automobile**
Auth. Dealer : Opollo CEAT & Esconts Ltd.

CEAT apollo ESCORTS

**SHIVAM PETRO DEALS**
Jawalamukhi,
M.: 98160-93899

रजत ठाकुर
समाजसेवी व व्यवसायी
एवं सरकारी ठेकेदार
मो.: 94184-93889
Owner of Hot Mix Plant
E-mail : rajatthakur_govtcont@yahoo.com

H.O. Bhoi (Jawali) Distt. Kangra (H.P.)
Tel. 01893-263157, Mob. 9816039899

## N G PROJECTS FOUR LANE COMPANY JAWALA JI, M/S SUBASH CHOUDHARY

की तरफ से

बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

राजीव कालिया
खनन अधिकारी जिला कांगड़ा

सुभाष चौधरी
राजस्थान, इंडिया

बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## RAVI AGRO

Manufacturer of
Fresh Mushroom
Canned Mushroom
Mushroom , Compost
Processed Food Products etc.

Ravinder Kumar

Vill. Bhol, P.O. Makrahan, Tehsil Jawali, Distt. Kangra (H.P.)
Mob. 9418064273, 8219471039

बैसाखी पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## श्री लक्ष्मी नारायण एस्ट्रो सैंटर

नजदीक रेलवे फाटक ज्वाली
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**Pt. VIPIN SHARMA**
**ASTROLOGER**
**INTERNATIONAL GOLD MEDALIST**

सोमवार से शुक्रवार : नजदीक रेलवे फाटक ज्वाली
शनिवार व रविवार : नजदीक डॉ. अजय महाजन डलहौजी रोड़, पठानकोट

अध्यक्ष : अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष युवा मंच (रजि) इकाई हि.प्र.

Mob. 9816484986, 7973840514

HFM

बैसाखी पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## HIMACHAL FLOUR MILLS PVT. LTD.

(SINCE 1973)

MANUFACTURER OF
ATTA, MAIDA, SOOJI, DALIA
HANS BRAND & HFM NATURE'S BOUNTY (TRADE MARK)
ATTA, MAIDA, SOOJI, DALIA, BESAN & BRAN

Mr. Jagmohan Lal Gupta (Vice President) | Mr. Ajay Gupta (Director) | Mr. Yogesh Gupta (Director)

CONTACT DETAILS :- TANDA ROAD, DISTT. KANGRA (H.P.)
Phone No : +91-1892-265041,265152, Fax No : +91-1892-265984, Email Id : info@himachalflourmills.com Website : www.himachalflourmills.com

An ISO 22000:2018 FSMS Certified Company | An ISO 9001:2015 QMS Certified Company

बैसाखी पर्व व हिमाचल दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

VISHAL ACHARYA
Govt. Contractor

V.P.O. SAGOOR, TEH. BAIJNATH, DISTT. KANGRA (H.P.)

## न्यूज ब्रीफ

### चुनावों को लेकर युवाओं में भरा जोश



युवा कांग्रेस की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**सुजानपुर।** युवा कांग्रेस की बैठक सुजानपुर में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने की, जिसमें चुनाव प्रभारी युवा राष्ट्रीय संयोजक डॉ. केवल शर्मा ने भी भाग लिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा और जिन-जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, वहां पर कांग्रेस की विजय निश्चित है। उन्होंने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि युवा आज से ही आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाएं और सुक्खू सरकार की जनहित तहसील स्कीमों के बारे में लोगों को घर-घर जाकर जानकारी दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जो भी कार्य लोगों के उत्थान के लिए किए है, उनकी जानकारी युवाओं तक पहुंचाएं। इसके अलावा बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवारों को जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर पूर्व युकां अध्यक्ष सचिन ठाकुर, रितेश ठाकुर, सुमित, विशाल राणा, सन्नी, विकास केशव उपस्थित रहे। इस अवसर पर आगामी चुनावों की रणनीति बनाई गई और युवाओं को चुनावों बारे जिम्मेदारियां दी गईं।

### भरेड़ी कस्बे को नगर पंचायत का मिले दर्जा


बैठक में उपस्थित राजेंद्र सिंह व अन्य।

**भरेड़ी।** भोरंज के भरेड़ी कस्बे में दीन हित प्रयास संस्था की बैठक का आयोजन बीडीसी चेयरमैन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गारला की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें भरेड़ी कस्बे को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग की गई तथा संस्था के मापदंडों पर निर्धारित बच्चों की फीस के लिए निर्णय लिया गया, जिसमें उत्तम चंद पुत्र सुरेश कुमार कक्षा आठवीं, भारती पुत्री अमर सिंह कक्षा 12वीं, प्रियंका कक्षा दसवीं, चिराग कक्षा सातवीं, कंचन कक्षा 11वीं की फीस में सहायता देने का निर्णय लिया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच विद्यासागर शर्मा, कुलवंत रॉय, रमेश चंद नेगी, राकेश अत्री, योगेंद्रपाल शर्मा, अजित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### स्नेक सेवर ने पकड़ा खतरनाक कोबरा सांप



**सुजानपुर।** हमीरपुर के साथ लगते गांव बडू में निवासी विनोद ठाकुर के घर के पास एक कोबरा सांप लगभग एक साल से घर के पास डेरा जमाए हुआ था। लगभग 5 फीट लंबा यह कोबरा अकसर घर में रहने वाले लोगों को रास्ते में दिखाई देता था। यह सांप घर के आसपास दिखाई देता था तथा कुछ ही क्षणों में आंखों से ओझल हो जाता था। जहरीला सांप घर के पास होने के चलते पारिवारिक सदस्यों की नींद हराम हो गई थी। स्नेक मैन के नाम से मशहूर पेशे से शिक्षक माथुर धीमान ने एक परिवार को कोबरा सांप के आतंक से मुक्ति दिलाई है।

# सड़क के दोनों तरफ बनाई पार्किंग से खतरा

## हमीरपुर से अणु की ओर जाने वाली सड़क पर दोनों तरफ पार्क किए जा रहे वाहन

अनिल कुमार, हमीरपुर

शहर में वाहनों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिससे वाहन पार्क करना किसी चुनौती से कम नहीं है। वैसे तो शहर में दर्जन भर सरकारी व निजी पार्किंग की व्यवस्था की गई है, लेकिन फिर भी कई वाहन चालक सड़क किनारे गाड़ियों को पार्क करके अपने काम के लिए चले जाते हैं।

वाहन चालकों का यह हाल है कि शहर के साथ लगती डांग क्वाली और अणु की ओर जाने वाली सड़क किनारे वाहनों को पार्क कर अपने पैसे बचा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन सड़कों पर है जहां पर सड़क के दोनों ओर गाड़ियां पार्क की जा रही हैं। मुख्यत मोड़ पर गाड़ी पार्क करना दुर्घटना को न्योता देना है। मोड पर पार्क की गई गाड़ियों से किसी भी समय हादसा हो सकता है।

16 अप्रैल से सभी स्कूल भी प्रापर तरीके से शुरू हो जाएंगे ऐसे में स्कूल बसें भी इन जगहों से गुजरती है। सबसे बड़ी समस्या अणु की ओर जाने वाली सड़क पर है यहां पर मोड़ पर दोनों तरफ गाड़ियां पार्क कर अपने काम के लिए चले जाते हैं और पूरा दिन यहां पर गाड़ियां खड़ी रहती हैं जिस कारण किसी भी वक्त दुर्घटना हो सकती है। अणु की ओर जाने वाली वाहन चालकों को पूरी सड़क नजर नहीं आ रही है, वहीं दोनों तरफ गाड़ियां खड़ी होने से पास लेने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वैसे तो अणु की ओर जाने वाली सड़क पर ट्राला स्टेंड बनाया गया है। यह ट्राला स्टैंड कम पार्किंग स्थल ज्यादा लगता है।


अणु की ओर जाने वाली सड़क के मोड़ पर दोनों तरफ पार्क की गई कारें।

### क्या कहते हैं एएसपी

**इस** बारे में एएसपी राजेश सिंह ने बताया कि वहां पर खुला स्थान है और यदि दोनों तरफ गाड़ियां पार्क की जा रही है तो इसके बारे में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस को इस बारे में निर्देश दिए जाएंगे।

इसके अलावा डांग क्वाली में भी सड़क किनारे कार पार्क करने से दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। हालांकि यातायात पुलिस द्वारा समय पर सड़क किनारे पार्क किए वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, लेकिन फिर कई वाहन चालक यहां पर कार पार्क कर रहे हैं जो दूसरे वाहन चालकों के लिए किसी खतरे से कम नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

# मेडिकल कॉलेज में पहुंचने लगे आई फ्लू से संक्रमित मरीज


मेडिकल कॉलेज में लगी मरीजों की भीड़।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

गर्मियों का मौसम शुरू होते ही मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में आई फ्लू से संक्रमित मरीज पहुंचना शुरू हो गए हैं। ओपीडी में प्रतिदिन 10 से 15 मरीज पहुंच रहे हैं।

गौर रहे कि इस बार अप्रैल महीने में ही आई फ्लू के मामले आना शुरू हो गए हैं। आई फ्लू एक संक्रामक रोग है जो नाक और गले की सूजन, खांसी, बुखार, थकान, शीतलता शरीर में दर्द आदि जैसे लक्षणों के होते हैं। यह वायरस मुख्यतः एक से दूसरे व्यक्ति के संपर्क में आने के कारण होता है। अकसर इस रोग के मामले जून महीने में सामने आते हैं, लेकिन वर्तमान में अप्रैल महीने में ही लोग आई फ्लू की चपेट में आना शुरू हो गए हैं।

> **आई** फ्लू से बचने के लिए हमेशा हाथों को साफ रखें सुनिश्चित करें कि बिना हाथ धोएं आंखों को न छुएं। आगामी समय में इनकी संख्या में इजाफा संभव है। मई तथा जून में इन मामलों में अधिक बढ़ोतरी हो सकती है।
> -अनिल वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हमीरपुर

# दियोटसिद्ध में चैत्र माह मेले का समापन आज

## मेले के दौरान 16 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गुफा में नवाया शीश

एसके ठाकुर, बिझड़ी

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र माह के मेले 14 मार्च से शुरू हुए हैं जिनका अधिकारिक रूप से रविवार को समापन किया जाएगा, लेकिन यह मेले 3 महीने तक चलते रहेंगे। इस वर्ष चैत्र माह के मेले में 16 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा जी के दर्शन किए और बाबा बालक नाथ जी का आशीर्वाद लिया।

गौर रहे कि मेले के शुभारंभ से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गई थी जो अभी भी जारी है। अभी भी मंदिर में सैकड़ों भक्त अपने परिवार सहित बाबा बालक नाथ के मंदिर में माथा टेकने के लिए आ रहे हैं। इस मेले में देश-विदेश से भी सैकड़ों भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई और दिल खोलकर बाबा के चरणों में विदेशी मुद्रा अर्पित की।

लाखों भक्तों ने बाबा की गुफा के दर्शन किए व शीश नवाकर मनोकामनाएं मांगीं। इस वर्ष चैत्र माह के मेलों में भक्तों के साथ चढ़ावे में भी इजाफा हुआ है। चैत्र माह के दौरान 7 करोड़ 53 लाख 88 हजार 166 रुपए चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं। इसमें 5 करोड़ 61 लाख 63 हजार 606 रुपए गुफा में चढ़ाए हैं, जबकि 1 करोड़ 92 लाख 24 हजार 560 रुपए दान के रूप में प्राप्त हुए हैं।



बाबा बालक नाथ मंदिर बने चौबारे से गुफा के दर्शन करती महिलाएं।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 73 लाख 35 हजार 136 रुपए अधिक चढ़ावा हुआ है। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि मेलों के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। मंदिर के महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरी महाराज ने बताया कि बाबा के लाखों भक्तों ने इस वर्ष अपनी हाजिरी लगाई व बाबा जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा भक्तों की सुविधाओं के लिए बहुत सारी व्यवस्थाएं कर रखी थीं इसके लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

# एचआरटीसी हमीरपुर डिपो में पहुंची नए टायरों की खेप

रवि ठाकुर, हमीरपुर

एचआरटीसी हमीरपुर डिपो में नए टायरों की खेप पहुंच गई है। गर्मियों में अकसर बसों के टायर लोग रूट पर चलने से पंक्चर होना ज्यादा खतरा रहता है, इसके चलते कंडक्टर-ड्राइवर के साथ यात्रियों को भी कई बार सफर के दौरान दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। डिपो में नए टायर आने से डिपो में अब टायरों की कोई कमी नहीं रहेगी और सभी बसें अपने-अपने रूटों पर समय-समय पर चलाई जाएंगी।

वर्कशॉप में स्टाफ दिन भर टायरों को उतारता नजर आया। ऐसे में टायरों की कमी से जूझ रहे डिपुओं को काफी राहत मिली है। बसों के ड्राइवर व कंडक्टर भी टायरों की नई खेप पहुंचने से चैन की सांस ले रहे हैं, क्योंकि गर्मियों का मौसम शुरू हो रहा है। इसके चलते बसों के टायर पंक्चर होना आम बात है। ये टायर यहां से सात डिपुओं को भेजे जाएंगे। ऐसे में टायर की कमी जूझ रहे दूसरे डीपुओं को भी राहत मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं डीएम अवतार

**वहीं** निगम के डीएम अवतार सिंह का कहना है कि डिपो में नए टायर डिपो में पहुंच गए हैं। यहां से सात डिवीजनों टायर भेजे जाएंगे। गर्मियों के मौसम में टायरों की किल्लत से ड्राइवर कंडक्टर और सवारियों को परेशानियों नहीं झेलनी पड़ेगी।


हमीरपुर डिपो में नए टायरों की खेप पहुंची।

### पुतड़ियाल की प्रियंका एम्स भुवनेश्वर में बनी लेक्चरर



**बड़ा।** नादौन की ग्राम पंचायत पुतड़ियाल की निवासी प्रियंका का एम्स भुवनेश्वर में लेक्चरर के पद के लिए चयन होने पर पंचायत व आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर व्याप्त हैं। 29 वर्षीय प्रियंका अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी दादी, माता-पिता व अपने पति जितेंद्र सिंह को देती है, जिन्होंने समय-समय पर इस स्थान पर पहुंचने पर मुझे प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपनी 12वीं तक की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर से प्राप्त की। साल 2015 में उन्होंने आईजीएमसी शिमला से बीएससी नर्सिंग की व 2019 में एमएससी नर्सिंग पीजीआई चंडीगढ़ से की। प्रियंका के घर पर लोगों का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ हैं।

### सहकारी सभा जलाड़ी भडियारां का अधिवेशन 15 अप्रैल को

**नादौन।** नादौन उपमंडल की दी जलाड़ी भडियारां कृषि सेवा सहकारी सभा का साधारण अधिवेशन 15 अप्रैल को जलाड़ी में प्रातः 11 बजे होगा, जिसके लिए सभा ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह जानकारी देते हुए दी जलाड़ी भडियारां कृषि सेवा सहकारी सभा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मंडयाल ने यहां जारी प्रेस बयान में सभा के सदस्यों से आग्रह है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर सभा के अधिवेशन में हिस्सा लें।

# बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर में बैसाखी पर्व की धूम

अनंत ज्ञान, बड़ा

उपमंडल नादौन के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गईं। श्रद्धालुओं ने अपनी बारी आने पर श्रद्धापूर्वक दर्शन किए। इस दौरान वर्तमान समय में इस प्रसिद्ध मंदिर की देख-रेख कर रही बिल्लकलेश्वर सुधार सभा बटाहली द्वारा विश्व शांति के लिए महायज्ञ का किया। सभा के प्रधान हरीश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस महायज्ञ में सभा के सचिव हंस राज, सुदर्शन जरियाल, रंजीत सिंह रनौत, तिलक राज आदि क्षेत्र वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा खीर का भंडारा लगाया गया। सभा के सदस्यों ने बताया कि बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर के पास बह रही ब्यास नदी में सैकड़ों लोगों ने बैसाखी पर्व के दौरान के स्नान किया और रलियों का विसर्जन भी किया।


बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में विश्व शांति के लिए महायज्ञ करते हुए सभा के सदस्य।

# सुजानपुर में बैसाखी पर लगाया भंडारा

**सुजानपुर।** बैसाखी का त्योहार सुजानपुर तथा आसपास के गांव में धूमधाम से मनाया गया। सुजानपुर के भलेठ स्थित दरवाजा, सकोह में बाबा घासीराम के मंदिर और सुजानपुर के मुख्य बाजार में कुटिया में इस अवसर पर लंगर आयोजित किए गए, जहां पर हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। भलेठ में इस अवसर पर नहोन में लोगों ने ब्यास नदी में आस्था की डुबकी लगाई।



# सुक्खू ने हमीरपुर की जनता को निराश किया : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने शनिवार को बमसन क्षेत्र में कई पंचायतों में कार्यक्रम किए। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यशैली पर करारे प्रहार किए।

उन्होंने कहा हमीरपुर की जनता ने वह दौर भी देखा है, जब प्रेम कुमार धूमल यहां से मुख्यमंत्री थे और पूरे जिला को विकास के मामले में बुलंदियों पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और लोगों को भी जिला के मुख्यमंत्री होने का अहसास बड़ी शिद्दत से करवाया था। लेकिन सुक्खू के रूप में जिला की जनता ने ऐसा मुख्यमंत्री भी देखा है, जिसने अपने विधायकों और उनके इलाकों की जनता को जलील करने में ही अपनी सारी ऊर्जा लगाई है।

**बोले- वह ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनकी आत्मा और मन हमेशा शिमला में रहता है**



राजेंद्र ने कहा कि आज स्थिति यह हो गई है कि पिछले कल मुख्यमंत्री के गलोड में आयोजित कार्यक्रम के लिए पहले 500 कुर्सियां लगाई गई थीं और बाद में बड़े कम लोगों के कार्यक्रम में आने की भनक मिलते ही 300 कुर्सियां वहां से उठा ली गईं और बाकी कुर्सियां भी आधी खाली रही। इससे साफ पता चलता है कि लोग मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उदासीनता दिखा रहे हैं।

उन्होंने कहा सीएम सुक्खू की राजनीति झूठ की बुनियाद पर टिकी है और झूठ बोलने में उन्हें महारत हासिल है। उन्होंने कहा हिमाचल की जनता का कांग्रेस पार्टी और मुख्यमंत्री की कार्यशैली से मोह भंग हो चुका है और जनता से की गई वादा खिलाफी के लिए एक जून को जनता वोट के माध्यम से कांग्रेस पार्टी व सुक्खू सरकार को करारा जवाब देने वाली है।

### रली त्योहार में शिव-गौरां की मूर्ति का किया विसर्जन


रली त्योहार के दौरान शिव-गौरां की मूर्ति का विसर्जन करती महिलाएं व बच्चे।

**सुजानपुर।** सुजानपुर तथा आसपास के गांव में रली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों में इस त्योहार के लिए लोगों में ज्यादा उत्साह देखा जाता है। मिट्टी से बनाई गई शिव-गौरां की मूर्तियों का पूजन कर इनका ब्यास नदी में विसर्जन किया गया। इससे पहले शुक्रवार को शिव और गौरां का विवाह समारोह मनाया गया, फिर ब्यास नदी के तट पर मिट्टी से बनाई गई मूर्तियों का विसर्जन किया गया।

**कैसी व्यवस्था** | नगर परिषद व्यापारियों से हर महीने लेती है कूड़ा उठाने का शुल्क

# सुजानपुर में कूड़े के ढेर बने आफत

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

सुजानपुर शहर में इन दिनों सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि मुख्य बाजार में कूड़ा दोपहर तक नहीं उठाया जा रहा है। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर लोगों को चिढ़ा रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार नगर परिषद व्यापारियों से हर महीने कूड़ा उठाने का शुल्क लेती है, लेकिन सुविधा के नाम पर नगर परिषद द्वारा कोई उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है।

मुख्य बाजार में दोपहर तक कूड़े को नहीं उठाया जा रहा है। आलम यह है कि नगर परिषद कर्मियों को व्यापारियों को फोन करने के बाद कूड़े के ढेर उठाए जा रहे हैं। मुख्य बाजार में नालियां कई दिनों से साफ न होने के चलते कूड़े से अटी पड़ी हैं। नालियों की सफाई न होने के चलते इनमें जगह-जगह कूड़ा रुक रहा है, जिससे कि बीमारियां फैलने का अंदेशा बढ़ गया है।

बीते कुछ दिनों से सफाई व्यवस्था प्रॉपर न होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों के अनुसार पहले स्थायी व्यवस्था प्रॉपर होती थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से सफाई व्यवस्था ठप होकर रह गई है। नगर परिषद सुजानपुर में कुल 9 वार्ड हैं। लोगों ने पार्षदों तक समस्या पहुंचाई है फिर भी कोई भी हल नहीं निकल रहा।



> **होली** मेला के चलते शहर में ज्यादा कूड़ा इकट्ठा हो रहा है। जिसके चलते समस्या आई है। समस्या को हल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
> -संजय कुमार, ईओ, नगर परिषद, सुजानपुर

### चौगान में भी सफाई व्यवस्था बेहाल

**राष्ट्रीय** स्तरीय होली मेला चौगान में इन दिनों जारी है, लेकिन चौगान में जगह-जगह कूड़े की देर लगे हैं। चौगान में ही मेले का कूड़ा एक तरफ मुख्य बाजार की साइड इकट्ठा किया जा रहा है। कूड़े की बदबू लोगों को परेशान कर रही है। मेला एंट्री पर ही लगे कूड़े के ढेर सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। नगर परिषद सुजानपुर के उपाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि समस्या को हल करने के लिए नगर परिषद कर्मियों को बोला जाएगा।

# रियासत काल में रेहड़ाधार से किल्टों में घड़ों में रखकर आती थी छाछ, पलाक्खा मुहल्ला में सजता था बाजार


प्रसिद्ध बाजार, जहां मिलता है हर सामान।

**अनिल शर्मा, मंडी**

रियासतकाल से ही मंडी नगर में गलियों से लेकर हर बाजार को एक अलग नाम से जाना जाता था। आज भी हर गली चौराह अपने में इतिहास समेटे हुए है।

बहुत सी गलियों और बाजार को आज भी उन्हीं नामों से जाना जाता है। चंद्रलोक, भूतनाथ गली, पलाक्खा मोहल्ला आदि के नाम आज भी प्रचलित हैं। हालांकि नई पीढ़ी पूर्व के कुछ नामों को धुंधले इतिहास के आगोश में जाने से नहीं रोक पाई है।

भाग–9
अनंत ज्ञान स्पैशल

प्लाक्खा मोहल्ला की अपनी अलग ही पहचान थी, इस बाजार में जरूरत का हर वह सामान मिलता था, जो रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करता था, वर्तमान में इसको बाबा बालकरूपी बाजार के रूप में जाना जाने लगा है, लेकिन वर्तमान में इसका आधा भाग भूतनाथ बाजार बन चुका है। रियासत काल में यहां खाली जगह होती थी, जिसे सुआड़ कहते थे। उसके साथ ही एक पलाश का एक बड़ा पेड़ हुआ करता था, जिसे मंडयाली में 'पलाक्खे रा डाढ़' कहते थे। आधुनिकता की कंक्रीट दौड़ में पलाश के पेड़ को कब काट दिया गया इसका कोई सुराग नहीं लग पाया। रियासत काल में रेहड़ाधार से किल्टों में घड़े रखकर छाछ बेचने के लिए यहां लाई जाती थी। उस छाछ का स्वाद अलग ही होता था, इसको पीने से पाचन संबंधी रोग दूर होते थे। (अनंत ज्ञान)

## तीखी चढ़ाई के कारण 'खड़ा बाजार' हुआ करता था नाम

100 वर्षीय बाबू ओम चंद ने बताया कि बाजार की सीमा बालकरुपी मंदिर के सामने उस समय के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य पुरुषोत्तम (घोपू बैद), हैप्पी हैंडलूम की दुकान से आरंभ होकर दुर्गा, बेली हलवाई, डब्ल्यू पानबाई, तारु वैद्य इत्यादि दुकानों के नीचे उतराई में ट्रंक वाले की दुकान तक जाती थी। रियासत काल में इसी तीखी चढ़ाई के कारण इस बाजार का नाम 'खड़ा बाजार' भी हुआ करता था। कालांतर में प्लाक्खा बाजार के नाम से भी जाने जाना लगा। अब तो यह भूतनाथ बाजार का हिस्सा हो चुका है।


बाबा बालकरूपी मंदिर।

## लोगों को शायरी के साथ बेचे जाते थे पान

**विनोद** बहल ने बताया कि बड़ी मूछों वाले बलिराम की बर्फी के पतले-2 पीस, डब्ल्यू पानबाई की शेरो शायरी के साथ बेचे गए पान (जो निःशुल्क पीलिया का इलाज भी करते थे), गुड़ से बनी घुंघले हलवाई की मशहूर ठण्स्या (दंदकड़ाका) का स्वाद कई लोगों को अभी भी याद है।

## रोज लगते थे दो प्रकार के बाजार

**प्लाक्खा** बाजार में दो प्रकार के बाजार लगते थे, एक नियमित रूप से खुलने वाला बाजार जो प्रातः खुलकर रात्रि को बंद होता आ रहा है और दूसरा हाटनुमा बाजार जो भागी ड्राइक्लीनर और बगल की करियाना की दुकान के ऊपर सुबह ही सज जाता था और दुकान खुलने के समय तक यह बंद भी हो जाता था। जहां से लोग खरीददारी करते हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## प्राकृतिक जल स्रोतों को किया गया साफ

**मंडी ।** नोडल मारुति युवा मंडल कोठी गैहरी के द्वारा प्राचीन पानी की वाबड़ी को साफ किया गया, जिसमें मारुति युवा मंडल के युवा और स्थानीय गांव के लोग मौजूद रहे। युवा मंडल प्रधान सचिन सकलानी ने बताया की जल स्रोतों को साफ रखने के लिए नोडल मारुति युवा मंडल कोठी गैहरी सफाई अभियान करवाता रहता है। इस दौरान मारुति युवा मंडल प्रधान सचिन सकलानी, पूर्व प्रधान अजय, स्थानीय लोग धनदेव, सरस्वती, रुक्मणि, रीता देवी मौजूद रहे।




## राज माता भैरवा के मंदिर में नवरात्र की धूम

**पंडोह ।** हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से विख्यात है। छोटी काशी मंडी का पंडोह क्षेत्र देवी देवताओं की नगरी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। एक तरफ प्रसिद्ध संस्थान न्यास हणोगी मंदिर है तो दूसरी ओर पंडोह झील के साथ शक्ति पीठ मां बगलामुखी का भव्य मंदिर है। पंडोह में महाशक्ति पीठ में 6 स्थान रखने वाली राजमाता भैरवा का भव्य अलौकिक मंदिर इन नवरात्र मेंश्रद्धालुओं सबसे ज्यादा का केंद्र बना हुआ है। मंदिर कमेटी के प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि 14 अप्रैल का माता का लाहौल मेला मनाया जा रहा है। 17 अप्रैल को माता का भंडारा होगा।

## सुरक्षा कर्मियों व सुपरवाइजरों की भर्ती 16 से

**मंडी ।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड रीजनल ट्रेनिंग अकादमी बिलासपुर द्वारा 50 सुरक्षा कर्मियों की भर्ती की जा रही है। यह जानकारी कंपनी के भर्ती अधिकारी अर्पित रावत ने दी। 16 अप्रैल को एंब्लम एजुकेशन सेंटर चैलचौक और 17 अप्रैल को ग्राम पंचायत पांगना में प्रातः काल भर्ती संबंधी साक्षात्कार लिए जाएंगे। भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास है।

## डीएवी स्कूल में बच्चों ने मनाया बैसाखी पर्व

**जोगिंद्रनगर ।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में गत दिवस बैसाखी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल किंडरगार्टन अध्यापिकाओं ने सभी बच्चों को बैसाखी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि भारत में अनेकता में एकता है। उन्होंने कहा कि बैसाखी कड़ी मेहनत और समर्पण के फल का प्रतीक है।




## सुंदरनगर में चित्रों की लगाई प्रदर्शनी



**सुंदरनगर।** ओपी शर्मा द्वारा बनाए चित्रों की प्रदर्शनी पंचायत समिति सभागार समीप खंड विकास अधिकारी कार्यालय सुंदरनगर में प्रदर्शित की गई। इस दौरान मशहूर डॉक्टर हरबंस लाल कपूर पूर्व प्रधानाचार्य इंदिरा गांधी चिकित्सा कॉलेज शिमला ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर एके पूरी पुस्तकालय अध्यक्ष महाजन हास्य कवि रतन शर्मा, कवि और वक्त सुरेंद्र मिश्रा साहित्यकार सत्यपाल आदि उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में लगभग 200 चित्र प्रदर्शित हैं। डॉ. ओपी चित्र बनाने की ओर निरंतर जुड़ गए हैं।

## वल्लभ महाविद्यालय के होनहार बनेंगे लेफ्टिनेंट

**मंडी ।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में स्थापित एनसीसी वायु सेना विंग के सीनियर अंडर ऑफिसर पंकज कुमार, कैडेट वारंट ऑफिसर विनय ठाकुर व आर्मी विंग कैडेट पुलकित कपूर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनेंगे। तीनों मेधावी कैडेटों का चयन एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम के अंतर्गत हुआ है। इन तीनों ने इसी महाविद्यालय से ग्रेजुएशन किया है। महाविद्यालय के इतिहास में पहली मर्तबा एक ही संस्थान के तीन एनसीसी कैडेट ऑफिसर ट्रेंनिंग अकैडमी चेन्नई में ऑफिसर बनने के चयनित हुए हैं। चयनित होने वाले ऑफिसर कैडेट विनय ठाकुर, पंकज कुमार व पुलकित कपूर ने कहा कि एसोसिएट एनसीसी अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया है।

## व्यक्तिगत लड़ाई विश्वविद्यालय से न जोड़ें : अनुपमा

**मंडी ।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के मुद्दों को व्यक्तिगत लड़ाई से नहीं जोड़ना चाहिए। गौरतलब है की एक अध्यापक संघ द्वारा एसपीयू मंडी की गतिविधियों को छात्र विरोधी होने का आरोप समाचार पत्रों के माध्यम से लगाया हैं। अनुपमा सिंह ने बताया की एसपीयू मंडी अभी मात्र दो वर्ष का शिशु है और इस शिशु अवस्था में भी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आंधियों में चिराग की तरह जल रहा है और छात्रों के हितों को लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक कर रहा है। प्रो. अनुपमा सिंह ने बताया की एसपीयू मंडी की परीक्षा शाखा मात्र 9 से 10 अधिकारियों व कर्मचारियों के सहारे है जो संसाधनों की कमी के चलते निरंतर दबाव में काम कर रही है। हाल ही में जो स्नातक स्तर की वार्षिक परीक्षाओं की जो डेटशीट जारी की गई है वह अभी अस्थायी है और इस पर संशोधनों को 16 अप्रैल तक मांगा गया है।

### देवधुन के साथ शुरू हुआ राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला

# जलेब में सुनी गई तुंगल घाटी की टमक

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

आस्था का महाकुंभ राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला–2024 का शुभारंभ जवाहर पार्क में शनिवार को देवधुन के साथ हो गया है। इस मौके पर मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विवेक चंदेल ने अन्य अतिथियों के साथ सुंदरनगर की ऐतिहासिक शुकदेव वाटिका में विभिन्न देवी–देवताओं की पूजा अर्चना की और जवाहर पार्क तक निकली जलेब में भी भाग लिया।

इस अवसर पर जवाहर पार्क में लोगों को संबोधित करते हुए विवेक चंदेल ने कहा कि प्रदेश में आयोजित होने वाले मेलों की समृद्ध परंपरा में रियासतकाल से मनाए जा रहे सुकेत देवता मेले का प्रमुख स्थान है। शुकदेव ऋषि की तपोस्थली में आयोजित होने वाला यह मेला देव आस्था एवं परंपरा का प्रमुख केंद्र है।
उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं, जिसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी लोगों को आगे आकर कार्य करना चाहिए। इस महोत्सव से जहां बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों को हिमाचल की विशिष्ट देव संस्कृति के रू–ब–रू करवाएगा वहीं प्रदेश की आर्थिकी को भी संबल प्रदान करेगा। इस अवसर पर एसडीएम गिरीश समरा, तहसीलदार अंकित शर्मा, डीएसपी भारतभूषण, थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद, नगर परिषद कार्यकारी अध्यक्ष हितेश शर्मा, बीडीओ विवेक चौहान, सीडीपीओ शिव सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


जलेब में देवता की पूजा करते हुए गणमान्य।


मेले में टमक बजाता एक बच्चा।

## लोगों ने जलेब में पहल को सराहा

राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2024 की शुभारंभ जलेब पर पहली बार तुंगल घाटी की टमक की थाप लोगों को सुनने को मिली। इससे जलेब में एक अलग ही समां बंध गया। इस मौके पर जलेब का अलग ही स्वरूप देखने को मिला। इसको लेकर विशेष दल को कोटली क्षेत्र सुंदरनगर बुलाया गया था। वहीं सुंदरनगर के लोगों ने भी जलेब में इस प्रकार की पहल को खूब सराहा गया।

## जलेब में दिखा बेसहारा पशुओं का आतंक



राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2024 के शुभारंभ पर निकली जलेब के दौरान सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं का भी आतंक देखने को मिला। जब जलेब रेस्ट हाउस के समीप पहुंची तो सड़क में खड़े बेसहारा पशु ढोल नगाड़ों की थाप से बिदक गए। इसके बाद आश्रय ढूंढते हुए जलेब के बीच घुस गए और मौके पर मौजूद मंडी पुलिस की विशेष टीम कार्ट और स्थानीय पुलिस के पसीने छूट गए। बेसहारा पशु यहां तक भी नहीं माने और पुलिसकर्मियों पर ही हमला करने के लिए उतारू हो गए। वहीं आनन-फानन में पुलिस कर्मियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद बेसहारा पशुओं को जलेब से खदेड़ा गया।

# कंगना रनौत ने कांग्रेस को बताया भ्रष्टाचार की जननी


कंगना रनौत, जयराम ठाकुर और अन्य भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंडी संसदीय चुनाव क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी बताया। कंगना रनौत ने कहा कि प्रदेश में झूठे वायदों को करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार आज वेंटिलेटर पर चल रही है। उन्होंने यह बातें जोगिंद्रनगर में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

कंगना रनौत ने कहा कि मंडी की बेटी से सवाल पूछे जा रहे है कि जब मंडी में त्रासदी आई तो तब वह कहां थी। उन्होंने कहा कि त्रासदी में नड्डा, नितिन गडकरी आए उन्होंने लोगों का हाल चाल जाना। उन्होंने शहर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन भी किया। वहीं जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा, जिला कांग्रेस सचिव व सुकाबाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अविनाश धवन सहित करीब अन्य 25 लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया।


रैली के दौरान कंगना रनौत।

## कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई : कंगना

**कंगना** रनौत ने कहा हिमाचल में कांग्रेस लूटपाट के बजाय कुछ नहीं कर रही है। कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि अब फॉर्म भरों दौर फिर हिमाचल प्रदेश में आ गया है इससे हमें सतर्क रहना है। उन्होंपे कहा कि केंद्र से जो पैसा आया उसका क्या किया ऐसा प्रतीत होता है कि आप सभी ने इस पैसे को मिल बांट कर खा लिया।

## महिलाओं के साथ कांग्रेस ने किया धोखा : भाजयुमो

**संधोल ।** कांग्रेस सरकार सदैव झूठ बोलकर हिमाचल की भोली–भाली जनता को ठगने का कार्य करती आई है। कांग्रेस सरकार पर बयानों के तीखे हमले करते हुए भाजयुमो संधोल के अध्यक्ष साहिल सकलानी ने कहा कि संधोल के लोगों व महिलाओं के साथ कांग्रेस ने वायदा खिलाफी की है।

संधोल की नारी शक्ति ने क्षेत्र में रुके कार्यों को प्रारंभ करने व अस्पताल की बदहाली के विरुद्ध 26 दिन तक अपनी आवाज बुलंद की थी, जिसके बाद मांगे पूरी करने का आश्वासन दे गए थे, उसके बाद संसदीय सचिव संजय अवस्थी जी ने तो 15 दिन में डॉक्टर भेजने की घोषणा कर दी थी मगर आज इन झूठे वादों को किए हुए लगभग 130 दिन होने को आए है मगर संधोल के अस्पताल की बीमारी का अभी तक इलाज ही नहीं ढूंढा जा सका है। यह संधोल की मातृशक्ति के साथ धोखा है कांग्रेस की सरकार ने जनता को ठगा है इसका जवाब जनता लोकसभा चुनावों में अपने मत से जरूर देगी।

## बच्चों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हासिल की पोजिशन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला–2024 में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल सुंदरनगर की दो छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसके अंतर्गत स्कूल की विज्ञान संकाय की छात्राएं साहित्या और मुस्कान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया है।

वहीं डीएवी स्कूल सुंदरनगर की दोनों छात्राओं को प्रशासन की ओर से 5100 रुपए प्रति छात्रा नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह के द्वारा नवाजा गया। डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य मोहित चुघ ने बच्चों की बौद्धिक क्षमता, प्रज्ञा एवं जागरूकता की प्रशंसा की।



मुस्कान और साहित्य को सम्मानित करते हुए ।

## बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सबसे कम उम्र की पंचायत प्रधान रही जबना चौहान की मां धर्मी देवी पर जानलेवा हमला हुआ है। जबना चौहान ने बताया कि हमलावरों ने बेलचे, पत्थरों व तेज धार हथियारों से प्रहार कर उन्हें बुरी तरह से जख्मी कर दिया और उसके उपरांत ढांक से नीचे फेंक दिया ताकि किसी को कोई शक पैदा न हो पाए।

उन्होंने बताया कि ढांक से नीचे फेंकने के उपरांत हमलावर पंचायत मुख्यालय केयोलीधार बाजार में पहुंचे जहां उन्होंने लोगों में यह शोर मचा दिया कि धर्मी देवी ढांक से गिर गई है। देखते ही देखते पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जबना चौहान ने बताया कि तीन घंटे में खून बह जाने से धर्मी देवी की हालत बेहद नाजुक हो गई थी।

सूचना मिलते ही घायल अवस्था में उन्हें बगस्याड अस्पताल ले गए जहां से नेरचौक मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। हालत नाजुक देखकर नेरचौक मेडिकल कॉलेज से भी चिकित्सकों ने उन्हे आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया।


उपचाराधीन धर्मी देवी।

जबना चौहान ने बताया कि पुलिस थाना गोहर व पुलिस अधीक्षक मंडी को ऑनलाइन एप्लीकेशन भेज कर शिकायत दर्ज करवाई है। एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि आनलाइन माध्यम से शिकायत दर्ज हुई है और मामले की जांच जारी है।

## कंगना के भाजपा प्रत्याशी होने पर बौखलाहट में कांग्रेस : बिहारी लाल

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत द्वारा लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ मनाली में की टिप्पणी के खिलाफ हिमाचल कांग्रेस के कानूनी एवं मानवाधिकार विभाग द्वारा चुनाव आयोग की गई की गई शिकायत से भारतीय जनता पार्टी को कोई नुकसान नहीं होने वाला है। यह बात भाजपा मंडल की बैठक के बाद प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहीं।

बता दें कि भाजपा की भाजपा मंडल की पदाधिकारी बैठक मंडी में आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी व उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा व सदर विधायक अनिल शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि अभद्र भाषा की शुरूआत कांग्रेस पार्टी व विक्रमादित्य सिंह की ओर से की गई है। उन्होंने कहा कि कंगना भाजपा प्रत्याशी होने पर कांग्रेस बौखलाहट में है।


दीप प्रज्वलित करते श्रीकांत शर्मा और जिले के अन्य नेता।

## मंडी में खुला आधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस बॉम्बे ड्राई क्लीनर

**मंडी।** गुटकर में आधुनिक तकनीकी उपकरणों से लेंस बॉम्बे ड्राई क्लीनर का शुभारंभ रविवार को होगा। यह जानकारी मुंबई ड्राई क्लीनर के चेयरमैन भगवंत सिंह व एमडी विनीत बहल ने दी। लोगों को अपने वस्त्र की बेहतर ड्राई क्लीनर करवाने के लिए अब चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा।



मंडी के लोगों को यह सुविधा गुटकर स्थित आरजे हवेली में मिलने जा रही है। रविवार को बॉम्बे ड्राई क्लीनर का शुभारंभ नामधारी संगत के सूबा जी करेंगे। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की अरदास के साथ ही बॉम्बे ड्राई क्लीनर का कार्य शुरू हो जएगा। लोगों की सुविधा के लिए नगर निगम के सभी वार्ड में 12 कलेक्शन सेंटर खोले गए हैं। पहली मर्तबा मंडी में केमिकल फ्री ड्राई क्लीन सुविधा प्रदान की जा रही है। बाजार से कम दर पर वस्त्र ड्राई क्लीन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि छात्रों व शिक्षण संस्थानों के लिए विशेष पैकेज दिया जाएगा।

## बैसाखी पर मच्छयाल मेला शुरू

**जोगिंद्रनगर ।** मच्छयाल में बैसाखी मेला शनिवार से शुरू हो गया है। मेला कमेटी चेयरमैन व एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने कहा कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मंदिर मच्छयाल में बैसाखी तीन दिवसीय मेला का शनिवार को शुभारंभ किया गया और महिला मंडलों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने मेला कमेटी का धन्यवाद किया और उन्होंने लोगों से अपील की कि आगामी लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं लोग भाग लें। उन्होंने आज के युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

बैठक | लोकसभा चुनाव को लेकर प्रकाश चौधरी ने बल्ह कांग्रेस ने बनाई रणनीति

# कार्यकर्ता बल्ह से कांग्रेस को दिलाएं लीड : प्रकाश

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

बल्ह कांग्रेस की एक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में नेरचौक में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने विशेष तौर पर भाग लिया। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया तथा रणनीति तैयार की गई।

बल्ह विधानसभा क्षेत्र को संगठन की दृष्टि से पांच भागों में विभाजित किया गया जिनमें कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव को लेकर अलग–अलग बैठक की जाएगी।


बैठक के दौरान मौजूद प्रकाश चौधरी तथा मौजूद अन्य कार्यकर्ता।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह चुनाव में बढ़–चढ़कर भाग ले। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता खूब मेहनत करें घर–घर जाकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करें और प्रदेश सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों से आम जनता को अवगत करवाए।

कार्यकर्ता मेहनत करें और बल्ह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस को भारी मतों की लीड दिलाए। साथ ही उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर भी जमकर हमला किया। प्रकाश चौधरी ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में दिन–रात का अंतर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होते हुए भी सड़कों से लेकर विभिन्न योजनाओं की हालत खस्ता थी जबकि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने मात्र 15 माह की अवधि में आम जनमानस के लिए बहुत से विकास कार्य किए हैं और कई योजनाएं प्रदेश में चलाई है।

इस अवसर पर अजय ठाकुर, महेंद्र गुप्ता, मोहन लाल, योगेश सैनी, महिला कांग्रेस की अध्यक्षता दिनेश रावत व राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के संयोजक तारा तूंगा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग

**सुंदरनगर ।** विश्राम गृह की पार्किंग में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। सुंदरनगर थाना प्रभारी नानंद चंद ने अपने सहयोगियों के साथ आग को बुझाते हुए दमकल विभाग को भी सूचना दी। दकमल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

कार के मालिक डा. कोशपाल ठाकुर ने बताया कि उनकी गाड़ी की 20 हजार किलोमीटर के बाद सर्विस थी। गुटकर स्थित कंपनी में सर्विस करवाने के बाद वह अकेले कार को लेकर सुंदरनगर पहुंचे और उसे विश्राम गृह की पार्किंग में खड़ा कर दिया। थोड़ी देर बाद उन्हें सूचना मिली कि कार में आग लग गई है। सुंदरनगर थाना प्रभारी नानंद चंद ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

**I Pankaj Bharti** S/o Sh. Girdhari lal V.P.O. Bassi Tehsil Jogindernagar Distt. Mandi H.P. do hereby declare that in the Birth record of Tanda Medical Hospital my son name wrongly entered as Rudransh DOB 20/09/2018. It should entered correct name Hrishi Rudransh DOB 20/09/2018. concerned please note.



## न्यूज ब्रीफ

### उपायुक्त ने रायपुर-सहोड़ा दुर्घटना के पीड़ितों को हरसंभव मदद का दिया आश्वासन



**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने आज शुक्रवार को रायपुर-सहोड़ा में हुई दुर्घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मिलकर अपनी संवेदना जताई तथा प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने बताया कि प्रभावित परिवारों को फौरी राहत प्रदान कर दी गई है। रेवेन्यू प्रबंधन सिस्टम के तहत दस्तावेज पूर्ण होने पर जो मुआवजा बनेगा, वह भी प्रभावित परिवारों को प्रदान कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित बीडीओ को जन सुरक्षा की दृष्टि से तालाब के चारों और फेंसिंग लगाने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। बता दें, कि बीते रविवार को रायपुर-सहोड़ा में 8 से 11 वर्ष आयु वर्ग के तीन प्रवासी बच्चों की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

### शनिदेव मंदिर खरयालता में लगाया भंडारा

**बंगाणा।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की खरयालता पंचायत के तलमेहड़ा मेन बाजार चौक पर स्थित शनिदेव महाराज मंदिर में युवक मंडल खरयालता द्वारा शनिवार को झंडा रस्म के साथ कन्या पूजन के बाद भजन-कीर्तन किया गया। इसके बाद दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दूर-दूर से आए लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया व भगवान शनिदेव महाराज का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मंदिर संस्थापक प्रकाश चंद शर्मा, भंडारे का आयोजन करवाने वाले युवक मंडल खरयालता के अध्यक्ष साजन ठाकुर सहित अन्य शनि भक्तों ने भंडारे में अपना अपना योगदान दिया।

### सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत हटली के बाबा पहाड़िया मंदिर रिबाड़ में शनिवार को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कमेटी प्रधान सुशील रिंकू रिवाड ने बताया कि वर्ष 2008 से लगातार बाबा पहाड़िया मंदिर रिबाड़ में चैत्र मास के अंतिम शनिवार को गांववासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे से पूर्व मंदिर परिसर में हवन यज्ञ करवाया जाता है। और उसके बाद कीर्तन दरबार सजाया जाता है। इस मौके पर विवेक शर्मा, संदीप,किशन देव शर्मा, राम आसरा शर्मा, डिंपल शर्मा, पवन शर्मा, नरेश शर्मा, संसार चंद शर्मा, भगवान दास शर्मा राकेश शर्मा आदि दर्जनों भक्तों ने भंडारे में अपनी सेवाए दीं।

### सोलन ने चंबा को सात विकेट से हराया

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ ऊना में चंबा और सोलन के बीच अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का जिला स्तरीय मुकाबला शुरू हुआ। चंबा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 253 रन बनाए। सोलन टीम ने अपनी पहली पारी में 268 रन बनाए तो सोलन ने पहली पारी में 15 रन की बढ़त हासिल की। चंबा की टीम ने दूसरी पारी में 114 रन बनाए, जिसमें मयंक चौहान ने 50 रन बनाए। वहीं, सोलन के आर्यन यादव ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया। सोलन टीम को जीत के लिए 100 रन का लक्ष्य मिला था। तीन विकेट खोकर ही उन्होंने लक्ष्य हासिल कर लिया। सोलन के बल्लेबाज सारांश लखनपाल ने 11 रन बनाए, हरमन सिंह ने 62 नाबाद बनाए। उदयवीर ने 12 रन नाबाद बनाए। चंबा के रघुवर ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। सोलन ने पहली जीत दर्ज कर अगले राउंड में जगह बना ली है। खेल प्रेमियों रमन सैनी अनुराग दयाल पंकज पीटर, विनय कुमार मंदली नवीन शर्मा सुनील शर्मा विशाल शर्मा, खिलाड़ियों और टीम के कोच विशाल शर्मा को बधाई दी है।

# जनरल जोरावर की बहादुरी के किस्से आज हर जुबान पर : कंवर

## बंगाणा में मनाए गए जरनल जोरावर सिंह के जन्मोत्सव पर बोले पूर्व मंत्री

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के रेस्ट हाउस चौक पर जनरल जोरावर सिंह का जन्म महोत्सव कर्नल केसी शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। कंवर ने कहा कि जनरल जोरावर सिंह की बहादुरी के किस्से आज हर भारतीय जवान की जुबान पर हैं।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जनरल जोरावर सिंह का जन्म हिमाचल प्रदेश के कहलूर रियासत के बिलासपुर में एक चंदेल राजपूत परिवार में हुआ था। पुष्ट कथनों के अनुसार वे कहलूर




के शासकों के ही वंशज हैं तथा कहलूर रियासत के वजीर के पुत्र थे। मई 1841 में, जोरावर सिंह ने 7000 हिंदू डोगरा व अन्य देसी मार्शल कबीलों के सैनिकों के साथ लद्दाख में मार्च किया फिर सैनिकों ने तिब्बत पर आक्रमण कर उन्हें हरा दिया और वहां कब्जा कर लिया। जोरावर ने स्वयं पैंगोंग झील और मानसरोवर झील के पठारी क्षेत्र में 3,500 लोगों का नेतृत्व किया, जबकि वहां तैनात सभी छोटी और बड़ी तिब्बती सेना को हराया था। (अनंत ज्ञान)

### 1841 के युद्ध में घायल होने पर भी की लड़ाई

कंवर ने कहा कि शीतदंश के कारण कई सैनिकों ने अपने शरीर के अंग खो दिए। अन्य लोग भूख से मर गए। तिब्बतियों ने अपने चीनी सहयोगियों के साथ जोरावर पर हमला किया और उनके लोगों ने 12 दिसंबर 1841 को तो-यो की लड़ाई में उनसे मुठभेड़ की। जोरावर सिंह कहलुरिया का एक हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया, लेकिन वे दूसरे हाथ में तलवार पकड़कर लड़ते रहे। तभी दुश्मन के घुड़सवारों में से एक ने जोरावर सिंह की छाती में अपनी तलवार भोंक दी। कहते हैं कि तिब्बती लोगों ने ऐसे शूरवीर योद्धा को, जिसने कभी आम जनमानस को तंग नहीं किया, उनके सम्मान में मंदीर बनवाया जो आज भी वहां स्थापित है।

# जन्मदिवस पर विधायक बबलू ने मां कामाख्या देवी का लिया आशीर्वाद



विधायक को माता की तस्वीर भेंट करते हुए माता कामाख्या देवी मंदिर प्रबंधन के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, अंब**

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर मां कामाख्या देवी मंदिर पोलियां पुरोहितां के लिए पद यात्रा की और चिंतपूर्णीवासियों के कुशलक्षेम की प्रार्थना की। करीब 19 किमी की इस पद यात्रा का आगाज सुबह विधायक के पंजोआ स्थित निवास स्थान से हुआ। यात्रा में विधायक की पत्नी किरणदीप व पारिवारिक सदस्यों के अलावा उनके समर्थक भी भारी तादाद में शामिल हुए। क्षेत्र के चक्क, त्याई, बागड़ू, चक्क सराये, रिपोह मिसरां व पोलियां गांवों में सुदर्शन बबलू के समर्थकों ने माता की चुनरी भेंट कर विधायक को सम्मानित किया। दोपहर बाद यह पदयात्रा मां कामाख्या देवी के दरबार पहुंची। विधायक ने सपरिवार मां के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद लिया और चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की खुशहाली व समृद्धि की प्रार्थना की है। इस दौरान लोक कांग्रेस चिंतपूर्णी के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मास्टर प्रीतम सिंह जंबाल, मास्टर बलबीर सिंह, अंब इकाई के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार बिल्ला, पार्षद रितेश शर्मा, राजेश शर्मा, अधिवक्ता विकास कश्यप पूर्व प्रधान संदीप शर्मा, केवल सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुलोचना देवी, निशा शर्मा, सुभाष धीमान, पूर्व प्रधान मेडी रविंद्र शर्मा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## वशिष्ट स्कूल में अंश मिस्टर दिव्यांशी बनी मिस फेयरवेल



फेयरवेल पार्टी में वशिष्ट पब्लिक स्कूल का स्टाफ छात्रों के साथ।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी। फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ प्रिंसिपल दीपक कौशल, निदेशक अनुज वशिष्ट ने ज्योति प्रज्ज्वलन से किया। पार्टी में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार की रोमांचक खेलों का आयोजन किया और अपने सीनियर्स को टाइटल से सम्मानित किया। इसमें मिस्टर फेयरवेल अंश, मिस फेयरवेल दिव्यांशी वर्मा, मिस्टर टेलेंटड उज्ज्वल, मिस टेलेंटड जैस्मिन, मिस्टर पर्सनेलिटी उदय, मिस पर्सनेलिटी शेरिल रहे। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने कहा कि वे अध्यापकों की दी हुई अमूल्य शिक्षा व मार्गदर्शन को कभी भूला नहीं पाएंगे। अंत में निदेशक अनुज वशिष्ट ने बच्चों को सच्चाई और ईमानदारी के मार्ग पर चलने, सदैव माता-पिता व बड़ों का आदर करने के लिए प्रेरित किया।

## जल्द हो स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन की नियुक्ति : राजन शर्मा

**गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन सचिव राजन शर्मा ने कहा



कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में चेयरमैन का पद काफी समय से खाली चल रहा है। पद के रिक्त होने के कारण विभिन्न शिक्षक संगठनों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपनी मांग चेयरमैन को ज्ञापन सौंप कर सरकार तक पहुंचाते थे, लेकिन शिक्षा बोर्ड में काफी समय से अध्यक्ष के न होने से कर्मचारी संगठनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से जल्द से जल्द शिक्षा बोर्ड में चेयरमैन की नियुक्ति करने को कहा है।

## भुट्टो ने समर्थकों सहित भरमौती मंदिर में लगाई आस्था की डुबकी



भरमौती मंदिर में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो और अन्य लोग।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बैसाखी के महान पर्व पर भारत के दूसरे प्रसिद्ध कुटलैहड़ के धार्मिक स्थल भरमौती मंदिर में शाही स्नान करने के बाद सैकड़ों समर्थकों सहित मंदिर में पूजा-अर्चना की और भगवान का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं से मुलाकात करके उन्हं बैसाखी पर्व की बधाई दी।

### 15 करोड़ से संदूक पर आ गए सीएम साहब

**देवेंद्र** कुमार भुट्टो ने कहा कि बीते डेढ़ माह से हम पर सूबे के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू 15 करोड़ लेने का आलाप गा रहे थे और अब अपने ही बयान से पलटकर संदूक पर आ गए हैं। जब हमें संदूक मिले थे, तो शायद राज्य सरकार उसका वीडियो बना रही थी। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि हर दिन नए और अभद्र भाषा में बयान देकर सीएम साहब अपनी ही किरकिरी करवा रहे हैं।

## भुट्टो दें विधायक निधि और वेतन का हिसाब : मिंका

**ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के सह प्रभारी विवेक मिंका



ने कहा कि जन भावनाओं से खिलवाड़ करके अब पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो जनता के हितैषी बनने का प्रयास कर रहे हैं। भुट्टो असलियत जनता को बताएं पिछले 14 महीनों के कार्यकाल में विधायक ने कितनी निधि और अपना कितना वेतन आम लोगों में वितरित किया है। ऊना में पत्रकारों से बातचीत में मिंका ने बताया कि पूर्व विधायक ने चुनाव के दौरान घोषणा की थी कि कांग्रेस कमेटी को साथ में लेकर इस धन का आवंटन किया जाएगा। वे स्पष्ट करें कि उन्होंने कितना पैसा और किन वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को साथ लेकर वितरित किया है।

# युवाओं को चिट्टे से बचाने में समाज की अहम भूमिका : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

युवा पीढ़ी को चिट्टा जैसे घातक नशा से बचाने में प्रशासन के साथ समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। यह बात संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने ग्राम पंचायत बाड़ी के थलोटू गांव में स्थानीय लोगों से कही।

उन्होंने कहा कि आज चिट्टा हमारे घर गांव के अंदर तक आ गया और हम मौन होकर यह सब नहीं देख सकते क्योंकि इस नशे के कारण हमारे युवा बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। यह एक जागरूक समाज के लिए चिंता की



ग्राम पंचायत बाड़ी के थलोटू गांव में लोगों को संबोधित करते महेंद्र धर्माणी।

बात है। उन्होंने कहा कि संस्कार संस्था द्वारा पिछले कई माह से चिट्टा के खिलाफ जागरूकता अभियान गांव-गांव में बैठकों के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस अभियान को आमजन का मिल रहा समर्थन यह बताता है कि माता-पिता और समाज का जागरूक वर्ग किस प्रकार से अपने बच्चों के भविष्य को लिकर चिंतित है तथा सरकार और पुलिस प्रशासन से चिट्टा बेचने वालों के खिलाफ सख्त करवाई के साथ-साथ इसके खिलाफ सख्त कानून की मांग कर रहा है।

धर्माणी ने लोगों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस जानलेवा नशे के खिलाफ अपने गांव व आस-पड़ोस को जागरूक करें तथा पंचायत प्रतिनिधियों, समाज के बुद्धिजीवी वर्ग और प्रशासन की मदद से इसको रोकने व समाप्त करने में अपना सकारात्मक सहयोग करें।

## विकास कार्य करवाने वालों की कांग्रेस करती है निंदा : सोनल

**बिलासपुर।** भाजपा जिला प्रवक्ता सोनल शर्मा ने कहा है जिन्होंने विकास कार्य करवाए हैं उन्हें उत्साह होता ही है, घमंडी लोगों को सब घमंडी ही दिखते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कांग्रेस ने हिमाचल या पूरे भारत में एक पैसे का विकास नहीं करवाया है। आज धारा 370 हटा कर देश को मजबूत करने का काम मोदी ने किया है। कांग्रेस सरकार के 2004 से 14 और मोदी सरकार के 2014-24 के 10 साल की तुलना करें तो 2004-14 घोटालों की सरकार रही है। दुनिया में भारत को तीसरी महाशक्ति बनाने का कार्य मोदी सरकार ने किया परंतु कांग्रेस ने लक्ष्य रखा है मोदी को हटाने का।

# बस अड्डे पर गंदगी के ढेर कर रहे लोगों का स्वागत



> पिछले कई दिनों से स्थिति से नगर परिषद को अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन नगर परिषद की गाड़ी कूड़ा उठाने नहीं आ रही है। नगर परिषद के पदाधिकारियों ने शहर में ग्रीष्मोत्सव का आयोजन के कारण कूड़ा उठाने में असमर्थता जाहिर की है। एक बार फिर से नगर परिषद को इस समस्या से अवगत करवाया जाएगा ताकि जल्द से जल्द इस कूड़े को यहां से हटाया जा सके।
>
> -धर्म दत्त, बस अड्डा प्रभारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं बस अड्डे पर यात्रियों का स्वागत कूड़े के ढेरों से किया जा रहा है। बस स्टैंड में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर यात्रियों तथा लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। बस स्टैंड पर चारों तरफ गंदगी का आलम है। बड़े-बड़े कूड़े के ढेर देखकर साफ पता चलता है कि बस स्टैंड की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। यात्री परेशान हैं, पर कोई हल नहीं हो रहा है।

नियमित सफाई न होने के कारण जहां जगह-जगह लगे कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं निकासी नालियां भी गंदगी से भरी पड़ी है। जिससे हर तरफ दुर्गंध फैल रही है। बस स्टैंड पर रोजाना हजारों की संख्या में लोग आवाजाही करते हैं और लोगों को बदबू के कारण नाक ढक कर बस का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन न तो परिवहन विभाग इस व्यवस्था को दुरुस्त करवा पा रहा है और न ही नगर परिषद के अधिकारी, जबकि कूड़े के ढेरों से न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बन गया है। चारों तरफ फैली गंदगी से जहां एक ओर यात्री तथा आम जनता परेशान है। वहीं बस स्टैंड के अंदर दुकानदार भी इस गंदगी से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि सफाई न होने के कारण जगह-जगह लगे इन कूड़े को हटाने के लिए वे अपनी शिकायत भी करते हैं पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। आवारा जानवर कूड़े के ढेर में मुंह मारते हैं और जगह-जगह फैला देते हैं। पिछले कई दिनों से बस स्टैंड की यही हालत है, लेकिन अधिकारी मानों आंखें बंद कर बैठे हैं।

## नन्हे बच्चों के लिए करवाया ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश में अग्रणी भूमिका अदा करने वाले मिनर्वा शिक्षण संस्थान घुमारवीं में नई शिक्षा नीति के तहत 3 से 4 वर्ष के नन्हे बच्चों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यापकों द्वारा नन्हे-नन्हे छात्रों व उनके अभिभावकों के समक्ष डेमोसेशन दिया गया है। इसी के चलते 2024-25 के नए सत्र के दौरान मिनर्वा शिक्षण संस्थान द्वारा नन्हे बच्चों को बुक्स फ्री करने व खेल-खेल में उन्हें पढ़ाई से संबंधित पहले चरण की जानकारी देते हुए उनके मसलस को मजबूत करना है ताकि छह वर्ष की आयु तक उन्हें पढ़ने के साथ ही लिखने में भी अच्छी पकड़ बन सके। इस बात की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य परवेश



चंदेल ने कहा कि मिनर्वा शिक्षण संस्थान प्रबंधन का यह उद्देश्य स्कूली छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा पद्धति उपलब्ध करवाई जाए जिसकी शुरुआत इस सत्र से नन्हे छात्रों से की गई हैं और आने वाले समय में 06 वर्ष तक के छात्रों को इससे जोड़ने का काम किया जाएगा। वहीं, परवेश चंदेल ने कहा कि इस प्रशिक्षण के लिए बेंगलुरु की एक फर्म उनका पूरा सहयोग कर रही है।

## छात्रा की पढ़ाई का खर्च उठाएगी भराड़ी संस्था

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

दि भराड़ी एक्स स्टूडेंट्स सोशल वेलफेयर समिति भराड़ी की मासिक बैठक समिति के प्रधान आजाद चंद वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रकार के मुद्दों पर चर्चा की गई और विचार-विमर्श किया गया। बैठक में दो नए सदस्य मनोहर लाल शर्मा सेवानिवृत्त प्रवक्ता और रमेश चौधरी ने समिति में सदस्यता ग्रहण की।

समिति द्वारा ज्योति देवी पुत्री स्वर्गीय वीरी सिंह गांव सलाहों को पिता के निधन पर उसे गोद लिया गया, जो कि बीबीए द्वितीया वर्ष की छात्रा है। जिसे समिति हर महीने 2500 रुपए देकर उसकी पढ़ाई का खर्च उठाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक



में 11 मई को समिति का वार्षिक अधिवेशन मनाया जा रहा है। जिसकी रूपरेखा तैयार की गई और उसे अंतिम रूप दिया गया। वर्मा ने नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करने पर उनका स्वागत व धन्यवाद किया और समिति के सभी माननीय सदस्यों से आग्रह किया कि 11 मई को वार्षिक अधिवेशन में बढ़-चढ़कर भाग ले और कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाएं।

# असभ्य शब्द बोलने वाले पहले अपने गिरेबान में झांकें : राजेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एसीसी अदानी सीमेंट फैक्टरी में लॉकडाउन लगने के दौरान पूर्व मैनेजमेंट ने ट्रांसपोर्टरों को गुमराह करके पक्के धरने पर बैठाकर स्वयं भ्रष्टाचार की सांठ-गांठ करते रहे। यह बात पत्रकारों से बातचीत करते हुए बीटीडीएस के वर्तमान चेयरमैन राजेश ठाकुर, मुख्य संरक्षक ध्यान सिंह ठाकुर व वरिष्ठ उपप्रधान कश्मीर सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष बालक राम कपिल ने कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व में रहे दो-तीन पदाधिकारियों की वजह से उस समय इनका तख्त पलट गया। पूर्व कार्यकारिणी ने ट्रांसपोर्टरों को 75 दिन की रगड़ ताल में बैठाकर खुद शिमला में बैठकर एचपी सिविल सप्लाई के रेट में बढ़ोतरी करवाने से रुक गए थे।

बताते चले कि बरमाणा स्थित बीटीडीटीएस की वर्तमान कार्यकारिणी व पूर्व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ हो रही बयानबाजी को लेकर द्वंद्व तेज हो गया है। इसी के चलते वर्तमान कार्यकारिणाी के पदाधिकारियों ने पूर्व कार्यकारिणी के मुखिया व अन्य पदाधिकारियों को लेकर भ्रष्टाचार की सांठ-गांठ करने का आरोप लगाया है। कहा



कि सभा के पूर्व कार्यकारिणी के मुखिया की कारगुजारियों के कारण दो-तीन पदाधिकारी की वजह से उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। उन्होंने कहा कि जब से नई कार्यकारिणी ने कमांड अपने हाथ ली उस दौरान से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी और डिमांड पटरी पर आई है। उन्होंने सभा के पूर्व प्रधान द्वारा लगाए गए बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि इन लोगों ने एक अप्रैल 2023 के कार्यकाल में वार्षिक वृद्धि पर बढ़ाने के लिए लोगों को विश्वास में लिया था, लेकिन इसके विपरीत इन्होंने उल्टे किराए कम करवाए। बल्कि सीमेंट कारखाना प्रबंधन के दबाव में आकर दूरी और किराया भी कम करवाने को लेकर अनुबंध किया। इन्होंने नए डंप खुलवाकर ट्रांसपोर्टरों के साथ खिलवाड़ किया है।

**पानी की किल्लत** — अभी गर्मियां शुरू ही हुईं और पानी की समस्या से परेशान हो गए लोग

# कोसरियां वार्ड में जगह-जगह टूटी पानी की पाइपें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के कोसरियां वार्ड में इन दिनों पानी न आने की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। यहां पर हालात ऐसे हो गए हैं कि रोजमर्रा के लिए भी पानी पर्याप्त नहीं आ रहा है। लोगों को पानी भरने के लिए पैसे देकर टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण कोसरियां वार्ड में जगह-जगह पर टूटी पानी की पाइपें हैं। जिससे यहां पर प्रतिदिन काफी पानी सड़कों पर बह रहा है और लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों आशीष, रवि कपिल, सुलोचना, शंकर, देवी



बिलासपुर शहर के कोसरियां वार्ड में जगह-जगह पर टूटी हैं पाइपें, जिससे लोगों को हो रही पानी की किल्लत।

राम व अन्य का कहना है कि काफी दिनों से यहां पर पानी की काफी समस्या पैदा हो रही है। यहां पर कई बार तो पीने के लिए भी पानी पर्याप्त नहीं आ रहा है। उनका कहना है कि अभी गर्मियों का मौसम शुरू ही हुआ है और अभी से ही पानी की समस्या पैदा होना, काफी चिंता का विषय है। कोसरियां वार्ड के विभिन्न स्थानों पर पानी की पाइपें टूटी हुई दिखाई देती हैं, जिसमें प्रतिदिन सुबह और शाम पानी व्यर्थ बह रहा है, लेकिन इस पर जल शक्ति विभाग बिलकुल भी गौर नहीं कर रहा है।

अगर विभाग टूटी पाइपों को सही कर देता है तो काफी हद तक पानी की समस्या दूर हो सकती है। लोगों ने जल शक्ति विभाग से मांग उठाई है कि यहां पर पानी की समस्या को जल्द हल किया जाए।

> जल्द ही पानी की पाइपों को ठीक कर दिया जाएगा। गर्मियों के मौसम में पानी की समस्या न हो और लोगों को समय पर पानी मिले, इसके लिए विभाग ने अपनी पूरी तैयारियां की हुई है ताकि गर्मियों में पानी की समस्या पैदा नहीं होगी।
>
> -एसई दूबे, आईपीएच विभाग बिलासपुर

मनुष्य नश्वर है, उसी तरह विचार भी नश्वर हैं। एक विचार को प्रचार-प्रसार की जरूरत होती है, जैसे कि एक पौधे को पानी की, नहीं तो दोनों मुरझाकर मर जाते हैं। -डॉ. भीमराव अंबेडकर



संपादकीय

# सियासी भट्ठी में तपती मंडी

हिमाचल का मंडी संसदीय क्षेत्र आजकल हॉट सीट बना हुआ है। इस क्षेत्र में आरोपों-प्रत्यारोपों का एक ऐसा दौर चला है, जिसने देशभर के लोगों की रुचि यहां होने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़ा दी है। इसकी वजह यहां से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के परिवार का आमने-सामने होना है। यहां एक तरफ पारंपरिक दुर्ग और उनकी राजनीतिक विरासत का उत्तराधिकार खड़ा है, तो दूसरी तरफ ग्लैमर की दुनिया से नाता रखने वाली एक ऐसी हस्ती खड़ी है, जिसने अपने बूते दुनियाभर में आज अपनी एक अलग पहचान बना ली है। जहां कंगना हो और कोई विवाद न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। उनका तो विवादों से पुराना नाता है। सवाल बीफ खाने का हो या फिर देश के पहले प्रधानमंत्री का, किसानों का मुद्दा हो या फिर हिमाचल में पिछले साल आई प्राकृतिक आपदा का, कंगना को घेरने के लिए कांग्रेस के कई नेता तैयार हैं। कंगना मंडी में हो या फिर कहीं और, उसके दिए बयानों की चर्चा पूरे देश में होती है। हिमाचल के राजनीतिक इतिहास में यह दूसरी बार हो रहा है, जब कोई सियासी शख्सियत अपनी गैर मौजूदगी में भी चर्चाओं से दूर नहीं है। इससे पहले स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को जब प्रदेश की राजनीति से दूर केंद्रीय मंत्री के दायित्व में सीमित करने के जोरदार प्रयास हो रहे थे, तब भी वह हिमाचल की हर बहस के प्रमुख पात्र बने रहते थे। उनकी हिमाचल में मौजूदगी ही विरोधियों की बेचैनी का सबब बन जाती थी।

अब सवाल यह है कि क्या कंगना हिमाचल की जनता को एक बार फिर उसी दौर की राजनीति का एहसास करवाएंगी, जो कभी स्व. वीरभद्र करवाते थे? क्या वह नारी होने के कारण विरोधियों पर भारी होने जा रही हैं? क्या उसे राष्ट्रीय बहस में हिमाचल के मुद्दे गौण करने से कोई लाभ मिलेगा या फिर कांग्रेस की लंका जलाने की चाह में उसे अपने हाथ भी न जलाने पड़ेंगे। भविष्य में जो भी हो, लेकिन अभी हिमाचल में छोटे पप्पू की खोज इस पहाड़ी राज्य में नई राजनीति की ओर संकेत कर रही है। नित नए राजनीतिक अलंकारों से कंगना बता चुकी हैं कि वह अपनी तरह की बिसात पर कुछ भी फैला सकती हैं। सुर्खियों में बने रहने के लिए वह कुछ भी और किसी को भी अपने निशाने पर ले सकती हैं। जो भी हो, हिमाचल में अब सवाल कंगना बनाम विक्रमादित्य सिंह तक ही नहीं। बागी कांग्रेसी बनाम कांग्रेस, राजनीतिक गोटियां बनाम हकीकत, दोस्त बनाम कार्यकर्ता, पूर्व मुख्यमंत्री बनाम वर्तमान, डबल इंजन बनाम व्यवस्था परिवर्तन और इसी तरह उम्मीदवारों के चयन में कहीं गद्दी बनाम चौधरी, पंडित बनाम राजपूत और दलित बनात कबायली भी होने लगा है।

केंद्र में मंडी से कंगना व विक्रमादित्य में से कोई भी पहुंचे, हिमाचल के सवाल वहां जरूर पहुंचने चाहिए। हिमाचल को इससे फर्क नहीं पड़ता कि अतीत या वर्तमान तक कंगना के विवाद उसे कितना घेर लेंगे, बल्कि उसे यह बताना पड़ेगा कि वह हिमाचल में ऐसा क्या करेंगी, जो अब तक नहीं हुआ। उसका हिमाचल को लेकर क्या विजन है, बात इस पर भी करनी पड़ेगी, क्योंकि यह रील की शूट नहीं है, जहां रिटेक का विकल्प होता है। यहां एक ही टेक होगा। कंगना जीत गईं तो सियासत की रानी कहलाएंगी और हारी तो दूर-दूर तक फिर नजर भी नहीं आएंगी। वहीं, विक्रमादित्य को अपनी लीगेसी से बाहर और हिमाचल के भीतर अपने मकसद के नए चिराग जलाने हैं, तो उन्हें यह चुनाव जीतना ही पड़ेगा, क्योंकि सवाल उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि का भी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने तो स्पष्ट बोल दिया है कि कुछ भी हो जाए, पर कंगना को तो हर हाल में हराना ही है। ऐसे में मंडी लोकसभा सीट क नतीजे पूरे देश के लिए अहम रहने वाले हैं।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों की वर्तमान प्रासंगिकता

जयंती विशेष

'सुखिया सब संसार है खावै अरु सोवे, दुखिया दास कबीर है जागै अरु रोवै।' कबीरदास की ये पंक्तियां केवल कबीरदास पर ही लागू नहीं होतीं, बल्कि उन सभी से इसका सरोकार है, जो भूखे, भयभीत और वांछित समाज के साथ खड़े होते हैं और उनकी मुक्ति के लिए स्वयं जगते और उन्हें जगाते हैं। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर उन्हीं में से एक थे, जिनका पूरा जीवन दलित और वांछित समाज को न्याय दिलाने में व्यतीत हुआ। उन्हीं के भगीरथ प्रयासों से भारत के संविधान में मुख्यधारा से पिछड़ चुके समाज के लिए स्वतंत्र भारत के संविधान में अनेक प्रावधानों के अंतर्गत सामाजिक न्याय को सुनिश्चित किया गया। न केवल वांछित और दलित अपितु प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए गरिमा व आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने के लिए मौलिक अधिकारों की व्यवस्था की गई।

भारतीय संविधान न्याय, समता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित है और समतामूलक समाज के निर्माण पर बल देता है। संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर के योगदान को देखते हुए ही उन्हें संविधान निर्माता के रूप में स्मरण किया जाता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता का मूल्यांकन आजादी के 75 वर्ष बाद भारत में हो रहे सकारात्मक बदलावों के तौर पर देखा जा सकता है। आर्य भारत के मूल निवासी हैं और आर्य भाषा बोलने वाले ही आर्य हैं। जिस समय उन्होंने इस बात को सिद्ध किया, वह ब्रिटिश शासनकाल था। अंग्रजों को इस सिद्धांत की जरूरत नहीं थी, पर स्वतंत्र भारत भी इस बात को 70 वर्ष तक समझ न सका। हम इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि भारतीय राजनीति मानस किस हद तक यूरोपीय विचार का गुलाम था। आज बड़े स्तर पर इतिहास की विकृतियों पर विमर्श खड़ा हुआ है। इस सारे विचार के पीछे अंबेडकर की भूमिका महत्वपूर्ण दिखती है। अंबेडकर ने 1940 में 'भारत विभाजन और पाकिस्तान' पुस्तक लिखी। उसकी भूमिका में वे लिखते हैं 'मैं अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को छोड़कर राष्ट्र के महत्वपूर्ण मुद्दे से देश को अवगत करवाना चाहता हूं। कोई भ्रम में न रहे। नारे-नारे रह जाएंगे। एकता और अखंडता की बात राजनीतिक गलियारों से आती रहेगी और जनता खुद अपने को ठगा सा महसूस करेगी।

देश का विभाजन हो जाएगा। अब विभाजन रोक पाना मुश्किल है। अंग्रेजों की सांप्रदायिकतापूर्ण नीतियों के सामने हमारे नेताओं ने हथियार डाल दिए हैं। यदि आप यह समझते हैं कि स्वतंत्रता के बाद सांप्रदायिकता का विष कम हो जाएगा, ऐसा होने वाला नहीं है। भारत के लोकतंत्र और विकास के लिए विभाजन हो जाना ही लाभकारी सिद्ध होगा। अंबेडकर को संदेह की दृष्टि से देखने वाले ये भूल जाते हैं कि भारत की एकता और अखंडता के प्रति वे कितने सजग थे। 1942 में उन्होंने कहा था 'यदि भारत के लिए खून बहाने की आवश्यकता पड़ेगी तो उसके लिए अंबेडकर पहला व्यक्ति होगा।' भारत की राजनीति को सांप्रदायिक तुष्टिकरण की दिशा में ले जाने का काम जितना अंग्रेजों ने किया, उस कार्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी पीछे नहीं रही। इसीलिए अंबेडकर राजनीतिक स्वतंत्रता से पहले सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के पक्ष में थे, ताकि स्वतंत्र भारत में प्रत्येक नागरिक पूर्ण गरिमा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जी सके।



लेखक : डॉ. चेतराम गर्ग
निदेशक, ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान हमीरपुर

भारतीय सांस्कृतिक विविधता के बारे में अंबेडकर कहते हैं कि सांस्कृतिक रूप से यह राष्ट्र अत्यंत गूंथा हुआ है। इसी आधार पर मेरा कहना है इस प्रायद्वीप को छोड़कर संसार का अन्य कोई देश नहीं है, जिसमें इतनी सांस्कृतिक समरसता हो। हम केवल भौगोलिक दृष्टि से भी सुसंगठित नहीं हैं, बल्कि हमारी सुनिश्चित एकता भी अविच्छिन्न और अटूट है, जो पूरे देश में चारों दिशा में व्याप्त है। भारत की संस्कृति जोड़ने में विश्वास करती है। बहु-देववाद हमारी विशिष्टता है, कमजोरी नहीं। भारत की सहन क्षमता अपार है। सब कुछ सहन करते हुए भारत उभरा ही नहीं, बल्कि आज दुनिया के केंद्र में आ खड़ा हुआ है। धारा 370, समान नागरिक संहिता, नागरिकता संशोधन बिल, मातृशक्ति विधेयक इत्यादि ऐसे कार्य हैं, जिनकी कल्पना कभी डॉ. भीमराव अंबेडकर ने की थी।

सामाजिक न्याय और महिला अधिकारों के विषय पर ही तत्कालीन सरकार के साथ उनका विरोध था। जब उनकी बात को सुना नहीं गया तो उन्होंने नेहरू सरकार से त्याग पत्र देना ही बेहतर समझा। आज की युवा पीढ़ी को बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों की गहराई एवं महता से भली-भांति अवगत होकर प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्हें मालूम होना चाहिए कि देश में लोकतंत्र, समाजवादी, आर्थिक व्यवस्था, समानता का अधिकार व सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण थी। वास्तव में बाबा साहेब के चिंतन-दर्शन में हर जाति, वर्ग, समुदाय की मुक्ति और उत्थान के बीज समाहित हैं, लेकिन अफसोस इस बात का है कि उन्हें केवल दलित वर्ग के मसीहा के रूप में ही स्थापित कर दिया गया है। आज जरूरत इस बात की है कि अंबेडकर के विचारों को इस देश का हर तबका अपनाए, तभी सम्यक विकास और समरसता स्थापित हो सकती है। वर्तमान भारत बाबा साहेब के विचारों और उनकी सोच के अनुरूप आगे बढ़ रहा है। भारत का नाम आज दुनिया के पहली पंक्ति के देशों में आता है। पर्यावरण, आतंकवाद जैसी वैश्विक समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए विश्व के देश भारत की ओर आशा की उम्मीद से देख रहे हैं। विश्व में भारत विश्वास और अटूट सामर्थ्य का पर्याय बन चुका है।

अर्थव्यवस्था के स्तर पर भी भारत की मजबूत स्थिति बनी हुई है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वर्तमान सरकार ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत की वर्तमान विकास दर और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह कार्य अधिक कठिन नहीं प्रतीत होता, किंतु वर्तमान में प्रचलित रेवड़ी संस्कृति, राजनीतिक भ्रष्टाचार, लोकतंत्र में विचार-विमर्श का गिरता स्तर, सकारात्मक विपक्ष की भूमिका का अभाव इत्यादि ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समय रहते हल ढूंढना आवश्यक है, तभी भारत समयबद्ध अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल हो पाएगा और यही बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# संविधान के कारण दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत

दुनिया जानती है कि भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर का अभूतपूर्व योगदान रहा है, इसलिए उन्हें संविधान निर्माता के नाम से पहचाना जाता है। भारतीय संविधान के कारण ही भारत दुनिया में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। देश के इस लोकतांत्रिक स्वरूप को बनाए रखने के लिए आज हमें सजग रहने की आवश्यकता है।

भारतीय संविधान के सूत्रधार एवं चिंतक डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की अद्वितीय प्रतिभा देश व समाज के लिए अनुकरणीय व अग्रणीय रही है। वह एक प्रख्यात मनीषी, समाज सेवक, नायक, विद्वान, दार्शनिक एवं धैर्यवान बौद्धिक व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपना जीवन समग्र भारत के कल्याण की कामना हेतु उत्सर्ग कर दिया था। विशेषकर 80 प्रतिशत उन दलित, सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त लोगों के लिए, जिन्हें शोषण व पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अंबेडकर का जीवन संकल्प रहा।

लेखक : डॉ. श्रीगोपाल नारसन
वरिष्ठ पत्रकार

डॉ. अंबेडकर की सोच थी कि समाज को श्रेणीविहीन और वर्णविहीन करना होगा क्योंकि श्रेणी ने इंसान को दरिद्र और वर्ण ने इंसान को दलित बना दिया है। जिनके पास कुछ भी नहीं है, वे लोग दरिद्र माने गए और जो लोग कुछ भी नहीं है, वे दलित समझे जाते थे। बाबा साहेब ने इसी भेदभाव के प्रति संघर्ष का बिगुल बजाकर समाज को जागरूक करने की कोशिश की। वे कहते थे कि छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकार वसूल करना होता है। उन्होंने कहा था कि हिंदुत्व की गौरव वृद्धि में वशिष्ठ जैसे ब्राह्मण, राम जैसे क्षत्रिय, हर्ष की तरह वैश्य और तुकाराम जैसे शूद्र लोगों ने अपनी साधना का प्रतिफल जोड़ा है।

उनका हिंदुत्व दीवारों में घिरा हुआ नहीं है, बल्कि ग्रहिष्णु, सहिष्णु व चलिष्णु है। बाबा साहेब अंबेडकर की विद्वता का प्रमाण यह है कि वे 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिंदी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों को लेकर तुलनात्मक अध्ययन किया था। लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स से 'डॉक्टर ऑल सायन्स' नामक अनमोल डॉक्टरेट पदवी प्राप्त करने वाले बाबा साहेब विश्व के पहले और एकमात्र महापुरुष रहे हैं। 26 नवंबर सन् 1949 को डॉ. अंबेडकर के नेतृत्व में (315 अनुच्छेद का) भारतीय संविधान पारित हुआ। डॉ. भीमराव अंबेडकर मधुमेह से पीड़ित हो गए थे। दुर्भाग्य से 6 दिसंबर सन 1956 को उनकी मृत्यु दिल्ली में सोते समय घर पर ही हो गई। सन 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया गया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## माता का दरबार



शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

*माता के दरबार में, चुन-चुन बनाऊं हार मैं।*
*माता के गले माला डालूं नवरात्र त्योहार में।*
*सेज सजाऊं माता तेरी सुगंधित इन फूलों से,*
*गुड़-चने का भोग लगाऊं मैया को हर बार मैं।*
*बात फूलों की करूं प्यारे सुमन मां आप को,*
*लाल सफेद फूलों से करूं मैया तेरा श्रृंगार मैं।*
*बात फूलों की कहूं चरण में पुष्प अर्पित करूं*
*सुंदर फूलों की महक है आती तेरे दरबार में।*
*अती सुंदर रूप प्यारा कृपालु दयालु मां मेरी,*
*प्यार करती बच्चों से ममता भरी मां प्यार में।*
*भव्य मंदिर है मैया का ढोल नगारे हैं बज रहे,*
*फूल मेवा लिए थाल में भक्त खड़े हैं कतार में।*
*तेरी पावन मूरत पर मां फूलों की वर्षा हो रही,*
*श्रद्धा से भाव-विभोर हुए भक्त तेरे जयकार में।*
*खाली कोई जाता नहीं, झोलियां सब की भरे,*
*शीश झुकाए हैं नर-नारी खड़े तुझे दरबार में।*

# लव जिहाद को दारुल इस्लाम के लिए बनाया जा रहा हथियार

फिल्म 'द केरल स्टोरी' एक बार फिर चर्चा में है, किंतु इस बार इसके चर्चा में आने का कारण बना है चर्च। यह फिल्म इडुक्की डायोसीज चर्च में कक्षा 10, 11 और 12 की छात्राओं के लिए प्रदर्शित की गई। चर्च ने 'लव जिहाद' के खतरों पर प्रकाश डालते हुए 'प्यार' पर एक पुस्तिका भी जारी की। केरल में कई ईसाई धर्मगुरु राज्य में ईसाई लड़कियों के इस्लाम में धर्मांतरण का मुद्दा लगातार उठा रहे हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि इस पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाए। वास्तव में फिल्म को चर्च में ईसाई लड़कियों को दिखाया जाना कोई सामान्य बात नहीं है। कहना होगा कि कहीं कुछ हो रहा है, जो बहुत ही अनुचित है। चिंता में डालता है। भविष्य को लेकर भयाक्रांत करता है। अपने समाज अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष और जागरूकता के लिए प्रेरित करता है।



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

दरअसल, 'लव जिहाद' यह शब्द जब पहली बार प्रचलन में आया तो सेक्युलर जमात ने इसका मजाक बनाने में जरा भी देरी नहीं की थी। कहा गया, मुसलमान और इस्लाम को बदनाम करने के लिए भारत में कट्टर हिंदुओं ने यह शब्द गढ़ा है, 'लव जिहाद' जैसा कहीं कुछ भी नहीं होता। कोई मुसलमान 'लव जिहाद' नहीं करता। किंतु इस 'लव जिहाद' की सच्चाई यह है कि इस शब्द की उत्पत्ति किसी हिंदू मन की उपज नहीं है। वर्ष 2003 और 2004 में इग्लैंड समेत तमाम यूरोपीय देशों में इस बात को लेकर विवाद की शुरुआत हुई कि मुस्लिम युवा वहां की ईसाई लड़कियों को बहला-फुसलाकर न केवल काबू में कर रहे हैं, बल्कि उनको इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उसी समय सबसे पहले इस्लाम के इस क्रूर चेहरे को लव जिहाद का नाम दिया गया। वहीं, भारत में 14 साल पहले 'लव जिहाद' शब्द का पहली बार इस्तेमाल हुआ, जब केरल कैथलिक बिशप काउंसिल ने दावा किया था कि लगभग 4,500 लड़कियों को लव जिहाद का निशाना बनाया गया है।

इसी दौरान हिंदू जनजागृति संगठन का भी आरोप सामने आया था कि केरल में 30,000 लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया गया है। ध्यान रहे, यह आंकड़ा केरल राज्य का है, वह भी चौदह वर्ष पहले का। कहना होगा कि इस्लाम से जुड़े कुछ शरारती तत्वों के दिमाग से उपजे इस विचार का आतंक कितना भयंकर है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सिर्फ हिंदू तन, मन, जीवन ही नहीं ईसाइयत भी इससे आज अपने पर भारी संकट अनुभव कर रही है। चर्च चिंतित है कि कहीं यह इस्लामिक 'लव जिहाद' उनके अस्तित्व को ही न निगल ले। यह बेहद गम्भीर विषय है। आज लगातार देश भर से सामने आ रहे इस तरह के मामले यह सिद्ध कर रहे हैं कि इस्लाम को मानने वाले मुसलमानों में शरारती तत्वों ने 'लव जिहाद' को 'दारुल इस्लाम' के लिए अपना हथियार बना लिया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का बलिदान अतुलनीय

जयंती विशेष

भारत रत्न, महान शिक्षाविद एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। भीमराव अंबेडकर ने समस्त जीवन जनता के अधिकारों की रक्षा करने में समर्पित कर दिया, बदले में उन्हें सिवाए मृत शैया के कुछ नसीब नहीं हुआ? भीमराव अंबेडकर ने हर तरह की शिक्षा छात्रवृत्ति में पास करके अपने लक्ष्य को हासिल करके एक अनूठी मिसाल कायम की थी। भीमराव देश के पहले ऐसे व्यक्ति रहे, जिसने हर तरह की शिक्षा ग्रहण करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम भी कमाया था। अंबेडकर सकारात्मक सोच के मालिक और एक बेहतरीन लेखक भी रहे।

भीमराव अंबेडकर का मानना था कि किसी भी देश का संविधान तभी जनता की उम्मीदों पर खरा उतर सकता है, जब तक वहां की सरकारें ठीक होंगी? आज संविधान दिवस और अधिकांश जनता आरक्षण की वजह से सिर्फ अंबेडकर को दोषी मानती है, मगर सरकारों ने इसे लागू करके इसे खत्म किए जाने के बजाय इसका दायरा निरंतर बढ़ाया, यह कोई नहीं सोचने को तैयार नहीं है। अंबेडकर ने पुस्तकें लिखकर भी समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। भारत रत्न भीमराव अंबेडकर को आजादी के सात दशक गुजर जाने के बावजूद भी सही मान-सम्मान नहीं मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश में पिता राम जी सकपाल और माता भीमा भाई के घर हुआ। अंबेडकर बचपन से ही जन्मजात प्रतिभा का मालिक और अपने भाई-बहनों में भी सबसे आगे रहता था। अंबेडकर महार जाति से संबंध रखते थे, जिन्हें समाज के लोग अछूत मानते थे। अंबेडकर परिवार के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव समाज की ओर से किया जाता था। भीमराव को यह प्रताड़ना बेचैन कर देती थी। अंबेडकर के पूर्वज ब्रिटिश छावनी मऊ में काम करके आजीविका कमाते थे। अंबेडकर के पिता रामजी सकपाल ने अपने बच्चों की पढ़ाई पर जोर दिया था। 1984 को अंबेडकर के पिता सेवानिवृत्त हो गए और दो साल बाद उनकी माता भीमाबाई का देहांत हो गया। विपदा की घड़ी में अंबेडकर उसके भाइयों बलराम, आनद राब, बहनों मंजुला और दुलासा का पालन-पोषण उसकी चाची ने किया। भीमराव अंबेडकर को एक ब्राह्मण शिक्षक महादेव का भरपूर स्नेह मिला था। उस शिक्षक के कहने पर ही भीमराव ने अपने नाम के साथ अंबेडकर लगाना शुरू किया था। सकपाल नाम की बजाय अंबेडकर लगाने के पीछे वजह यह थी कि उनके गांव का नाम अबाबड़े था। विद्यार्थी जीवन में उनकी शादी पार्वती से हुई और इस बीच वह मुंबई में बीए की पढ़ाई स्कॉलरशिप से पास करके अपने लक्ष्य की ओर निकल पड़े। 1913 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एमए, पीएचडी में दाखिला लिया। पीएचडी अब्ल्यूशन ऑफ प्रोवेंशल फाइनांस इन ब्रिटिश इंडिया में भी बाजी मारी। 1916 को लंदन ऑफ इकोनॉमिक्स डिकेन ट्रिलएजेक्शन ऑफ इंपीरियल इन ब्रिटिश की पढ़ाई पास करके ब्रिटिश लोगों में अपना लोहा मनवाया। इस बीच अंबेडकर की स्कॉलरशिप खत्म होने पर वापस भारत लौटना पड़ा। उन्होंने बड़ौदा के एक कॉलेज में बतौर प्रोफेसर अपनी सेवाएं देना शुरू कीं, मगर अपने काम से संतुष्ट नहीं हुए। 1923 में एमए, पीएचडी कोलंबिया, एमएससी, डीएससी लंदन और भारत लॉ की डिग्री भी लंदन से ही पास की। 8 अगस्त 1930 को भीमराव अंबेडकर ने शोषित वर्ग के महासम्मेलन में अपनी राजनीतिक सोच दलित समाज के समक्ष रखी। वह अपने विचारों में कांग्रेस और महात्मा गांधी की कड़ी आलोचना करते नहीं थकते थे। 15 अगस्त, 1947 को भीमराव अंबेडकर को संविधान समिति का अध्यक्ष चुना गया। संविधान में सभी लोगों को अधिकार दिए जाने के साथ-साथ दलित वर्ग के लिए दस साल तक आरक्षण का प्रावधान भी किया। स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दलितों के लिए मुजारा एक्ट बनाकर उन्हें अपना पक्षधर बना लिया। इस एक्ट अनुसार जो दलित जगीरदारों की जमीनों में काम करके अपना पेट पालते थे, उन्हें उसी जमीन का मालिकाना हक भी दिलवाया। यही वह समय था, जब दलित समुदाय कांग्रेस को अपना पालनहार समझने लगे।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

समय गुजरता गया और सरकारों ने दलितों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। देश का संविधान लागू होने के बावजूद दलितों का उत्पीड़न कम नहीं हो रहा था। इस वजह से अंबेडकर की चिंताएं बढ़ती जा रही थीं। डॉ. अंबेडकर ने 14 अक्तूबर 1956 को नागपुर में एक विशाल जनसभा में पांच लाख दलितों के साथ हिंदू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। एक मात्र यही कारण रहा कि भीमराव अंबेडकर को अब तक सम्मान नहीं मिल पाया है। इस बीच अंबेडकर मधुमेह से ग्रसित होकर छह साल के बाद 6 दिसंबर को उनकी मृत्यु हो गई। अंबेडकर की मृत्यु के बाद दलित समाज असहाय हो गया और उस पर अत्याचारों का दौर शुरू हो गया। आरक्षण के असली हकदार आज भी अपने अधिकार हासिल नहीं कर पा रहे हैं। आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि हर वर्ग आरक्षण की मांग करके सड़कों पर उतर रहा है। सरकारों की मजबूरी बनती जा रही है कि न तो इसे बंद कर पा रही है और न ही दूसरे वर्गों को इस श्रेणी में ले पा रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महिला सशक्तिकरण के हिमायती डॉ. भीमराव अंबेडकर

जयंती विशेष

हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। बाबा साहेब की जयंती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि हम सब सच्चे मन से उनके बताए मार्ग का अनुसरण करेंगे। उनके बनाए संविधान का पालन करेंगे। ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे देश के किसी कानून का उल्लंघन होता हो। चूंकि बाबा साहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच-नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिए उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है, उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ के एक गरीब परिवार में हुआ था। उनका परिवार मराठी था, जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिला स्थित अंबावडे नगर से संबंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वह हिंदू महार जाति के थे, जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनका बचपन बेहद कष्ट में बीता। बाबा साहेब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढ़ने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षा कवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं, इसका श्रेय किसी को जाता है तो वह डॉ. भीमराव अंबेडकर हैं। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. अंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग अंबेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते हैं, जबकि उन्होंने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था।



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
हिंदुस्थान समाचार

उन्होंने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था, मगर देश की गंदी राजनीति ने उन्हें सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डॉ. अंबेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें, अपितु नौकरी देने वाले भी बनें। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो अंबेडकर संभवत: पहले अध्येता रहे हैं, जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी।

उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। अंबेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी।

हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण अंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आए थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी, पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण अंबेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ. भीमराव अंबेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

डॉ. भीमराव अंबेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओं के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में अंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लड़कों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाएं तो प्रगति कर सकते हैं। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**नगरोटा** बगवां में आवारा पशुओं की समस्या को हल करने की जरूरत है। सड़क पर घूम रहे आवारा पशु वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। दिन को तो ये आराम से दिख जाते हैं, लेकिन जब लोग रात को सफर करते हैं तो कई बार ये अचानक सड़क पर आ जाते हैं और वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में यदि वाहन चालक की स्पीड ज्यादा हो तो उसे गाड़ी कंट्रोल करने में समय लग जाता है तथा जब तक गाड़ी कंट्रोल होती है, तब तक एक्सीडेंट हो जाता है। कई बार लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, जिन्हें समय रहते अस्पताल नहीं पहुंचाया गया तो उन्हें जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है। इन आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए सरकार के पास अभी तक कोई पुख्ता योजना नहीं है। कई सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। कुछ योजनाएं बनती भी हैं तो वह महज कागजी ही साबित होती हैं। ये आवारा पशु फसलों को भी चट कर जाते हैं। किसानों को अपनी फसल का मुनाफा तो दूर की बात बीज और खाद की कीमत भी वसूल नहीं हो रही है। यही वजह है कि लोगों का अब कृषि से मोह भी भंग होने लग पड़ा है।

**-जगदीश चंद, नगरोटा बगवां**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बाइक रैली से आपसी भाईचारे को बढ़ाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा ने बाइक रैली निकाली। शीतला पुल चंबा से शुरू हुई यह बाइक रैली चंबा बाजार का चक्कर लगाते हुए मुगला नामक स्थान पर जाकर सम्पन्न हुई। यह सफर युवाओं ने बाइक के माध्यम से तय किया तथा समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाने का संदेश दिया।

अंबेडकर मिशन सोसायटी कार्यकारिणी चंबा वरिष्ठ सदस्य सहायक प्रो. अविनाश कुमार ने कहा कि विश्व रत्न, ज्ञान के प्रतीत महान निर्मिता, शिल्पकार व संविधान रचेता डॉ. भीमराव क जयंती भारत एवं पूरा विश्व जहां मना रहा है।

इसी कड़ी में चंबा में भी अंबेडकर मिशन सोसायटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उनकी यादगार के रूप में किसा जा रहा है। जिसमें सर्वप्रथम मिशन द्वारा बाइकों के माध्यम से एक जागरूकता रैली आयोजित कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया।


बाइक रैली के दौरान मौजूद प्रतिभागी एवं गणमान्य लोग।

वहीं अंबेडकर सोसायटी धड़ोग से एक जागरूकता रैली निकाली। जोकि उपायुक्त कार्यालय बाहर अंबेडकर प्रतिमा को पुष्प अर्पित करने सहित बाजार की परिक्रमा की।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हर वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। जिसकी बदौलत आज भारत का संविधान विश्व विख्यात होने सहित भारत के हर वर्ग को हर अधिकार प्राप्त है।

बाबा भीमराव अमेडकर की जयंती हर वर्ष की भांति 14 अप्रैल को ही मनाई जाती है पर इस बार युवाओं को आपसी भाईचार को और भी सुदृढ़ बनाए रखने एक दिन पहले 13 अप्रैल बैसाखी के दिन इस बाइक रैली का आयोजन किया गया है।

# तीन साल से फरार भगोड़ा मनाली में काबू

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

जिला चंबा के पीओ सैल को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पिछले 3 साल से अदालत द्वारा भगोड़ा करार दिया गया अपराधी जिस पर आईपीसी धारा 451 323 एवं 326 के तहत आपराधिक धाराओं के तहत मामले दर्ज थे। पीओ सेल को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की बलदेव राज पुत्र जोगिंद्र गांव बेई डाकघर स्मूथ तहसील सिंहुता जिला चंबा जो पिछले तीन वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंकता आ रहा है वह मनाली में गुपचुप तरीके रह रहा है।


गिरफ्तार आरोपी पीओ स्टाफ के साथ।

चंबा के पीओ सेल ने अचानक जानकारी मुताबिक जगह पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। तो वहीं आरोपी को माननीय अदालत में भी पेश किया जाएगा। इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### घाराण के युवक ने ड्रीम11 से जीते एक करोड़



**डलहौजी।** उपतहसील भलेई के अंतर्गत गांव घाराण के निवासी महेंद्र ने एक करोड रुपए नगद जीतकर पूरे क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महेंद्र सिंह बड़े ही साधारण परिवार से संबंध रखने वाले हैं जो कि पेशे से ड्राइवर है जो कि जनजातिय क्षेत्र भरमौर में एंजेलिक कंपनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तो वहीं महेंद्र की धर्मप ी आंगनबाड़ी वर्कर हैं। महेंद्र ने बताया कि वह इस जीत का श्रेय माता भलेई को देना चाहते हैं।

### चुराह में ट्रक हादसे में दो की मौत, एक घायल

**तीसा।** चुराह में ट्रक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया है। पंजाब से मवेशीयों को लेकर आया वाहन एचपी 57-6035 चांजू से पशुओं को छोड़कर वापस आते समय बघेई नामक स्थान पर ट्रक गहरी खाई में जा गिरा। वहीं लोगों ने पुलिस चौकी नकरोड़ में हादसे की सूचना दी। हेड कांस्टेबल योग राज की अगुआई में टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकालना शुरू किया। हादसे पर दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था जबकि एक अन्य व्यक्ति को सिविल अस्पताल तीसा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को चम्बा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

वहीं जान गवाने वालों में सादिक पुत्र राजबली उम्र 18 साल गांव ज्यूरी डाक घर चरड़ा स्वारू पुत्र गुलाम हुसैन उम्र 20 वर्ष गांव ज्यूरी डाकघर चरड़ा इन दोनों का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस चौकी नकरोड़ प्रभारी अशोक पठानिया ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है की हादसे में चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकद्दमा दर्ज कर दिया गया है।

### फिरौती के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**मंडी।** पुलघराट में हुए चिट्टा केस के बाद मांगी गई फिरौती के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस चिट्टा केस में मौके से भाग गए दो आरोपियों में से एक की सुकेती खड्ड में डूबने से मौत हो गई थी। मृतक आरोपी के पिता ने पुलिस को शिकायत की थी कि दो अप्रैल को उनके लड़के को छुड़ाने के नाम पर अढ़ाई लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। पुलिस द्वारा तुरंत गहन जांच शुरू की गई तथा यह पाया गया कि इसमें कुल तीन व्यक्ति संलिप्त थे, जिनमें से एक मंडी का स्थानीय निवासी व दो पंजाब के हैं। शिकायतकर्ता के बेटे ऋषि राज के नाम पर फिरौती की मांग की, हालांकि फिरौती का पैसा डिलीवरी नहीं हुआ। इन तीनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि केस की जांच जारी है। जिसके दौरान सभी पहलुओं पर विस्तृत जांच की जाएगी।

# ऐतिहासिक जिला स्तरीय सूही मेला संपन्न

**एमएम डैनियल, चंबा**

रिमझिम फुवारों के साथ तीन दिनों तक ही मनाएं जाने वाले ऐतिहासिक जिला स्तरीय सूही मेले का रानी सुनयना देवी का प्रतिचिन्ह मलूणा समाधि स्थल से वापस पिंक पैलेस लौटते ही संपन्न हो गया।

इस अवसर पर सदर विधायक नीरज नैयर ने जहां बतौर मुख्यातिथि अंतिम दिन शोभायात्रा में शिरकत की। वहीं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल, नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैयर, उपाध्यक्ष सीमा कश्यप, सहित प्रशासनिक अधिकारियों व चंबा की समृद्ध जनता महिला/पुरूषों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रानी सुनयना देवी के बलिदान का श्रद्धाजंलि अर्पित की।

गौर हो कि रियासतकाल में चंबा में पीने के पानी की काफी समस्या थी। एक रात राजा को सपना आया कि यदि वह खुद या अपने किसी प्रिय की बलि दें तो नगर में पानी की कमी दूर हो जाएगी। रानी ने परेशानी की वजह पूछी तो राजा ने सपने की बात बताई। तब रानी ने खुशी से प्रजा की खातिर अपना बलिदान देने का हठ बांध लिया। वह जिंदा ही जमीन में दफन हो गई और फिर पास ही जलधारा फूट पड़ी थी। रानी के बलिदान का स्मारक सूही मंदिर के रूप में बन गया। (अनंत ज्ञान)


मेले के अंतिम दिन पूजा-अर्चना करते शहरवासी।

### पूजा-अर्चना के साथ हुई बारिश

**वहीं** एक परंपरा यह भी कभी चली आ रही है कि चाहे कितना भी साफ आसमान हो, लोकगीत के गाने के बाद चंबा में बारिश जरूर होती है। जिसकी जीती-जागाती मिसाल शनिवार को दोपहर बाद ही मौसम ने करवट लेकर सिद्ध कर दिखाया। एक ओर जहां रानी सुनयना देवी का प्रतिचिन्ह मलूणा समाधि स्थल पर पूजा-अर्चना होती रही। तो वहीं दूसरी ओर वर्षा की रिमझिम फुवारें गिरती रही। यह सिलसिला तब तक कायम रहा जब तक रानी सुनयना देवी का प्रतिचिन्ह मलूणा समाधि स्थल से वापस पिंक पैलेस नहीं पहुंच गई।

### अब तीन दिन तक मनाया जाता है सूही मेला

ऐतिहासिक जिला स्तरीय सूही मेला पर्व रानी सुनयना देवी की याद में हर वर्ष आयोजित किया जाता है। पहले यह मेला 15 चैत्र से पूरे एक महीने तक लगता था, लेकिन बदलते युग के साथ-साथ इस पर्व की अवधि भी कम हो गई। अब सूही मेला केवल तीन दिनों तक ही मनाया जाता है। सूही मेले के अंतिम दिन शोभायात्रा के समापन के वक्त रानी सुनयना को समर्पित एक लोकगीत, गुड़क चमक भाऊआ मेघा हो, बरैं रानी चंबयाली रे देसा हो, किहां गुड़कां-किहां चमकां हो, अंबर भरोरा घणे तारे हो, कुथुए दी आई काली बादली हो, कुथुए दा बरसेया मेघा हो', गाया जाता है। चैत्र मास के अतिरिक्त इस लोकगीत को गाना अशुभ माना जाता है।


मेले के दौरान महिलाएं नृत्य करती हुई।

# प्रकृति व संस्कृति के लिए जाना जाता है हिमाचल : अर्नव



हिमाचल दिवस पर प्रस्तुति पेश करते बच्चे।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

### चंबा मिलेनियम स्कूल सरु में धूमधाम से मनाया हिमाचल दिवस

चंबा मिलेनियम पब्लिक स्कूल लवकना सरु में हिमाचल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी आकाश महाजन ने किया। इस अवसर पर अपने अभिवादन में प्रशासनिक अधिकारी आकाश महाजन ने हिमाचल प्रदेश दिवस और प्रदेश की स्थापना पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य निर्माण में जिला चंबा अटूट महत्व और स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक दौर में चंबा सहित तीन अन्य रियासतों को जोड़ कर राज्य का गठन हुआ। जिसके बाद विशाल हिमाचल प्रदेश राज्य की स्थापना हुई। जिसके चलते वर्तमान में हिमाचल प्रदेश को 12 जिलों और 68 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश की ऐतिहासिक पलों की भी उन्होंने जानकारी अपने वक्तव्य में सांझा की।

वहीं स्कूल प्रधानाचार्य अर्नव चक्रवर्ती ने कहा कि हमारा हिमाचल प्रदेश प्रकृति और कला संस्कृति से लगाव के साथ-साथ अपने साहस और शौर्य के लिए जाना जाता है। उन्होंने बच्चों को हिमाचल प्रदेश को विकसित बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

इस दौरान बच्चों के द्वारा हिमाचली नृत्य, पंजाबी लोक नृत्य, एकल नृत्य, समूह गान, भाषण तथा नाटक आदि प्रस्तुतियां दी गई।

इस मौके पर स्कूल स्टाफ मेंबर, छात्र छात्राओं सहित कई गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# पुल की मांग का पूलन पंचायत ने किया समर्थन

**ओपी शर्मा, भरमौर**

भरमौर के ग्राम पंचायत बडग्रां के निवासियों की पुल की मांग का पंचायत पूलन के प्रधान ने भी समर्थन किया है। पूलन की प्रधान अनीता कपूर ने कहा कि बरसों से चली आ रही पुल की मांग अभी तक पूरी नहीं हो पाई है, जिस कारण अब तक यहां पर 50 से अधिक लोगों की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है।

अनीता कपूर ने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर उनके निर्णय का समर्थन करती हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि उनकी मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। पिछले कई वर्षों से इस पंचायत में पुल का निर्माण न होने के कारण कई लोग हादसों में अपनी जान गंवा चुके हैं। मतदान लोकतंत्र की नींद है, लेकिन यहां के लोगों की मांग भी बिल्कुल जायज है। उन्होंने कहा की सड़कें भाग्य की रेखाएं हैं लेकिन आज भी ट्राइबल क्षेत्र में लोगों को सड़क सुविधा से वंचित रखा गया है। जिस कारण लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि व्यक्तिगत तौर पर उनकी मांग का समर्थन करती हैं और उनकी मांग के साथ खड़ी है। यहां के लोगों ने प्रशासन व नेताओं को दो टूक चेतावनी दी है कि लोकसभा चुनाव से पहले अगर उनके पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है तो समस्त पंचायतवासी इस बार लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि आज जहां पर एक महीने के भीतर पुलों का निर्माण हो रहा है, लेकिन बड़ग्रां पंचायत को जोड़ने वाले पलाणी पुल पिछले 20 वर्षों से निर्माणाधीन है और उसका अभी तक निर्माण नहीं हो पाया है।


अनीता कपूर।

जिसके कारण अभी तक यहां पर कई लोग हादसों में अपनी जान को आ चुके हैं। यहां के लोगों ने बाकायदा रविवार के दिन विशेष ग्राम सभा का आयोजन भी रखा है। जिसमें समस्त ग्रामीणों ने व महिला मंडलों ने चुनाव का बहिष्कार करने के लिए अपने आधार कार्ड व वोटर आईडी कार्ड एक कमेटी को सौंपने का ऐलान कर दिया है । जिसके बाद कोई भी व्यक्ति यहां पर लोकसभा में वोट नहीं करेगा।

# गांव लिल्ली के ज्वालामुखी मंदिर में करवाया जागरण


लंगर ग्रहण करते हुए लोग।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भनौता के गांव लिल्ली में ज्वालामुखी मंदिर में जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शाम को जागरण तथा सुबह हवन करके भंडारे का आयोजन किया गया।

जागरण के गायक राकेश कुमार शर्मा व राजु ने माता की भेंटे गा कर पंडाल पर बैठे लोगों को नाचने को मजबूर कर दिया एक से एक बढ़कर माता की भेंट गई। जागरण की शुरूआत में गणेश वंदना, चलो बुलावा आया है, मां की लाल चुनरिया, बैरा वाली माता, शेर पर सवारी मेरी माता, तेरी ज्योती जागे सारी रात भजन गाकर गायक राकेश शर्मा पंडाल पर बैठे लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। यह जानकारी कमेटी प्रधान दिपेश शर्मा ने दी ।

# लोगों को मतदान के लिए किया प्रोत्साहित

**आरके रांगड़ा, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को चुनावों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला चंबा के सबसे वरिष्ठ नागरिकों में से एक नुरध राम सुपुत्र शम्भू राम गांव बलोड़ी डाकघर मंजीर तहसील सलूणी जिला चंबा की आयु 109 वर्ष हो चुकी है, जिनसे प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के सदस्यों ने संस्था संचालक दीपक भाटिया की अगुआई में शिष्टाचार भेंट की।

इस भेंट में नुरध राम ने विभिन्न सवालो के जवाब दिए, जिनमें से चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर उन्होंने बताया की चाहे वार्ड मैंबर, प्रधान, विधायक या लोकसभा का चुनाव हो वह सभी चुनाव में मतदान करते हैं। बुजुर्ग मतदाता नुरध राम ने बताया कि वह जीविका के लिए कारपेंटर का काम करते थे। 1971 में बैरा सियूल एनएचपीसी में कारपेंटर के पद पर नियुक्ति हुई। मतदाता नुरध राम का कहना है कि अंग्रेजों व राजाओं की गुलामी काल से लेकर भारत की आजादी तक का सफर तय किया है। इस मौके पर प्रेरणा संस्था से नवीश भाटिया, शिवाय भाटिया, भुवनेश पूरी आदि मौजूद थे।


मतदाओं को जागरूक करने के दौरान मौजूद संस्था के सदस्य।

## सूडोकु 0032 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0031 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

14 अप्रैल, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** षष्ठी: (11:46) : **नक्षत्र :** आद्रा (01:35), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** अतिगंड (11:32) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55-12:47), **राहुकाल** (05:10 -6:46)।

### विशेष दिन

- 14 अप्रैल 2024 : डॉ. अम्बेडकर जयंती आज।
- 15 अप्रैल 2024 : विश्व कला दिवस कल।

**मेष :** अपने विवेक से काम करें, आप चाह कर भी काम नहीं कर पा रहे हैं। न्यायालय से जुड़े मामलों में लापरवाही बिलकुल न करें।

**वृषभ:** कुछ लोग आलोचना करेंगे। सामाजिक कार्यों में आप का सहयोग रहेगा। आज समय का सदुपयोग होगा।

**मिथुन:** बोलते कुछ है और करते कुछ हैं। पहले खुद समझें करना क्या है। नवीन कारोबार में सफल होंगे।

**कर्क :** पैसों से संबंधित विश्वास न करें। स्थायी संपत्ति के निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। व्यापार में अनुकूल अवसर मिलेंगे पर समझदारी से काम करें।

**सिंह :** करियर पर ध्यान दें। वस्तुओं को संभालकर नहीं रखने से नुकसान हो सकता है। व्यापारिक नवीन योजनाओं से लाभ होगा।

**कन्या :** कारोबार के लिए कर्ज की व्यवस्था करने में जुटे रहेंगे। कार्यस्थल पर अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा। विवाद से घर का त्याग करना पड़ सकता है।

**तुला:** दिन की महत्वता को समझें और अपने भविष्य के लिए निर्णय लें। क्रोध पर संयम रखें। खर्च की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** जीवनशैली को बदलें। व्यापार में लाभ होगा। किसी कला जगत के प्रसिद्ध व्यक्ति से मेलजोल बढ़ेगा। मकान, वाहन के क्रय-विक्रय में धन निवेश करेंगे।

**धनु :** संतान की उन्नती से मन प्रसन्न रहेगा। झूठ बोलने वालों से सावधान रहें। घर परिवार में भौतिक सुख-साधनों की प्राप्ति होगी।

**मकर:** आज का दिन शुभ है। व्यापार में नई योजनाओं लाभ मिलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। दांपत्य जीवन अनुकूल रहेगा।

**कुंभ :** जीवन में मनमुटाव दूरियां बड़ा सकते है। विवादों से दूर रहना चाहिए। समाज, परिवार में आपको महत्व मिलेगा।

**मीन:** समारोह में शामिल होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बिना मांगे अपनी राय न दें। पिता के साथ गंभीर विषय पर चर्चा होगी।

# श्याम चंबा-कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के बने प्रभारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने भविष्य में युवा नेताओं को तरासने की कवायत तेज कर दी है। इस कड़ी में भरमौर पांगी के अध्यक्ष श्याम ठाकुर को बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्याम ठाकुर को चंबा कांगड़ा लोकसभा सीट का प्रभारी बनाया है।

पार्टी ने उनकी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए लगातार उनका संगठन में प्रमोशन किया जा रहा है। हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय अनुसंधान युवा कांग्रेस में उन्हें बतौर वाइस चेयरमैन भी नियुक्त किया गया है।



इस मौके पर युवा कांग्रेस भरमौर पांगी के अध्यक्ष श्याम ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा है कि उनका पहला लक्ष्य लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय बनाना है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार से लोग बुरी तरह से तंग है। श्याम ठाकुर ने कहा कि एक जून को होने वाले विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की सभी सीटों पर कांग्रेस भारी मतों से जीत दर्ज करेगी।

वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है और यह सरकार आने वाले समय में दोबारा फिर से रिपीट होगी। श्याम ठाकुर की अगुआई में ही यहां पर संगठन के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के बड़े नेताओं द्वारा कबाइली क्षेत्र का दौरा करवाने का गौरव हासिल किया गया है।

# गुरुद्वारा साहिब में हुआ शबद-कीर्तन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

बैसाखी के पावन अवसर परगुरु सिंह सभा सदर बाजार डलहौजी द्वारा बैसाखी व खालसा साजना पर्व धूमधाम से मनाया गया । बैसाखी पर्व पर कीर्तन दरबार सजाया जिसमें रागी जत्थों ने शबद-कीर्तन कर संगत को निहाल किया, गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

इस दौरान लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने एक-दूसरे को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विभिन्न समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारा में मत्था टेकने के साथ गुरु का अटूट लंगर भी छका।


शबद-कीर्तन करते हुए रागी जत्था ।

इस दौरान कांग्रेस की पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान परमजीत सिंह, तलविंद्र सिंह, जगदीप अरोरा आदि मौजूद रहे ।

गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान परमजीत सिंह ने बैसाखी की बधाई देते हुए कहा गुरु सिंह सभा सदर बाजार डलहौजी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी बैसाखी व खालसा साजना पर्व धूमधाम से मनाया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल सचिव , जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे।



# माता कैलाशना के सम्मान में डढ़ेई में धूमधाम से मनाया विरशू मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू की धार्मिक नगरी मणिकर्ण घाटी में शनिवार को बिरशु मेले की धूम रही है। माता कैलाशना के सम्मान में डढ़ेई में धूमधाम से विरशू मेले को मनाया। महिलाओं संग माता कैलाशना ने लालड़ी खेली। करीब तीन माह बाद मणिकर्ण घाटी में देवी देवताओं ने अपने हरियानों को देवरथ में दर्शन दिए।

विरशू मेले में देवी-देवताओं ने रथ सजने के बाद गुना, बुरांस के फूल से शक्ति अर्जित की। देवताओं और साठ देवकन्याओं का बुरांस के फूलों के साथ देव मिलन हुआ। देवगीतों के साथ विरशू मेले पर घाटी के महिलाओं ने कुल्लवी नाटी डाली। वहीं, इससे पहले महिलाओं ने माता को धूप, फूल देने की परंपरा को बखूवी से निभाया गया। तीन माह बाद घाटी के देवी-देवताओं द्वारा दिए गए दर्शन से लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। रंग-बिरंगे फूलों से सजे देवरथों को देख कर हर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर रस्म को निभाया है। गौर हो कि मणिकर्ण घाटी के डढ़ेई गांव में देवता सुन नारायण, माता कैलाशना और देवता मकाल राजा तथा धारला में माता रूपासना, बुहाड़ में देवता कालीनाग, सिसू तथा जां में नमोनारायण के सम्मान में बिरशु मेलों का आयोजन किया। बिरशु मेला घाटी का प्रमुख त्योहार है और शनिवार को घाटी में विरशू को देव परंपरा अनुसार मनाया गया।


मेले के दौरान नाटी डालती महिलाएं।

# कुल्लवी नाटी के साथ उझी घाटी में हुआ मेलों का आगाज

## कटासनी सौह से हुई मेले की शुरुआत; देव-मिलन और वाद्ययंत्रों से गूंजी समूची घाटी, माहौल हुआ भक्तिमय

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की उझी घाटी में मेलों का आगाज हो गया है। इसी कड़ी में घाटी कर दुआड़ा गांव में कटासनी मेले के दौरान उझी घाटी कुल्लवी वाद्ययंत्रों की धुन से गुंजामान हो गई । एक तरफ जहां देवी-देवताओं का मिलन व दूसरी तरफ कुल्लवी नृत्य पर झूमते युवा सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे।

देव कार्य संपन्न होने के पश्चात देवी देवताओं ने भी उपस्थित जन समूह के साथ कुल्लवी नाटी में भाग लिया। देवताओं सहित आम जन कुल्लवी नाटी में थिरकते नजर आए। उस समय ऐसा दृश्य नजर आ रहा था मानों स्वर्ग से आए देवी-देवताओं पर अटूट विश्वास रखने वाले श्रद्धालुओं की मन की मुराद पूरी हो गई हो। आज इस मेले को कटराईं सहित बश्कोला, बाड़ी व जैण्डी गांवों में मनाया जाएगा। इस मेले की शुरुआत दुआड़ा के कटासनी सौह से होती है। (अनंत ज्ञान)


माता कटासनी का सुसजित रथ।


मेले में उपस्थित देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेते ग्रामीण

### नव संवत से शुरू होते हैं मेले

**नव** संवत के शुरू होते ही क्षेत्र के गांवों में मेलों की शुरुआत हो गई है। नव संवत के दूसरे दिन से हर गांव में मेलों का आगाज हो जाता है। इसी कड़ी में कटासनी मेला पिछले दो दिनों से मनाया जा रहा है। यह मेला अलग-अलग दिनों में अलग-अलग स्थानों पर लगातार तीन दिनों तक माता घंटासनी के सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान कटासनी सौह में आराध्य देव इकट्ठा हुए।

**मेले** हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है तथा हर गांव में मेले देवताओं के सम्मान में मनाये जाते हैं। ग्रामीण भी देवताओं के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले मेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। कटराईं कटासनी में विभिन्न सांस्कृतिक समारोह और खेलों का आयोजन किया जाता है। पिछले 21 वर्षों से हेमंत कृष्ण गौड़ की याद में राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है ।

**-भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली**

### पहले सिर्फ कटासनी सौह में ही होता था आयोजन

पहले यह मेला दुआड़ा और इसके साथ लगते कटराई, छानी, बागा, जौंग, बश्कोला, बाडी व जैंडी गांवों में एक साथ मनाया जाता था। उस समय कटराई के देवता गौहरी इस मेले में शामिल होने के लिए दुआड़ा जाते थे। लेकिन कहा जाता है कि एक बार मुसलाधार बारिश होने के कारण ग्रामीण देवता को वहां ले जाने में असमर्थ हो गए और ग्रामीणों ने मेले की विधि को कटराई में ही पूरा करने का मन बना लिया, इसलिए देवता को तैयार कर बारिश के बीच कटराई में ही देव कार्य शुरू किया। इसके पश्चात् एक घर के पास नाटी डाली गई और मेले को संपन्न किया गया। उसके बाद देवता ने हर वर्ष मेले को उसी जगह मनाने के आदेश दे दिए इसलिए उस समय से मेले को यहीं कटराई में भी मनाया जाने लगा। कटराई कटासनी में देवता कटराई ,गौहरी व जौंगा गांव की देवी भागासिद्ध सहित देवता तराशी गौहरी शामिल होते हैं।

# रस्सी से खींचकर चोटी पर पहुंचाए देवी-देवता के रथ

## घाटी की रक्षा के लिए देवता बनशीरा व देवी लक्ष्मी व ब्रह्म ने किया देव मंथन, दिखी अनूठी परंपरा

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैज घाटी के कनौन में बैसाखी के मेले में देव परंपरा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। सुदामा को अपने इष्ट मित्र भगवान कृष्ण के साथ मिलने की चर्चा तो काफी सुनी है, लेकिन यहां कनौन में सृष्टि के रचियता ब्रह्म ऋषि व देवी भगवती अपने अंगरक्षक शूरवीर देवता बनशीरा के पास मिलने की प्रथा है।

ऊंची चोटी पर स्थित बनशीरा को जहां वनों की रक्षा का जिम्मा है। वहीं, क्षेत्र की जनता की रक्षा का जिम्मा भी ऋषि ब्रह्म ने बनशीरा के हाथों में दिया है। क्षेत्र की रक्षा व प्राकृतिक आपदाओं को टालने के लिए शनिवार को सृष्टि के रचियता ब्रह्म व भगवती ने योद्धा देवता बनशीरा के साथ देव मंथन किया। घाटी के अराध्य देव ऋषि ब्रह्म व देवी भगवती के रथों को हजारों श्रद्धालुओं ने रस्सी से खींच कर ऊची चोटी पर स्थित बनशीरा देवता के मंदिर पर पहुंचाया।

अपने अंगरक्षक देवता बनशीरा के साथ देवी भगवती व ऋषि ब्रह्म ने वर्ष भर में घटने वाली प्राकृतिक आपदाओं के बारे में मंथन कर भविष्यवाणी कर हारियनों को सचेत किया।गौर रहे कि शनिवार को देवता ब्रह्म ऋषि के रथ को पुरे लाव-लशकर के साथ मंदिर से बाहर निकाला और देव खेल का निर्वाह कर देव हारियानों ने देवता के स्वर्ण रथ को रस्सी से खींच कर साथ लगते गांव कछैनी में देवी भगवती के मंदिर पंहुचाया। कछियानी मंदिर में ऋषि ब्रह्म व भगवती महामाई का भव्य मिलन हुआ और दर्शन के लिए आए हुए सैकड़ों लोगों ने माता भगवती महामाई का आशीर्वाद लिया। इस देव प्रक्रिया को देखने के लिए कनौन गांव में सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। देव प्रक्रिया संपन होने के पश्चात होने के बाद देव हारियानों ने कुल्लवी नाटी का आयोजन किया।


रस्सी से देव रथ को खींचते हुए लोग।

### भगवती के दरबार में हुई भूत प्रेतों की खरी परेड

**बता** दें कि आज के दिन महामाई भगवती का जन्म दिवस भी होता है और ऐसे में भूत-प्रेत पिशाच व अन्य बुरी आत्माओं से प्रभावित महिलाओं का देवी-देव शक्ति से इलाज कर स्वस्थ करती है और वहीं कई सैकड़ों महिलाओं ने पुत्र प्राप्ति के लिए भी माता भगवती के दरबार में हाजिरी लगवाई। मान्यता है कि माता लक्ष्मी पुत्र प्राप्ति और धन प्राप्ति का वरदान देती है।

### देवी-देवता के हारियन ने की आपस में रस्साकसी

**देवी**-देवता के रथ को रस्सी खींचते हुए हजारों श्रदालुओं ने ऊंची चोटी पर बनशीरा देवता के मंदिर पहुंचाया। वहां पर देव हारियानों ने जंगल की लचकदार लकड़ियों से एक गोल रिंग बनाया, जिसे स्थानीय भाषा में चैचा कहते है। बाद में देव आज्ञानुसार देवी व देवता के हारियन आपस में रस्सा कसी की। वहीं, अंत में इसे एक ही व्यक्ति सैकड़ों लोगों में से छुड़ा करले जाता है।

# सबको साथ लेकर चलने वाले प्रत्याशियों को देंगे वोट

## पहली बार वोट देने को उत्साहित युवा; बुजुर्ग भी नहीं पीछे, लोगों को भी कर रहे जागरूक

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

प्रदेश की चार लोकसभा व छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव का बिगुल बजने के बाद अब दोनों बड़े दलों भाजपा व कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि चुनाव को अभी करीब दो माह का समय शेष है, लेकिन प्रत्याशियों व पार्टियों ने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले युवा-युवतियों में मतदान को लेकर भी काफी उत्साह दिख रहा है।

साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने के लिए उत्सुक हैं। ऐसे में मतदाताओं में प्रत्याशियों के चयन को लेकर अपनी अलग-अलग राय है। मतदान को लेकर युवाओं के साथ साथ बुजुर्ग मतदाता भी जागरूक दिख रहे हैं। मतदाताओं का कहना है कि वह खुद तो मतदान करेंगे ही साथ लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं। युवा व बुजुर्ग मतदाताओं के अनुसार जो प्रत्याशी देशहित, केंद्र-प्रदेश समन्वय व जातिवाद व ऊंच नीच से ऊपर उठकर कार्य करे ऐसे प्रत्याशी को ही वोट देंगे। कैसा हो हमारा प्रतिनिधि इस बारे में दैनिक अनंत ज्ञान के प्रतिनिधि ने मतदाताओं की राय ली, पेश है इसके कुछ अंश... (अनंत ज्ञान)

### पहली बार करुंगी वोट



**गोपालपुर** बंजार से किरण ठाकुर न कहा कि इस बार पहली बार वोट देने का मौका मिलेगा, खुश हूं । अपने दोस्तों के साथ लोगों को भी मतदान बारे जागरूक कर रही हूं। ऐसे प्रत्याशी को वोट दूंगी जो बिना भेदभाव से क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास, फर्क सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर करे।

### जागरूक भी कर रहा हूं



**पुईद** खराहल घाटी के शशि शर्मा ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर उत्साहित हूं। जो प्रत्याशी देशहित, केंद्र-प्रदेश में समन्वय करें स्थापित उसे वोट दूंगा। उम्मीदवार ऐसा हो जो युवाओं, महिलाओं व गरीब तबके के लिए काम करे और सब को साथ लेकर चले। सभी को जागरूक भी कर रहा हूं ।

### पैदल चलकर जाऊंगा केंद्र



**सुल्तानपुर** के सतीश शर्मा ने कहा कि 85 साल का हो गया और हर बार चुनावों में मतदान करके अपने कर्तव्य का निर्वहन करता हूं। उम्र के इस पड़ाव में भी पोस्टल बैलेट की जगह खुद पैदल चलकर मतदान केंद्र जाऊंगा और मतदान करूंगा। मेरा वोट उसी को जो ईमानदार और पारदर्शिता के साथ काम करे।

### मतदान करना हमारा कर्तव्य



**खलाड़ा** लगघाटी के मूरत राम ने कहा कि मतदान करना हरेक व्यक्ति का अधिकार एवं कर्तव्य है। मतदान करके हम देश के प्रति अपनी एक बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। उसी उम्मीदवार को वोट दूंगा जो शिक्षित व स्वच्छ छवि का होने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग की अपेक्षा में खरा उतरता हो।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 53 साल का व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,कुल्लू**

कुल्लू पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक 53 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार एक नाबालिग और उसके परिजनों ने आरोप लगाया था कि लगवैली के एक 53 वर्षीय व्यक्ति ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया है।



शिकायत में उन्होंने बताया व्यक्ति ने 15 अगस्त 2023 में पहली बार नाबालिग के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था और उसके बाद नवंबर और दिसंबर 2023 व जनवरी, फरवरी के साथ-साथ होली उत्सव से कुछ दिन पहले भी दुष्कर्म किया। व्यक्ति ने नाबालिग को इस संदर्भ में न बताने की हिदायत दी थी। साथ में इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

लेकिन जब यह बात परिजनों को पता चली तो इसकी शिकायत महिला थाना कुल्लू में 11 अप्रैल 2024 को की। ऐसे में अब पुलिस ने छानबीन करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया और उसे कोर्ट में पेश कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है।

# आईटीआई कुल्लू में नए वोटरों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला स्वीप टीम कुल्लू ने डॉक्टर लाल सिंह, उपनिदेशक -सह जिला नोडल अधिकारी स्वीप कुल्लू की अध्यक्षता में नए वोटरों के लिए मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें नोडल अधिकारी एसी 23 कुल्लू रमन जैन तथा राज्य अध्यक्ष टीम सहभागिता, बीजू ने सभी को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि एक लोकतांत्रिक देश में सभी योग्य मतदाताओं को मतदान करना आवश्यक है इसके अतिरिक्त लोकतंत्र के पर्व की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने के लिया भी सभी को जागरूक किया तथा मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई। इसी के साथ नशा मुक्ति केंद्र से आई डॉक्टर अपूर्वा ने सभी को नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में अवगत करवाया तथा इससे दूर रहने के लिए जागरूक किया।

इस कार्यक्रम जिला स्वीप टीम से सुनील, प्रीतम तथा अमन भी विशेष रूप से मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते छात्र।

### अवैध अफीम की खेती के छह मामले दर्ज

**कुल्लू।** जिला कुल्लू पुलिस ने अवैध अफीम की खेती करने को लेकर छह मामले दर्ज किए हैं। इन मामलों में दो बंजार थाना और चार मामले सैंज थाना में दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार पहले मामले में बंजार के उपरला पाटन में दो स्थानों में अज्ञात लोगों के खेतों में 4073 अफीम के पौधे नष्ट किए हैं और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जबकि सैंज घाटी के शलेश में चार मामलों में 883 अफीम के पौधे नष्ट कर मामला दर्ज किया है।

### क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल 21 को

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए लाहौल-स्पीति क्रिकेट टीम का ट्रायल 21 अप्रैल को दस बजे ढालपुर ग्राउंड में होगा। लाहौल-स्पीति एडहॉक समिति के सदस्य दीपक जस्पा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान जिला स्तरीय अंडर-19 टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 01-09-2005 या इसके बाद जन्म लेने वाले भाग ले सकते हैं।

**परेशानी** हर समय बना रहता है हादसे का अंदेशा, राहगीर हो रहे परेशान

# कुल्लू के फुटपाथों पर रेहड़ी-फड़ी वालों का कब्जा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के गेट के पास फुटपाथ और सड़क किनारे रेहड़ी-फड़ी वालों का कब्जा है। अस्पताल गेट के साथ फुटपाथ और गेट के सामने सड़क पर रेहड़ी-फड़ी होने से अस्पताल के अंदर एंबुलेंस को लाने और बाहर निकालने में मुश्किलें पेश आने के साथ ही राहगीरों को भी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

वहीं, कई बार तो काफी देर तक फुटपाथ पर वाहनों का कब्जा भी रहता है। यही नहीं गेट के पास फुटपाथ पर कपड़े और फलों की रेहड़ी वालों ने भी कब्जा कर रखा है। इससे यहां पर हादसे का अंदेशा बन रहा है। अस्पताल गेट से हर दिन डेढ़ से दो हजार के करीब लोगों का आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में गेट पर लोगों की भीड़ रहती है। इससे बेहतरतीव वाहन और फड़ी लोगों के लिए मुसीबत बने हैं। स्थानीय लोगों विमला ठाकुर, भीम चंद, सावित्री, आशु सहित अन्य का कहना है कि प्रशासन, नगर परिषद, पुलिस के सामने यहां पर फुटपाथ और गेट के सामने सडक् किनारे वाहन और रेहड़ी-फड़ी वाले दिनभर कब्जा कर क्यों बैठ जाते हैं। क्यों इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों की सुविधा के लिए अस्पताल का यह गेट बिलकुल खाली होना चाहिए। यहां पर मरीजों को रेहड़ी-फड़ी और वाहनों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। वाहन और रेहड़ी-फड़ी वाले बिना अनुमति के यहां पर डेरा डाले होते हैं। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने नगर परिषद कुल्लू को पत्र के माध्यम से रेहड़ी फड़ियों को उठाने का आग्रह किया है। अस्पताल प्रबंधन की माने तो अगर सड़कें किनारे लगी रेहड़ी फड़ियां हटाई जाती है तो यहां पर एंबुलेंस को आने जाने में आसानी तो होगी। अस्पताल प्रबंधन के मांग पत्र के आधार पर नगर परिषद ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल के सामने लगी अवैध दुकानों को हटा दिया था। लेकिन अब यहां पर फिर से अवैध दुकानें सजाई गई। छह से अधिक रेहड़ी वालों ने यहां पर फिर से अपनी दुकानें सजाई हैं।


सड़क किनारे लगी रेहड़ियों की लाइनें, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा।



सड़क किनारे रेहड़ियों से सामान खरीदते हुए लोग।

अवैध रूप से दुकानें सजाने वालों पर कड़ी कार्रवाही की जाएगी। यदि अस्पताल गेट के सामने से हटाई हुई दुकानें फिर से सजी है तो इन दुकानदारों के पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-अनुभव शर्मा, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद कुल्लू।**

अस्पताल गेट के सामने सड़क किनारे लगी अवैध दुकानों को हटाने के लिए नगर परिषद को पत्र लिख दिया था। हालांकि नगर परिषद ने इन दुकानों को हटा दिया था, लेकिन अब फिर से यह दुकानें सज गई है। नगर परिषद को कड़ा कदम उठाना चाहिए।

**-नरेश चंद, चिकित्सक अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।**



# रस्सी के सहारे पहाड़ी से उतारे बिजली महादेव

## बच्चों के साथ खेला लुका-छुपी का खेल, कई गांवों में विरशू मेले का आगाज, वाद्य यंत्रों की धुन से सराबोर हुआ जिया गांव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, भुंतर**



बैसाख संक्रांति पर विरशू मेले के आगाज पर बिजली महादेव के रथ को नीचे उतारते श्रद्धालु।

जिला में बैसाख संक्रांति शुरू होते ही कई गांवों में विरशू मेले का आगाज हो गया है। इसी कड़ी में कुल्लू के आराध्य देवता देवों के देव बिजली महादेव लाव-लश्कर के साथ शनिवार को सीधी पहाड़ी से नीचे उतरकर जिया गांव पहुंचे। पहाड़ी में सीधी उतराई और उबड़ खाबड़ रास्ता होने के कारण यहां पर चलना भी मुश्किल होता है। इसलिए देवता को रस्से के सहारे जिया गांव तक लाया गया। जिया गांव में बिजली महादेव के पहुंचते ही तीन दिवसीय विरशू मेले का आगाज हो गया है। देवता के

कार करिंदों, देवलुओं व श्रद्धालुओं ने बड़े-बड़े रस्सों के साथ पहाड़ी से बिजली महादेव के रथ को नीचे उतारा। जिया में पहुंचने पर पुरानी देव परंपरा का निर्वहन करते हुए गांव के बच्चों और महादेव के बीच लुका-छुपी का खेल शुरू हुआ। बिजली महादेव के आने से पहले ही गांव के बच्चे लकड़ी की तलवारें हाथ में लेकर गुप्त स्थानों में छिप गए। देवों के देव बिजली महादेव ने सभी बच्चों को अपनी दिव्यदृष्टि से तुरंत ढूंढ निकाला। इस स्थान पर बच्चे छिपे हुए होते हैं उस स्थान की ओर बिजली महादेव का रथ दौड़ पड़ा है और बच्चों को ढूंढा निकाला है। जिया के शिव मंदिर पहुंचते ही देवता की पूजा-अर्चना की गई सभी लोग आशीर्वाद लेने पहुंचे। गौर रहे कि जिया मेले को गांव के लोग तीन दिन तक बड़ी ही धूमधाम से मनाते हैं। इन तीन दिनों में मेले के आयोजन को लेकर गांव में सभी के घरों में मेहमानों का आना-जाना लगा रहता है। जिया मेले के अवसर पर मेहमानों की खूब आवभगत होती है। कुल्लू घाटी के हर कोने से लोग जिया मेला देखने और बिजली महादेव का आशीर्वाद लेने आते हैं।

बिजली महादेव जिया मेले का शुभारंभ करने के लिए एक दिन पहले ही अपने भंडार घर गनाखला से निकल जाते हैं। पुजारी श्रृंगार का सामान भी साथ लाते हैं और देवालय में देवता को सजाया जाता है फिर गांव को चलना शुरू कर देते हैं और उस रात को अपने भ्रैण गांव में ही ठहरते हैं। रात्रि भोज व विश्राम, भ्रैण गांव में ही किया जाता है। बैसाखी के अवसर पर जिया गांव के लोग जिया मेले को लेकर महादेव को लाने उनके गांव भ्रैण पहुंचते हैं। बड़ी श्रद्धा भाव के साथ महादेव को लाने की तैयारी की जाती है। बिजली महादेव का रथ पहाड़ी से बड़े-बड़े रस्सों के सहारे नीचे उतारा जाता है। महादेव लावलशकर के साथ जिया गांव पहुंचते हैं।

जिला परिषद रेखा गुलेरिया व ग्राम पंचायत के प्रधान संजू पंडित का कहना है कि महादेव के आते ही गांव का माहौल धार्मिकमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि जिया में बिजली महादेव के सम्मान में मनाया जाने वाला बिरशू तीन दिवसीय मेला 13 से 15 अप्रैल तक चलेगा। बिजली महादेव गांव में बने शिव मंदिर में विराजमान होकर भक्तों को आशीर्वाद देंगे।

# कूंर के घट में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

## बतौर मुख्यातिथि पहुंचे समाजसेवी विजय कुमार बबलू ने किया शुभारंभ



क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि विजय के साथ खिलाड़ी व आयोजक तथा चल रहे मैच का दृश्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

कार्तिक युवक मंडल द्वारा जिला चंबा की कूंर पंचायत के घट में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की दो दर्जन से अधिक टीमें भाग ले रही है। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल जीतने वाली टीम को बतौर इनाम 11000 नगद दिए जाएंगे तो वहीं पर रनरअप टीम के लिए 9000 रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए स्थानीय निवासी समाजसेवक एवं युवा नेता विजय कुमार बबलू ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं आज के युवाओं के लिए बहुत ही आवश्यक हैं। इस तरह के आयोजनों से युवाओं में नशे की लत खत्म होती है और युवाओं को मानसिक थकान से भी छुटकारा मिलता है। इस तरह के योजनाओं से खिलाड़ियों में आपसी भाईचारा बढ़ता है। क्रिकेट प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए आयोजक शिवकुमार ने कहा है कि इस तरह की क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। उन्होंने कहा है कि इस तरह के आयोजन करने से समाज में सकारात्मक प्रभाव जाता है और युवाओं को खेल के प्रति अधिक से अधिक आकर्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा है कि इस तरह के आयोजन से नशे की तरफ जा रही युवा पीढ़ी को बचाया जा सकता है।

गौरतलब है यहां पर हर वर्ष दर्जनों टीमें मैच खेलने के लिए आती है।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में ग्रासा क्लब विजेता

## गुंगशेल में आयोजित एकदिवसीय स्पर्धा में 13 टीमों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



मुख्यातिथि जिप सदस्य कुंगा बोध को सम्मानित करते गणमान्य।

जिला मुख्यालय केलांग के गुंगशेल में एकदिवसीय तीरअंदाजी प्रतियोगिता यंग कृषक क्लब लोअर केलांग में आयोजित हुई। इस मौके पर 13 स्थानीय टीम ने भाग लिया। टारगेट 44 मीटर दूरी पर रखा गया था, जिसमें सभी को निशाना लगाना था। इस मौके पर मुख्यातिथि जिला परिषद सदस्य कुंगा बोध और सह अतिथि सोनम जांगपो प्रधान केलांग रहे।

कुंगा बोध ने सभी आयोजकों और प्रतियोगीता मे भाग लेने वाली सभी 13 टीम को बधाई दी। विजेताओं और उपविजेता को पुरस्कार भेंट किए। टीम प्रतियोगिता में एक बार फिर ग्रासा क्लब विजेता रहीं, टीम केलद्द द्वितीय और यंग आर्चरी क्लब शाकंडस रहीं।

एकल प्रतियोगिता में लोअर केलांग के छेरिंग दोर्जे विजेता, सुमनम के रजत द्वितीय और लोअर केलांग के आमची प्रकाश तृतीय रहे। महिला वर्ग में अनीता कुमारी विजेता रहीं। यहां जगह जगह से दर्शक भी इस मौके पर तीरंदाजी देखने पहुंचे। उन्होंने बताया जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति मे तीरंदाजी एक पारंपारिक खेल है, जिसको बरसो से खेला जा रहा है और आज के दौर में बड़े और युवा बढ़-चढ़कर खेल रहे हैं। तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए घाटी के विभिन्न युवा क्लब आगे आ रहे हैं जो कि बहुत अच्छी बात है और उनका भी भविष्य में पूरा सहयोग करेंगे। युवाओं के लिए पर्यटन और खेलों को बढावा देने के लिए हमेशा उनकी प्राथमिकता रहीं हैं।

यंग कृषक क्लब लोअर केलांग ने गुंगशेल केलांग में एक दिवसीय तीरअंदाजी सफ़लतापूर्वक आयोजित करने के लिए बधाई दी, जिसमें भोजन की व्यवस्था भी इनके द्वारा की गई थी।

# न्याय पत्र में कांग्रेस ने ओल्ड पेंशन स्कीम पर साधी चुप्पी : सहजल



**शिमला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजीव सहजल ने मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल का जवाब देते हुए कहा की देशभर में कांग्रेस पार्टी की मंशा ओपीएस ओल्ड पेंशन स्कीम के हक में नहीं है। वर्तमान सरकार ने भी ओपीएस को प्रदेश में अच्छे से लागू नहीं किया है कहीं जगह अभी भी इस स्कीम को लेकर प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं। उन्होंने कहा की पिछले दिनों कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपना घोषणा पत्र जारी किया। 48 पृष्ठों के इस दस्तावेज को पढ़कर ऐसा लगता है कि कांग्रेस दुविधा में है। यह पत्र के झूठ का पुलिंदा है। इसमें पार्टी राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर मोदी सरकार की नीतियों का मौन समर्थन करती नजर आ रही है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटियों के जरिये न्याय देने-दिलाने का वादा किया है। आजाद भारत के 77 में से करीब 55 साल तक कांग्रेस का ही शासन रहा है, तो क्या यह मान लिया जाए कि उसके शासन काल में न्याय की गारंटी कभी नहीं रही? उन्होंने कहा की पुरानी पेंशन योजना की मांग इसी का नतीजा थी। पिछले कुछ विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी ने इसे लागू करने का जोर-शोर से वादा किया था। लेकिन न्याय पत्र में पार्टी ने इस पर चुप्पी साध ली। शायद उसे लगने लगा है कि आर्थिक रूप से यह उचित नहीं।

# 12वीं पास युवाओं को साई सेवा समिति मुफ्त करवा रही मेडिकल कोर्स

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

इन दिनों समाज में बढ़ रहे एकाकी परिवारों के प्रचलन को मद्देनजर रखते हुए सत्य साई सेवा समिति की ओर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ा ही सराहनीय कदम उठाया गया है।

इस समिती की ओर से राष्टीय स्तर पर एक ऐसा कार्यक्रम डिजाइन किया गया है, जिसमें हर क्षेत्र के 12वीं पास युवाओं को करीब 6 महीने तक बिल्कुल मुफ्त मेडिकल चिकित्सा का कोर्स करवाया जा रहा है, ताकि वो लोग भविष्य में घर-द्वार जाकर बुजुर्ग और बीमार-लाचार लोगों को न केवल घर पर ही प्राथमिक उपचार मुहैया करवा सकें, बल्कि वो बेरोजगार युवा अपनी भी रोजी-रोटी का इसी सेवा की मार्फत जुगाड़ कर सकें।

इसी को लेकर बीते कुछ महीनों से धर्मशाला के क्षेत्रीय अस्पताल में करीब 18 प्रशिक्षू ये प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं और उन्हें समिती अस्पताल प्रशासन के सहयोग से निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इसको लेकर सीएमओ कांगड़ा डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि इस अस्पताल में इन्हें प्रशिक्षित डॉक्टर्स प्रैक्टिकल और थ्योरी समझा रहे हैं। 6 महीने के बाद जुलाई महीने में ये प्रशिक्षित होकर तैयार हो जाएंगे और उसके बाद मानव सेवा तथा खुद के स्वावलंबन में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

डॉ. गुलेरी ने कहा कि वह चाहते हैं कि इस कार्यक्रम के साथ ज्यादा से ज्यादा युबा पढ़े-लिखे बेरोजगार जुड़ें, ताकि वो मानव सेवा के साथ साथ अपनी अजीविका का भी साधन जुटा सकें।

सीएमओ ने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन और अस्पताल प्रशासन अपनी सरकारी वैवसाइट्स, आशा वर्कर की मार्फत भी ऐसे युवाओं से अपील करेगा ताकि इस मिशन के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा सके।

# सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय करोल ने चामुंडा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश संजय करोल ने पांचवें नवरात्रि में शनिवार शाम को परिजनों सहित श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में माता की पूजा अर्चना करके माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी पूजा पुजारी ओम व्यास, राकेश सरोतरी और त्रिगत संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश शर्मा ने करवाई। इससे पूर्व मंदिर पहुंचने पर उनका स्वागत एसडीएम धर्मशाला संजय भोट, मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर और पदर पंचायत के उप प्रधान बॉबी गोस्वामी ने किया।

पुजारी ओम व्यास और राकेश सरोतरी ने उन्हें माता जी की चुनरी प्रसाद और शिरोपा भेंट किया। नंदीकेश्वर महादेव मंदिर में उनकी विधिवत पंचोपचार पूजा पुजारी अभिषेक गोस्वामी ने करवाई।

# खबली छिंज मेले में झंडा चढ़ाने की रस्म अदा

**डरोह।** डरोह के खबली मैदान मे 18 अप्रैल से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय छिंज मेले की झंडा चढ़ाने की रस्म शनिवार को मेला मैदान में मेला कमेटी अध्यक्ष संतोष कुमार राणा की उपस्थिति में अदा की गई।

इस रस्म के दौरान कमेटी प्रधान तरसेम सिंह राणा, सचिव उपेन्द्र कटोच कमेटी प्रबंधक रविंदर मल्लू, दर्शन सिंह राणा, जगदीश चंद, तिलक राणा, पूर्व ग्राम पंचायत प्रधान प्रताप सूद, जसवंत सिंह, राज कुमार, संजय कुमार, पुरषोतम चौधरी, घन श्याम, मोहन लाल, जीवन सिंह, शशि भूषण सहित अन्य मेला कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# बैसाखी पर छात्राओं ने प्रस्तुतियां देकर लूटी वाहवाही

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



बैसाखी पर कार्यक्रम पेश करती जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा की छात्राएं।

जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को स्कूल में छुट्टी के चलते एक दिन पूर्व बच्चों ने बैसाखी पर्व हर्षोल्लास से मनाया प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने बैसाखी पर सभी को बधाई दी।

पंजाब की शान सिख वेशभूसा में सज धज कर आए बच्चों ने भांगड़ा एवं गिद्दा डालकर बैसाखी पर्व को हर्षोल्लास से लवरेज कर दिया। सबसे पहले पांचवी की छात्राओं रिद्धिमा, आर्या बग्गा के ग्रुप ने ओ जट्टा आई बैसाखी गाने पर नृत्य कर वाहवाही लूटी।

जमा दो के छात्रों साहिल, आर्यन, समृद्धि, अनमोल, बात अनुप्रिया ने बैसाखी मेले का गाना गाकर दर्शकों को वाभ विभोर किया। दसवीं ए व दसवीं सी की छात्राओं कन्नयन, प्रियांशी के ग्रुप ने गिद्दा डालकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य ने अपील की कि जीएवी में शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी छात्र बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि नए सत्र में हम हर क्षेत्र में छात्र की ओवरऑल डेवलपमेंट कर सकें। (अनंत ज्ञान)

# चुनावी ड्यूटी के लिए ऊना के 130 होमगार्ड जवान उत्तराखंड रवाना

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उत्तराखंड में लगी चुनावी ड्यूटी के लिए प्रस्थान से पहले होमगार्ड जवान।

**उत्तराखंड** राज्य में 19 अप्रैल को होने जा रहे लोकसभा चुनावों में जिला ऊना से 130 होमगार्ड जवान भाग ले रहे हैं। परिवहन निगम की 3 बसों में जवानों को कंपनी कमांडर हंस राज के नेतृत्व में ऊना से रवाना किया गया।

होमगार्ड जवानों को शांतिपूर्ण चुनाव करवाने का जिम्मा सौंपा गया है। चुनाव संबंधी जवानों की कर्तव्य सेवाओं की भूमिका को लेकर ऊना जिला के होमगार्ड वाहिनी कार्यालय में कमाडेंट मेजर विकास सकलानी ने तमाम जवानों को इलेक्शन ड्यूटी को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जवान पारदर्शी चुनाव करवाने के लिय अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। चुनाव आयोग निर्देशों की पालना करें। शांति पूर्ण चुनाव करवाएं।

कोई भी घटना घटित होती तो जल्द उच्चाधिकारी को सूचित करें। ये भी कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कि अब तक देश में हुए चुनावों में आठ बार जिला के होमगार्ड जवान शांतिपूर्ण चुनाव करवा चुके हैं। सौभाग्य से जवानों को अपने राज्य के बाहर प्रांतों में होने वाले चुनावों में 9वीं बार भाग लेने का अवसर मिल रहा है। इसलिए अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभाएं।

इस मौके पर वाहिनी अधिकारी धीरज शर्मा, कंपनी कमांडर अवतार सिंह आदि उपस्थित रहे। उत्तराखंड में पहले चरण का लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को हो रहा है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के 2000 होमगार्ड जवान इलेक्शन ड्यूटी में भाग ले रहे हैं।

# बाइक स्किड होने से श्रद्धालु की मौत



**देहरा।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत गांव धवाला बाजार में ज्वालाजी मंदिर में माथा टेककर वापस लौट रहे एक नेपाली मूल के युवक की बाइक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है।

हादसा बाइक के स्किड होने से हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तीन युवक एक ही बाइक पर चिंतपूर्णी और ज्वालाजी मंदिर में शीश नवाने के लिए शनिवार सुबह लुधियाना से चले थे। तीनों युवक रिश्ते में भाई लगते हैं। शनिवार दोपहर तीनों युवक ज्वालाजी मंदिर में शीश नवा कर वापस लौट रहे थे। धवाला पहुंचने पर बाइक चला रहे युवक बॉबी ने अन्य वाहन के सामने आने पर अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे बाइक स्किड हो गई।

हादसे में बाइक पर बैठा दूसरा युवक संदीप कुमार (21) पुत्र पवन रसाल की मौत हो गई। जबकि तीसरा युवक बिक्रम भी घायल हुआ है, जिसका इलाज सिविल अस्पताल देहरा में चल रहा है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि मृत युवक संदीप का पोस्टमार्टम रविवार को टांडा अस्पताल में होगा।

# अरनी विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया बैसाखी का पावन पर्व

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय में बैसाखी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टाफ व अन्य।

अरनी विश्वविद्यालय के परिसर में बैसाखी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस त्यौहार को विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा लोककला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पहाड़ी डांस, पंजाबी भागड़ा एवं गिद्धा आदि की प्रस्तुति की गई।

विवेक सिंह (माननीय चांसलर) ने सभी को बैसाखी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि वैशाखी का पर्व सुख-समृद्धि व खुशियों का प्रतीक है। बैसाखी का पर्व हर वर्ष 13 अप्रैल को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है।

पूरे भारत के गुरुद्वारे, विशेष रूप से पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में, इस दिन के लिए सजाए जाते हैं और बड़ी संख्या में लोग इस दिन पूजा करने के लिए आते हैं। बैसाखी सिख समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। इस दिन को पंजाबी समुदाय के लोग नववर्ष के रूप में हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं। इसी दिन सिख पंथ के खालसा गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 में खालसा पंथ की शुरुआत की थी, तभी से यह पर्व मनाया जाता है।

गुरु गोविंद सिंह जी ने सिख समुदाय के लोगों से गुरु और भगवान के लिए बलिदान होने के लिए आगे आने के लिए कहा था, जो लोग बलिदान हुए थे, उन्हें पंज प्यारे कहा जाता है। इस उपलक्ष्य पर अरनी विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉ. मनीश श्रीवास्तव, डॉ. नीरज भंडारी, डॉ. गुरविंद्र, डॉ सुनीता, डॉ. श्रैया, साजन सोनी, उपासना, नेहा कटोच, शालू पठानियां, सुखविंद्र, यशपाल, अजय कुमार, आशीष व हरजीत एवं विद्यार्थी ऋषव, राहुल, अंकुश, हवीदश्र, योगिता नाथ, शुभम, पुष्पेंदर, पलक, सिमरन, शिवानी, गगन, गुरशरण, ईशा सलारिया, कुनाल सलारिया आदि द्वारा इस बैसाखी पर्व की समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी।

# ट्रक ने कुचली स्कूटी सवार महिला, मौत

**नूरपुर।** जसूर में हुए एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला स्कूटी पर सवार थी और ट्रक ने उसे कुचल दिया। इस हादसे में 45 वर्षीय नूरपुर के बदुही निवासी महिला की मौत हो गई। इस दौरान लोगों का फोरलेन निर्माण कंपनी पर भी गुस्सा फूटा। आपकों बता दें कि गलत डायवर्सन बोर्ड के कारण यह हादसा हुआ बताया जा रहा है। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी नूरपुर अशोक रतन ने की है।

# बेईं और धर्मशाला महंता में मनाया बैसाखी का पर्व

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**



दौलतपुर चौक के नजदीक बेईं में खरीददारी करते लोग।

**गगरेट** क्षेत्र में कई प्रमुख धार्मिक स्थल हैं, लेकिन दौलतपुर के निकटवर्ती धार्मिक स्थल बेईं तथा धर्मशाला महंता में बाबा नकोदर दास की गद्दी में बैसाखी का पर्व पिछली कई सदियों से बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

शनिवार सुबह-सवेरे बैसाखी के पावन अवसर पर क्षेत्र पुरुषों व महिलाओं ने बच्चों सहित इन स्थानों पर पहुंचकर प्राचीन कुओं के पानी से स्नान करके धूने पर माथा टेककर आशीर्वाद हासिल किया। मेले में लोगों ने मिठाई की दुकानों पर जमकर जलेबी तथा पकौड़े का स्वाद चखा। वहीं, महिलाओं ने मेले में मनियारी की दुकानों से हार-शृंगार सामग्री की जमकर खरीददारी की तथा छोटे-छोटे वच्चों ने खिलौने आदि खरीदकर अपना मन बहलाया।

# धर्मशाला, शाहपुर व कांगड़ा में शराब बरामद

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला**

पुलिस थाना धर्मशाला के अंतर्गत उथड़ाग्रां में राजेश कुमार निवासी उथड़ाग्रां की दुकान से 3,750 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है।

उधर, पुलिस थाना खुडियां के अंतर्गत भटावा में देस राज निवासी भटावा की दुकान से 4,500 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस थाना पालमपुर के तहत बदेहड़ में प्रकाश चंद निवासी बदेहड़ की दुकान से 8,250 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत वीरता में संजय चौधरी निवासी वीरता वार्ड नं.-3 के घर से 10,500 मिलिलीटर अंग्रेजी शराब व 14,250 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस थाना शाहपुर के तहत रजयाल (मनेई) में दर्शन सिंह निवासी मनेई की दुकान से 45,000 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग संबधित थानों में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में मामले पंजीकृत किए गए हैं। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामलों की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्ष ठाकुर शिमला लोकसभा क्षेत्र से प्रभारी नियुक्त



**अर्की।** राष्ट्रीय युवा कांग्रेस रिसर्च विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि राष्ट्रीय यूथ कांग्रेस की रिसर्च टीम की ओर से हर्ष ठाकुर को शिमला लोकसभा क्षेत्र से प्रभारी नियुक्त किया गया है। हर्ष ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय व प्रदेश आलाकमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से पूरी कर शिमला लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी को केंद्र में पहुचाएंगे। अर्की विधानसभा क्षेत्र में कुनिहार निवासी हर्ष ठाकुर को शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र का प्रभारी बनाए जाने पर खुशी का माहौल है।

### दाड़लाघाट में समझाया मतदान का महत्व



मतदान का महत्व समझाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

**सोलन।** जिला निर्वाचन विभाग सोलन के सौजन्य से अर्की विधानसभा क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम की ओर से अर्की क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा, डॉ. हेमराज सूर्य तथा प्रो. योगेश कुमार ने सीमेंट फैक्ट्री के रोड़ी सेक्टर में सभी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अंबुजा सीमेंट के अधिकारियों तथा कर्मचारियों भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर क्षेत्र के इलेक्शन सुपरवाइजर ईश्वर दत्त भी मौजूद रहे।

### आवश्यक सेवाओं से जुड़े भी कर सकेंगे मतदान

**नाहन।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान 8 विभागों के आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए स्वेच्छा से मतदान की पोस्टल बेल्ट सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि इन आठ विभागों के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस सेवा, परिवहन विभाग से ड्राइवर तथा कंडक्टर (स्थानीय रूट को छोड़कर) जल शक्ति विभाग से पंप ऑपरेटर तथा टर्नर, बिजली बोर्ड से इलेक्ट्रीशियन तथा लाइनमैन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत मीडिया कर्मी, मिल्क फेडरेशन के दूध वितरण सेवा से संबंधित कर्मचारी, जेल स्टाफ तथा अग्निशमन विभाग के कर्मचारी स्वेच्छा से पोस्टल बेल्ट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

### लघु फिल्म 'जीवन' बताएगी रक्तदान का महत्व

**नाहन।** सच्ची घटना पर आधारित 'जीवन' फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है। ड्रॉप ऑफ होप सोसायटी द्वारा निर्मित 14 मिनट की इस लघु फिल्म में किसी भी बीमार व्यक्ति के जीवन के लिए खून की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। समय रहते यदि किसी बीमार को रक्त मिले तो उसका जीवन बचाया जा सकता है। बीते माह जिला सिरमौर के पच्छाद इलाके के सराहां में इस फिल्म की शूटिंग हुई। इसका ट्रेलर भी जारी हो चुका है। फिल्म का निर्देशन राजीव सोढा ने किया है। ड्रॉप्स ऑफ होप सोसायटी 10 वर्षों से कार्य कर रही है, जिसको 2018 में व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। इनमें 1,000 से अधिक सदस्य हैं, जिसमें महिला रक्तदाता भी शामिल हैं। फिल्म बनाना इसलिए जरूरी समझा कि लोग अपने मरीज को ही रक्त देने में तरह-तरह के बहाने बनाते हैं और रक्त के लिए अन्य लोगों पर निर्भर रहते हैं। फिल्म में फरजाना सैयद, मनीष, राजकुमार, वैभव, नवीन ठाकुर और ऋषभ कलाकारों की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में दिखाया गया है कि एक महिला के बीमार पति को खून की आवश्यकता है। एनीमिया से ग्रस्त पति के लिए उसकी पत्नी एबी नेगेटिव खून का प्रबंध करने के लिए काफी चक्कर काटती है।

### वैकल्पिक दस्तावेज के साथ कर सकते हैं मतदान : डीसी

**सोलन।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए प्रथम जून, 2024 को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को अपना मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगर कोई मतदाता किन्हीं कारणों से मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 अन्य फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करके मतदान कर सकता है। इन 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र या राज्य सरकार तथा सार्वजनिक उपक्रमों या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों के फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों एवं विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र में लेखन या वर्तनी की अशुद्धि को नज़रअंदाज किया जा सकता है, लेकिन यदि फोटो बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सम्भव न हो तो उसे अपनी पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने ज़िला के मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने मतदाता पहचान पत्र या भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ लेकर ही मतदान करने जाएं।

# सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का इंतजार

## सोलन शहर के न्यू कथेड़ में ट्रॉमा सेंटर और अस्पताल का भवन बनने में देरी

**आर मोहन चौहान. सोलन**

तेजी से विकसित होते सोलन शहर में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आज तक सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं नहीं मिल पाई हैं, ऐसे में लोगों को बीमारियों का उपचार करवाने के लिए आईजीएमसी शिमला और पीजीआई चंडीगढ़ का रुख करना पड़ता है। तीन जिलों का केंद्र बिंदु होने के चलते यहां सोलन समेत शिमला व सिरमौर के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को बीमारियों का उपचार करवाना आसान रहता है।

स्थानीय लोगों की मांग पर सरकार शहर के नजदीक नेशनल हाईवे से सटे न्यू कथेड़ में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण तो करवा रही है, पर धन की कमी के कारण इस कार्य के तेजी नहीं आ रही है। इस कारण लोगों को शहर में बेहतर सुविधाएं मिलने का इंतजार करना पड़ेगा।

**क्षेत्रीय अस्पताल में नहीं रहेगा दबाव :** शहर के नजदीक हाईवे पर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनने से जहां क्षेत्रीय अस्पताल से रोगियों का रश कम होगा।

क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार के दौरान गंभीर बीमारी का पता चलते ही उसे स्थानीय सुपर स्पेशलिस्ट के पास रैफर किया जा सकेगा। इससे सोलन व साथ लगते उपनगरों व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी गंभीर बीमारियों का उपचार करवाना आसान होगा। वहीं, शिमला व सिरमौर के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को घर नजदीक ही गंभीर बीमारियों का उपचार मिल सकेगा। आमतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया जाता है। उपचार लंबा चलने की स्थिति में इस वर्ग पर आर्थिक बोझ पड़ जाता है।



सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अस्पताल जिसके बनने का लोग इंतजार कर रहे हैं।

### एचआरटीसी की जमीन पर हो रहा विचार : डॉ. वर्मा

चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल सोलन डॉ. एसएल वर्मा ने बताया कि कथेड़ में निर्माणाधीन अस्पताल में तीन ब्लॉकों के काम के अलावा एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने की योजना भी है। इसके लिए सोलन स्वास्थ्य विभाग साथ लगती एचआरटसी की जमीन पर विचार कर रहा है। इस अस्पताल के साथ हेलिपैड बनाने की भी योजना है। इससे आपातकाल में मरीजों का उपचार आसान होगा।

### हर रोज 15,000 होती है ओपीडी

**सोलन** अस्पताल में आईजीएमसी के बाद सबसे अधिक ओपीडी दर्ज की गई है। यहां पर हर रोज करीब 1500 रोगी उपचार के लिए पहुंचते हैं। इसी तरह चाइल्ड व गायनी संबंधी मामले भी काफी संख्या में आते हैं। सोलन अस्पताल में महीने में औसतन 300 डिलीवरी केस होते हैं। इस दृष्टि से अस्पताल में काफी रश रहता है। ओपीडी में सबसे मेडिसिन स्पेशलिस्ट के मामले उपचार के लिए आते हैं। अस्पताल में इस समय दो ही मेडिसिन स्पेशलिस्ट है, लेकिन रोगियों की संख्या के हिसाब से यहां पर चार स्पेशलिस्ट की मांग है। हालांकि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनने से इसकी जरूरत नहीं रहेगी। वर्तमान में शहर के आबाद 60 हजार से अधिक हो चुकी है, जो कि शिमला के बाद सबसे अधिक है। अस्पताल पर सोलन के उपनगरों समेत शिमला व सिरमौर के सैकड़ों गांव के लोग भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निर्भर है।

### 1975 के बाद सृजित नहीं हुए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के पद

**सोलन** अस्पताल में 1975 के बाद सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर तो दूर अन्य डॉक्टरों के पद तक सृजित नहीं हुए हैं। ऐसे में लोगों को कैंसर, हॉर्ट, न्यूरो और किडनी की बीमारियों के उपचार के लिए आईजीएमसी व पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## बिजली का बिल नहीं देने पर उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

**नाहन।** बिजली बोर्ड ने बिजली बिल जमा नहीं करवाने वाले डिफाल्टर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई अमल में लाई है। बिजली बोर्ड ने 130 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हैं, तो वहीं 150 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करवाने को लेकर नोटिस जारी किए हैं। बिजली बोर्ड के एसडीओ रमेश चौधरी ने बताया कि विभाग को 30 लाख रुपए लंबित बिजली बिल बिजली उपभोक्ताओं से वसूलने हैं, इसको लेकर 150 बिजली उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अन्य डिफाल्टरों से 18 लाख रुपए बिजली का बिल रिकवर किया जा चुका है। शिक्षा विभाग समेत आईपीएच विभाग के पास भी बिजली बोर्ड का बिल लंबित है। दोनों सरकारी विभागों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष बिजली बिल वसूलने के लिए कनेक्शन काटने की कार्रवाई आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।

## वारदात ने खोली सुक्खू सरकार की पोल : मेलाराम

**नाहन।** पांवटा साहिब क्षेत्र के निहालगढ़ में गोलीबारी की वारदात से पूरे जिले में दहशत का माहौल है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आपराधिक मामले चरम सीमा तक पहुंच गए हैं। जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने कहा कि देवभूमि के नाम से विख्यात शांतिप्रिय हिमाचल में इस प्रकार की घटनाएं बहुत चिंता का विषय हैं।



प्रशासन पर सुक्खू सरकार की ढीली पकड़ के कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरेआम लोगों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। हाल ही में राजधानी शिमला के माल रोड पर सरेआम युवक की हत्या के बाद दोबारा वारदात ने सुक्खू सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। दोषियों को शीघ्र पड़ककर सलाखों के पीछे डाला जाए।

## चंडीगढ़ फार्मा एंड लैब एक्सपो में विश्वकर्मा इंजीनियरिंग बनी मुख्य आकर्षण का केंद्र



कार्यक्रम में शिरकत करते एचडीएमए के राज्य प्रधान राजेश गुप्ता, अरुण शुक्ला व अन्य।

**अनंत ज्ञान. बीबीएन**

चंडीगढ़ के सेक्टर-17 में फार्मा एंड लैब एक्सपो में दूसरे दिन भी उत्तर भारत की विभिन्न कंपनियों ने प्रदर्शनी लगाई। हिमाचल के कई नामी उद्योगों ने भी शिरकत की। इस प्रदर्शनी में करीब भारत के विभिन्न राज्यों के करीब 250 से अधिक उद्यमियों ने अपने अपने स्टॉल लगाए हैं।

इस प्रदर्शनी में हिमाचल प्रदेश ड्रग्स कंट्रोलर मनीष कपूर भी उपस्थित हुए। हिमाचल ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता ने भी प्रमुखता से फार्मा में प्रयोग होने वाले इक्यूपमेंट के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सुनहरा अवसर बताया। वहीं, विश्वकर्मा इंजीनियरिंग नालागढ़ द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

प्रदर्शनी में 200 से अधिक उद्योगपतियों ने शिरकत कर नए तकनीक से बनी फार्मा मशीनरी को जाना। ईईपीसी इंडिया इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल उत्तर क्षेत्र के डिप्टी चेयरमैन अरुण शुक्ला ने इस प्रदर्शनी में हिमाचल के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए उद्योगपतियों का आभार जताया।

## एक लाख की घड़ी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पुलिस थाना कसौली के तहत पुलिस ने होटल के रूम से यात्री की घड़ी चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक गुरतेज सिंह निवासी पंजाब ने थाना कसौली में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 11 अप्रैल को यह अपने दोस्तों के साथ कसौली घूमने आया था।

उन्होंने किम्मु घाट में गेस्ट हाउस में 3 कमरे लिए तथा रात को वहीं रुके। 12 अप्रैल को इन्होंने समय करीब 11.30 बजे दिन गेस्ट हाउस से चेकआउट किया और जब यह सनवारा टोल प्लाजा के पास पहुंची तो इसने देखा कि इसके हाथ में इसकी घड़ी नहीं है,। इसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ वापस किम्मु घाट गेस्ट हाऊस में आया और इसने गेस्ट हाउस के मालिक से कहा कि उसकी घड़ी कमरे के बाथरुरूम में रह गई है, जो नहाते समय उसके बाथरूम में लगे हैंगर में रखी थी।



पुलिस की गिरफ्त में एक लाख की घड़ी चोरी का आरोपी।

इस पर गेस्ट हाउस के मालिक ने कहा कि आपके चेकआउट के बाद सफाई वाला लड़का अखिलेश ही कमरों में सफाई करने गया था।

उसे शक है कि इसकी घड़ी बाथरूम से अखिलेश ने ही चोरी की है। उसने अपनी घड़ी इंग्लैंड से पिछले साल सितंबर माह में खरीदी थी, जो बॉस कंपनी की है तथा जिसकी कीमत भारतीय करंसी के अनुसार करीब एक लाख रुपए है। इस पर थाना कसौली में चोरी की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान 12 अप्रैल को आरोपी अखिलेश पुत्र धूखा भैठा निवासी विशमपुर मोतिहारी बिहारी उम्र 25 साल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से चुराई गई घड़ी बरामद कर ली गई है। इस आरोपी के विरुद्ध दर्ज पहले के आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। इस आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया।

# करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

## आज से गोदरेज शोरूम के बाहर धरने पर बैठेंगे पीड़ित



पांवटा साहिब में लोन के नाम पर ठगी के मामले में पीड़ित जिनकी जमा-पूंजी पर डाका डल गया है।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

उपमंडल पांवटा साहिब में बीते दिनों एक बड़ी ठगी का मामला सामने आया था। इसमें लगभग 200 लोगों के साथ करोड़ों की ठगी हुई, जिस पर पुलिस की जांच ढीली है। ठगी का शिकार हुए पीड़ित लोग पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज हो गए।

समाजसेवी नाथूराम चौहान तथा अन्य पीड़ितों रीना देवी, विक्रांत, निशांत भीम आदि ने बताया कि बद्रीपुर में गोदरेज का शोरूम खुला है, जहां हिमांशु तिवारी नामक व्यक्ति ने प्रोडक्ट्स के नाम पर लोगों के बैंकों से फर्जी तरीके से लोन बनाए हैं। अभी तक 200 के करीब लोग सामने आए हैं, जिनके नाम पर बैंकों से फर्जी तरीके से करीब 2 करोड़ से अधिक लोन लिए गए हैं। लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस में दी है।

पुलिस ने 25 मार्च तक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था, मगर अभी तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इस मामले को लेकर पीड़ित लोगों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के अंदर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो सभी लोग बद्रीपुर में शोरूम के पास धरने पर बैठेंगे।

## दहेज के नाम पर ससुराल पक्ष बेटी की करता है पिटाई, मामला दर्ज

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में बाबूराम पुत्र संत राम गांव जोबी डाकखाना कोहू तहसील रामशहर ने दहेज मांगने को लेकर बेटी को प्रताड़ित करने की शिकायत दर्ज करवाई है। बाबूराम की शिकायत के अनुसार उसका दामाद उसकी बेटी को लगभग 4 साल से नाजायज तंग कर रहा है। वह उसकी बेटी को शराब पीकर गाली-गलौच, मार-पिटाई व लड़ाई-झगड़ा करता है। उसकी बेटी और बेटे को कोई खर्चा नहीं दे रहा है।

बाबूराम के अनुसार दामाद के साथ उसके पिता अमर चंद व बंती देवी पत्नी अमर चंद, जगदीश चंद पुत्र अमर चंद व उसकी पत्नी जया हर रोज छोटी-छोटी बातों पर उसकी बेटी को मानसिक व शारीरिक रूप से तंग करते रहते थे।

कई बार उन्होंने उसकी बेटी को घर से बाहर निकालने की कोशिश करते हुए उसे कहते थे कि तेरे बाप ने दहेज में क्या दिया है। यहां तक कि उसकी बेटी के ससुर ने भी उसके साथ 3-4 बार पिटाई की। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने कहा कि शिकायत के बाद मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## विधायक ठाकुर ने अधिकारियों से उठाया ट्रक ऑपरेटरों का मामला

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उपमंडल नालागढ़ के बघेरी स्थित टोल टैक्स बैरियर के आसपास के तीन गांवों के ट्रक ऑपरेटरों को राहत देने का मामला विधायक केएल ठाकुर ने उठाया है। केएल ठाकुर ने बघेरी स्थित टोल टैक्स बैरियर पर विरोध कर रहे आसपास के ट्रक ऑपरेटरों से मुलाकात की और उनकी मांग को सुना। ट्रक ऑपरेटरों ने कहा कि पिछले 20 सालों से उनके किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जा रहा है, लेकिन अब नए ठेकेदार ने मनमर्जी से उनसे शुल्क लेना शुरू कर दिया है जो कि बिलकुल गलत है।

बीते दिन भी ठेका कंपनी व स्टाफ ने उनके साथ गलत व्यवहार किया था और फिर कंपनी उलटा ट्रक ऑपरेटरों के खिलाफ ही पुलिस में मुकद्दमा दर्ज करवाया। इस पर विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि ट्रक ऑपरेटरों के साथ किसी तरह से गलत नहीं होने दिया जाएगा।

विधायक ने आबकारी एवं कराधान विभाग बद्दी के उपायुक्त एसडी शर्मा को फोन करके ट्रक ऑपरेटरों को राहत देने का मामला उठाया। वहीं, विधायक ने ठेका कंपनी के मालिकों से भी बातचीत करते हुए स्थानीय ट्रक ऑपरेटरों को राहत देने को कहा। इस मामले को लेकर अब बघेरी एरिया के आसपास के ट्रक ऑपरेटर 16 अप्रैल को एसडीएम से मिलेंगे और अपनी समस्या को अवगत करवाएंगे। बघेरी पंचायत के उप-प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि ट्रक ऑपरेटरों की मांग बिलकुल जायज है।



मामला सुलझाते विधायक केएल ठाकुर।

### यह है मामला

**बघेरी** टोल टैक्स बैरियर पर बीते दिनों ट्रक ऑपरेटरों ने शुल्क देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद मामला गर्माया और ट्रक चालकों की टोल बैरियर के स्टाफ से भी झड़प हो गई थी। इसके बाद टोल ठेका कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने चार से पांच ट्रक चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर था। इसके बाद आसपास के एरिया के ट्रक ऑपरेटरों ने टोल बैरियर पर जमकर हंगामा किया और मामला शांत करवाने के लिए प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर आना पड़ा। बता दें कि बीबीएन के टोल बैरियरों को जतिंद्र कंपनी चला रही है।

## दाड़लाघाट में आज मनाई जाएगी अंबेडकर की जयंती

**दाड़लाघाट।** हिमाचल अंबेडकर सभा की ओर से 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबडेकर की जयंती शिव मंदिर दाड़लाघाट में मनाई जाएगी। अर्की अनुसूचित जाति प्रवक्ता संत राम पंवर ने बताया कि समारोह के मुख्यातिथि विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) संजय अवस्थी होंगे। संत राम पंवर ने बताया कि कार्यक्रम का सुबह 11 बजे शुभारंभ किया जाएगा।

पंवर ने बताया कि तत्पश्चात विभिन्न वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन, स्वतंत्रता प्राप्ति और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। अध्यक्ष सीडी बंसल ने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध जनों, नारी शक्ति, युवक मंडल, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह स्थल शिव मंदिर दाड़लाघाट में पहुंच कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

**संस्कृति** | उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने किया जिला स्तरीय तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

# शिरगुल देवता की शोभायात्रा से बैसाखी मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

शिरगुल महाराज के नाम पर लगने वाला तीन दिवसीय जिला स्तरीय शिरगुल देवता बैसाखी मेला राजगढ़ में आरंभ हो गया। मेले का देव परंपरा से शुभारंभ शिरगुल देवता मंदिर राजगढ़ में मुख्यातिथि उपायुक्त सिरमौर सुमित किमटा की ओर से पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ किया। इसके पश्चात देवता की पालकी की शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर पुराने बस अड्डे, नए बस अड्डे से नागरिक अस्पताल के समीप से सड़क मार्ग से होते हुए नेहरू मैदान पहुंची। वहां देवता की पालकी ने मैदान की परिक्रमा की और पालकी मंच पर ले जाई गई।

इसके बाद पुराने बाजार से होकर शहर की परिक्रमा करके पालकी पुन: मंदिर तक पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के दल के साथ साथ सैकड़ों लोग साथ रहे। शहर में जगह-जगह लोगों ने पालकी का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया और देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया।





राजगढ़ में बैसाखी मेले पर शिरगुल देवता की शोभायात्रा निकालते लोग। (दाएं) बैसाखी मेले पर ठोडा नृत्य का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

इसके बाद मेला मैदान में उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने दीप प्रज्वलित करके मेले का विधिवत उद्घाटन किया।

लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं और इस मेले का इतिहास भी काफी पुराना है। ऐसे मेलों में हमें अपनी प्राचीन देव परंपराओं की झलक भी देखने को मिलती है। आज हमें इन मेलों व प्राचीन परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रयास करने होंगे। इस मौके पर उन्होंने लोगों को मेले की बधाई दी और मेला कमेटी की अच्छे प्रबंधों के लिए सराहना की। इस मौके पर ठौड़ा दल रासु ने ठौड़ा नृत्य, चूड़ेश्वर लोक सांस्कृतिक दल ने परात नृत्य पेश किया। उपायुक्त सिरमौर भी इस दौरान ठौडा नृत्य पर झूमते दिखे।

लोगों ने जगह-जगह पर भंडारे लगाए हुए थे। शोभायात्रा में शामिल लोगों को प्रसाद वितरित किया। शोभायात्रा में एसडीएम राजकुमार ठाकुर, डीएसपी वीसी नेगी, नायब तहसीलदार डीएन शर्मा, कांग्रेसी नेता जय प्रकाश चौहान, अरुण मेहता, राजेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी, उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर सहित काफी गणमान्य लोग शामिल रहे। उधर, सबसे पहले प्रात: करीब साढ़े नौ बजे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर अपने समर्थकों सहित मंदिर में माथा टेकने पहुंचे और देवता का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ पूर्व कांग्रेसी नेता बैलीराम शर्मा, जिला परिषद सदस्य विनय भगनाल, परीक्षा चौहान, राजकुमार ठाकुर, विवेक शर्मा, दिनेश आर्य, सुरेंद्र तोमर, जितेंद्र वर्मा व रणजीत ठाकुर सहित काफी लोग शामिल रहे। विधायक रीना कश्यप ने भी मंदिर में पहुंच कर देवता का आशीर्वाद लिया।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# शिमला में होटलों में बढ़ी ऑक्यूपेंसी रिज मैदान पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़



रिज ग्राउंड पर घूमते हुए पर्यटक।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

राजधानी शिमला में छुट्टियों के पैकेज के चलते इस हफ्ते सैलानियों की संख्या बढ़ गई है। बाहरी राज्यों के सैलानियों के लिए जहां शनिवार और रविवार दो दिन की छुट्टियां हैं, तो वहीं हिमाचल में सोमवार को हिमाचल दिवस की भी छुट्टी हैं। ऐसे में बहुत से लोग परिवार के साथ शिमला घूमने पहुंच रहे हैं।

हर सप्ताहांत पर हर दिन करीब 13 हजार वाहन शिमला पहुंच रहे हैं, जबकि आम दिनों में नौ से दस हजार वाहन शिमला पहुंच रहे हैं। शिमला के पर्यटन कारोबारी खुश शिमला में सैलानियों की भारी संख्या के शिमला के पर्यटन कारोबारी खुश है। पिछले वर्ष जहां पर्यटन सीजन में मंदी के कारण सैलानियों को मायूस होना पड़ा था, तो वहीं इस बार पर्यटन कारोबारी खुश है। पिछले कुछ दिनों से हर सप्ताहांत पर शिमला में सैलानियों की काफी संख्या में शिमला पहुंच रहे हैं। सप्ताहांत पर होटलों में ऑक्यूपेंसी भी 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

## इतनी बढ़ी होटल ऑक्यूपेंसी

**आम** दिनों में जहां ऑक्यूपेंसी 30 से 35 प्रतिशत तक हैं तो वहीं सप्ताहांत में ऑक्यूपेंसी 50 प्रतिशत तक पहुंच रही है। वहीं, शिमला पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सप्ताहांत पर वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है। बाहरी राज्यों में तपती गर्मी के कारण छुट्टियों के दौरान सैलानी भारी शिमला का रुख कर रहे हैं। न सिर्फ राजधानी बल्कि शिमला के साथ लगते अन्य पर्यटन क्षेत्रों कुफरी, नालदेहरा और नारकंडा में भी सैलानियों की काफी भीड़ है। ऐसे में पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारियों को इस बार राहत मिली है।

## सैलानियों को पसंद आ रहा शिमला का मौसम

**बाहरी** राज्यों में इन दिनों जहां गर्मी बढ़ रही है तो वहीं राजधानी शिमला में मौसम अभी भी ठंडा है। दिन के समय धूप खिलने से जहां मौसम सुहावना बना रहता हैं, तो वहीं सुबह और शाम के समय वातावरण में हल्की ठंड है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिमला में न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री के बीच में हैं, तो वहीं अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास हैं। यही कारण है कि बाहरी राज्यों से लोग शिमला व इसके साथ लगते पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। खासकर पंजाब, हरियाणा और दिल्ली से काफी संख्या में सैलानी शिमला पहुंच रहे हैं। इसके अलावा विदेशी सैलानी भी इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक है।

## न्यूज ब्रीफ

### गोली कांड के आरोपी को चार दिन का रिमांड

**रिकांगपिओ।** किन्नौर के पूर्वणी गांव में हुए गोली की घटना में अभियोग संख्या 34/24 के तहत विधिधारा 307,34 भादसं व धारा 25 शस्त्र अधिनियम के अधीन थाना रिकांगपिओ में पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक सृष्टि पांडे ने कहा कि आरोपी राज चंद्र व महिला आरोपी चंद्र भगती पत्नी राज चंद्र निवासी गांव पूर्वणी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियो को आज एसीजेएम रामपुर में पेश किया गया। जहां चार दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। उन्होंने कहा कि तीनों पीड़ित आईजीएमसी शिमला में उपचाराधीन है। शनिवार को घटना स्थल का एसएफएसएल विशेषज्ञों की टीम बारीकी से निरीक्षण करवाया गया। गौर रहे कि शुक्रवार को किन्नौर जिला के पूर्वनी गांव में आपसी विवाद में गोली चलने से तीन महिलाएं घायल हुई। इस घटना में दो संगी बहनों और भतीजी पर गोली चलाने के आरोपी राजचंद्र को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद में दो सगी बहनों व भतीजी पर गोलियां लगी है।

### चूड़धार में विराजमान शिरगुल महादेव के कपाट खुले

**शिमला।** प्रदेश के लगभग 11 हजार 965 फुट की ऊंचाई पर स्थित चूड़धार में विराजमान शिरगुल महादेव के कपाट प्रसाशनिक तौर पर खुल गए हैं। कपाट खुलते ही आज शनिवार को बैशाखी की संक्रांति को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने चूड़धार का रुख किया। नौहराधार में मौजूद सभी पार्किंग स्थल गाडियों व बाइकों से भर गए। शनिवार को वीकेंड के अवसर पर हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों से आए श्रद्धालु नौहराधार के रास्ते से शिरगुल महाराज के दर्शन के लिए चूड़धार की चोटी पर पहुंचे। भले ही आज तक चूड़धार की यात्रा पर प्रसाशनिक प्रतिबंध था, मगर श्रद्धालु कम बर्फ बारी के चलते पिछले दस दिनों से भारी संख्या में चूड़धार की यात्रा पर श्रद्धालुओं के पग नहीं रुके। गौरतलब है कि हिमाचल के प्रमुख आस्था स्थलों में शुमार चूड़धार में हर साल लाखों श्रद्धालु अपने अराध्य देव शिरगुल महाराज के दर्शन करने पहुंचते हैं।

### शिमला में धूमधाम से मनाया बैसाखी का पर्व

**शिमला।** खुशहाली और संपन्नता का पर्व बैसाखी राजधानी शिमला में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य राजधानी के सभी गुरुद्वारों को दुल्हन की तरह सजाया गया 325वां खालसा पंथ का सृजन दिवस के उपलक्ष्य पर सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारा में जाकर माथा टेका। बैसाखी के इस शुभ अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन सत्संग और लंगर का आयोजन किया गया। राजधानी के स्थित गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन पाठ किया गया। इसमें बाहरी राज्यों के रागी जत्थों ने कीर्तन और अरदास की। सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसके कारण इस त्योहार की महत्ता, गरिमा और बढ़ जाती है। गुरुद्वारा सिंह सभा शिमला के अध्यक्ष जसविंद्र सिंह ने देशवासियों को बैसाखी की बधाई देते हुए कहा कि सुबह से सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब शिमला में बैसाखी पर्व के अवसर पर गुरू ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया और पूरे दिन कीर्तन सत्संग चलता रहा।

### रिज पर की हिमाचल दिवस की रिहर्सल

**शिमला।** 15 अप्रैल को मनाए जाने वाले हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर शिमला के रिज मैदान में तैयारियां शुरू हो गई है। इस बार कार्यक्रम के दौरान पुलिस, होम गार्ड, एनएसएस सहित कुल 14 टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी जिनकी रिहर्सल चल रही है। पुलिस और होम गार्ड बैंड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम खासे आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आचार संहिता के चलते इस बार दूसरे राज्यों की टुकड़ियां परेड में हिस्सा नहीं लेंगी। राज्यपाल शिव शंकर शुक्ल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर रिज मैदान में परेड की रिहर्सल चल रही है और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि लोगों को असुविधा न हो।

### हिमाचल सरकार का केंद्र से एडवांस लोन का आग्रह

**शिमला।** देश व प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बीच हिमाचल सरकार ने केंद्र सरकार से एडवांस लोन के लिए आग्रह किया है। राज्य सरकार से एक निवेदन भारत सरकार को भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि मई, 2024 में सामान्य तौर पर मिलने वाली लोन ऑथराइजेशन को अप्रैल महीने में ही दे दिया जाए। ये सारे इंतजाम इसलिए करने पड़ रहे हैं, क्योंकि चुनाव आचार संहिता के बीच सैलरी, पेंशन और लोन री-पेमेंट जैसे प्रतिबद्ध खर्चे राज्य सरकार को पूरे करने हैं। इससे पहले मार्च के आखिरी सप्ताह में लिया गया 1000 करोड़ का लोन भी एडवांस के तौर पर था। यह तीन अप्रैल, 2024 को राज्य सरकार के खाते में आया था। केंद्र सरकार राज्यों को मई महीने में दिसंबर तक के नौ माह की अवधि के लिए लोन की ऑथराइजेशन देती है। हिमाचल के लिए सामान्य तौर पर यह ग्रॉस स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट यानी जीएसडीपी का तीन फ़ीसदी होता है। पिछले साल भी इसी फार्मूले पर करीब 6000 करोड़ लोन लिमिट दी गई थी। वित्त वर्ष 2023-24 के आर्थिक सर्वे के आंकड़ों के अनुसार ताजा कीमतों पर राज्य का जीएसडीपी एक 1,91,728 करोड़ है, जबकि स्थाई कीमतों पर यह राशि 1,33,372 करोड़ बनती है। इस आंकड़े को देखें, तो इस साल भी लोन की लिमिट 6000 करोड़ के आसपास ही रहने वाली है। भारत सरकार ने इससे संबंधित सारा डाटा राज्य सरकार से मांग लिया है, लेकिन अभी इस पर फैसला नहीं दिया है।

# राज्यपाल ने किया 'कॉफी टेबल बुकलेट' का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि अनेक संस्थान व व्यक्ति विशेष समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर राष्ट्र व राज्य को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जो अन्यों के प्रेरणा है।

वे अपने कार्यों से उत्कृष्टता का उदहारण प्रस्तुत कर रहे हैं। राज्यपाल एक समाचार पत्र समूह द्वारा आयोजित कॉफी टेबल बुकलेट (हिमाचल प्रदेश के हाई फ्लायर्स 2024) के विमोचन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उन असाधारण व्यक्तियों की सफलता को प्रदर्शित करता है जिन्होंने अपने जीवन को इस पहाड़ी राज्य की प्रगति के लिए समर्पित किया है। उन्होंने हिमाचल के इन हाई फ्लायर्स को बधाई दी, जिनके बारे में कॉफी टेबल बुक में प्रकाशन किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न पृष्ठभूमि से आने वाले ये फ्लायर्स, जिनमें शिक्षाविद, व्यवसायी, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा इत्यादि शामिल किए गए हैं, हिमाचल की भावना का उद्हारण प्रस्तुत करते हैं। वहीं, राज्यपाल ने कहा कि 'हिमाचल प्रदेश के हाई फ्लायर्स 2024' उस मानवीय क्षमता का प्रमाण है जो हमारे राज्य को आगे बढ़ाता है। यह भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ये समाज के लिए रोल मॉडल भी हैं। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया का दौर है, लेकिन प्रिंट का स्थायी भाव है और यहीं अंतर पाठकों को समाचार पत्र से जोड़े रखता है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि समाज में उत्कृष्ट योगदान दे रहे व्यक्तियों को एक मंच पर लाकर उन्होंने 'संयुक्त परिवार' बनाने का कार्य किया है।



'कॉफी टेबल बुकलेट' का बिमोचन करते हुए राज्यपाल व अन्य।

## ऐसे कार्यक्रम करते हैं उत्साह बढ़ाने का काम

**राज्यपाल** ने कहा कि यह कार्य जहां राष्ट्र व राज्य को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा वहीं प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश के इन हाई फ्लायर्स ने अपने स्टार्ट-अप के माध्यम से नौकरी देने का कार्य भी किया है। इस तरह के कार्यक्रम अवसर, प्रोत्साहन और उनके उत्साह को भी बढ़ाने का कार्य करता है।

## राष्ट्रपति के दौरे को लेकर तैयारियों जोरों पर

**शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गर्मियों के दौरान में शिमला दौरे पर आएंगी। उनका यह दौरा 30 अप्रैल से पांच मई तक का बन रहा है। इस लिए अधिकारियों ने लोकल प्रशासन के साथ मिलकर द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसमें जिला प्रशासन, नगर निगम, बिजली बोर्ड, स्वास्थ्य, जल शक्ति, पुलिस इत्यादि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इन्हें राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सभी तैयारियां 15 अप्रैल तक पूरी करने के निर्देश दिए।

# शिमला को प्रदूषण से मिलेगी निजात, बनेगी नई डंपिंग साइट

## नगर निगम आउटसोर्स या टेंडर से हायर करेगा एजेंसी

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला शहर में दिन-ब-दिन प्रदूषण बढ़ता चला जा रहा है, जिससे शहर वासियों को काफी नुकसान हो रहा है। इस पर नगर निगम ने अवैध डंपिंग पर एक्शन लेने की ठान ली है। नई डंपिंग के लिए कुछ साइट्स का चयन होगा, जिसमें नगर निगम की ओर से एफसीएस का केस बनाया गया है।

इस केस के अप्रूव होने के बाद नगर निगम द्वारा आउटसोर्स या टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एजेंसी को हायर किया जाएगा। इस एजेंसी का मोबाइल नंबर डिस्प्ले किया जाएगा और जिसे भी डंपिंग की आवश्यकता होगी, वह उस नंबर पर संपर्क कर सकता है। यह नंबर 24 घंटे चालू रहेगा और किसी भी समय कोई भी व्यक्ति संपर्क कर पाएगा। शिमला शहर में अवैध डंपिंग के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इससे शहर में परेशानी बढ़ती ही जा रही है, लेकिन नगर निगम शिमला अवैध डंपिंग को लेकर अब सख्त हो गया है। कुछ समय बाद नगर निगम डंपिंग के लिए साइट्स का चयन करेगा और केवल उन्हीं चिन्हित जगहों पर डंपिंग की जाएगी। अगर इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अवैध डंपिंग करता नजर आता है तो उस पर नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा।




शहरवासियों को नगर निगम द्वारा तय की गई फीस देनी होगी उसके पश्चात ही लोग डंपिंग कर सकते हैं। अवैध डंपिंग से जंगलों और पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। इस कारण बरसात के दौरान नाले रुक जाते हैं। ड्रेनेज सिस्टम ब्लॉक होते हैं। इसे लेकर फॉरेस्ट एक्ट बहुत स्ट्रांग है और उसमें भारी पेनल्टी का भी प्रावधान है। महापौर द्वारा फॉरेस्ट विभाग को भी लिखा गया है कि फ्लाइंग स्क्वायड बनाएं और ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें। (अनंत ज्ञान)

### अवैध डंपिंग करने वालों पर अब होगी कार्रवाई

**वार्डों** के निरीक्षण में देखा जा रहा है कि कहां पर डंपिंग प्वाइंट बनाए जा सकते हैं। डंपिंग प्वाइंट के अलावा यदि इसके बाद भी कोई अवैध तरीके से डंपिंग करता हुआ पाया जाता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

"अवैध डंपिंग शिमला शहर में परेशानी का कारण बन रहा है। नगर निगम द्वारा एफसीएस का केस बनाया गया है। इस केस के अप्रूव होने के बाद नगर निगम आउटसोर्स या टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एजेंसी को हायर करेगा, जो इसकी पूरी देख बहाल करेगा।

**-सुरेंद्र चौहान**
**महापौर, नगर निगम, शिमला**



शिमला। खुशहाली और संपन्नता का पर्व बैसाखी राजधानी शिमला में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब शिमला में बैसाखी पर्व के अवसर पर गुरू ग्रंथ साहिब का पाठ किया गया और पूरे दिन कीर्तन सत्संग चलता रहा।

# हॉलिडे स्पेशल ट्रेन से शिमला पहुंच रहे पर्यटक

## पर्यटकों की सुविधा के लिए रेलवे विभाग चलाएगा कुल 95 ट्रिप्स

**जय ठाकुर, शिमला**

तपते मैदानी क्षेत्रों से ठंडक पाने और हरी भरी वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पहाड़ो की राजधानी शिमला में पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए रेलवे द्वारा कालका शिमला रूट पर एक स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। यह ट्रेन हॉलिडे स्पेशल ट्रेन के नाम के कालका से शिमला तक चलाई जा रही है।

इस ट्रेन के कुल 95 ट्रिप्स चलाए जाएंगे। जो 15 जुलाई तक चलाई जानी है। यह ट्रेन रोजाना सुबह आठ बजकर पांच मिनट पर कालका से शिमला के लिए रवाना की जा रही है और दोपहर एक बज कर पांच मिनट पर शिमला पहुंचती है। इसके अलावा शाम चार बज कर 50 मिनट पर ट्रेन शिमला से कालका के लिए रवाना होगी और नौ बज कर 40 मिनट पर कालका पहुंचती है। सैलानियों की बढ़ती तादात को देखते हुए यह स्पेशल हॉलीडे ट्रेन रिजर्वेशन पर आधारित है।

इसमें कुल 181 लोग सफर कर सकते हैं। ट्रेन में कुल सात बोगियां हैं। इसमें दो जनरल सेकंड क्लास (38 सवारियां प्रति बोगी), 2 फर्स्ट क्लास कोच (15 सवारियां प्रति बोगी), 1 एफसीएस (23 सवारियां), 1 एफसीजेड (18 सवारियां), 1 जीएसआर(34 सवारियां)। इनमे कुल मिला कर 181 लोग सवार हो सकते हैं। इस ट्रेन के माध्यम से देश विदेश के पर्यटक ज्यादा बेहतर तरीके से खूबसूरत वादियों का लुफ्त उठा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)



# चांशल घाटी में हुए ताजा हिमपात का दीदार करने पहुंच रहे पर्यटक



चांशल घाटी में हुए ताजा हिमपात का मनमोहक नजारा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

चांशल घाटी पर हुए ताजा हिमपात के बाद घाटी का दीदार करने के लिए देश विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं।

उल्लेखनीय हैं कि चांशल घाटी जिला शिमला की सबसे ऊंची चोटी है। जो मई माह से लेकर अक्तूबर तक वाहनों की आवाजाही के लिए खुली रहती हैं। वहीं, अक्तूबर के बाद भारी हिमपात होने के बाद डोडरा क्वार की पांच पंचायतों के सैकड़ों लोग शेष दुनिया से कट जाते हैं। वहीं, छह महीने में चांशल घाटी बर्फ से ढकी रहती हैं। आजकल चांशल घाटी का दीदार करने के लिए देश-विदेश से सैकड़ों पर्यटक आ रहे हैं। चांशल घाटी व डोडरा क्वार में वर्ष भर लाखों पर्यटक पहुंचते हैं। इस क्षेत्र में पैदल ट्रैकिंग की सुविधा भी मुहैया है। उत्तराखंड के धौला से दांताधार-सेवा धोगरी-हारली खड्डु तक 12 किलोमीटर का पैदल ट्रैक है। यह आगे चलकर उपमंडल डोडरा क्वार के गोसांगू तक और चार किलोमीटर का पैदल ट्रैक है। इस पर हर साल सैकड़ों पर्यटक आते जाते रहते हैं।

### चांशल घाटी को किया जाएगा विकसित: एसडीएम

**वहीं,** एसडीएम रोहडू विजयवर्धन सारस्वत ने कहा कि चांशल घाटी को विकसित करने के लिए सरकार व प्रशासन के द्वारा कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया है कि चांशल घाटी के विकसित होने से जहां क्षेत्र व घाटी के लोगों को स्वरोजगार मिलेगा। वहीं, डोडरा क्वार की पांच पंचायतों के लोगों के कारोबार में भी वृद्धि होगी। इससे स्थानीय लोगों को घर द्वार पर ही रोजगार के अवसर मिलेंगे और लोग आसानी से अपने परिवार का भरण पोषण कर पाएंगे।

# शिमला में गहराने लगा पानी का संकट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में गर्मियों के दस्तक देते ही पानी की संकट शुरू हो गया है। शहर की जनता की प्यास बुझाने वाली पेयजल योजनाएं भी अब सूखने की कगार पर है। इसको देखते हुए एसजेपीएनएल ने पानी का शेड्यूल भी जारी कर दिया है।

इसके बाद लोगों ने पानी को आवश्यकता के अनुसार उपयोग करना शुरू कर दिया है। अगर आगामी दिनों में यह हालात रहे तो लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ेगा। शिमला में हर साल लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ता है। अभी कोटी ब्रांडी पेयजल परियोजना के साथ-साथ गिरी में भी जल स्तर में गिरावट आ रही है। इससे आगामी दिनों में हालात बद से बदतर हो सकते हैं। हालांकि बीते दिनों में शहर के कई क्षेत्रों में लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। लोगों द्वारा लगातार पानी की आपूर्ति को लेकर शिकायतें की जा रही थी। अब शेड्यूल तो जारी हो गया है लेकिन लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। शहर को शनिवार को विभिन्न पेयजल परियोजनाओं से 42.06 एमएलडी पानी की आपूर्ति हुई है। जबकि शुक्रवार को शहर को इससे कम सिर्फ 40 एमएलडी पानी ही मिल पाया।



### कहां कितना पानी

| | | |
|---|---|---|
| गुम्मा | - | 18.83 एमएलडी |
| गिरी | - | 17.47 एमएलडी |
| चुरट | - | 2.57 एमएलडी |
| सियोग | - | 0.04 एमएलडी |
| चेयर | - | 0.80 एमएलडी |
| कोटी ब्रांडी | - | 2.35 एमएलडी |

# बीएड के नए सत्र में फीस बढ़ोतरी से छात्र परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में दिन प्रतिदिन नए नियमों के साथ विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ बढ़ता चला जा रहा है। इसे भरने में कई विद्यार्थी सक्षम नहीं है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने छात्र विरोधी निर्णयों को लेने से बाज नहीं आ रही है। नए सत्र से बीएड करने वाले विद्यार्थियों को बड़ी हुई फीस दरों का झटका लगने जा रहा है। सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी ने अपने अधीन आने वाले निजी बीएड कॉलेजों में फीस बढ़ा दी है। करीब बीस हजार फीस बड़ी है।

इसकी अधिसूचना तीन फरवरी को उच्च शिक्षा निदेशक से वीवी को मिली थी। अधिसूचना के आधार पर ही फीस में बढ़ोतरी की गई है। फीस ढांचा अपने निजी बीएड कॉलेज जो में सत्र 2024 से 25, 25 से 26 और 26 से 27 के लिए जारी कर दिया है। इसके मुताबिक दो वर्षीय बीएड प्रोग्राम में विभिन्न प्रकार की फीस में कुछ न कुछ बढ़ोतरी हुई है। नए सत्र से बीएड में फीस वृद्धि को लेकर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी ने अपने अधीन आने वाले निजी बीएड कॉलेजों में फीस बढ़ाने का जो निर्णय लिया गया है, वह दुर्भाग्य पूर्ण है। आकाश नेगी द्वारा ने कहा कि अधिसूचना के आधार पर करीब 20 हजार फीस में बढ़ोतरी करने वाला निर्णय है छात्रों को लूटने वाला निर्णय है। एक तरफ प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की बात कर रही है।

### छात्रों को लूटने का किया काम

**वहीं,** दूसरी तरफ भारी भरकम फीस बढ़ाकर छात्रों को लूटने का काम किया जा रहा है। प्रदेश भर में बीएड की लगभग 8000 से अधिक सीटे निजी कॉलेज में है जहां से छात्र बीएड करते हैं। विवि प्रशासन द्वारा बीएड में 20000 फीस वृद्धि करके प्रदेश भर के गरीब छात्रों को फीस वृद्धि करके शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। एबीवीवी सरदार पटेल विवि प्रशासन से मांग करती है कि इस निर्णय को तुरंत वापस लें।

**देखभाल**

## अब पार्कों में कोई भी कार्यक्रम करने से पहले पार्षदों से लेनी होगी अनुमति

# एमसी करेगा पार्कों की देखभाल, अपने पास रखेगा पैसे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर के पार्क में जो भी कार्यक्रम होते हैं उसका पैसा अब नगर निगम को मिलने वाला है। इसके लिए अब एमसी द्वारा शुल्क निर्धारित किया जाना है। शहर के पार्कों का रखरखाव नगर निगम करता है।

इसके लिए यह फैसला लिया गया कि जो भी कार्यक्रम शहर के पार्क में किए जाएंगे। इसमें नगर निगम की अनुमति के साथ पैसा भी एमसी को देना होगा। शहर के पार्क में फूल-पौधों से संबंधित कार्यक्रम करवाए जाते हैं, लेकिन उसका सारा पैसा सोसायटी को मिलता है। पार्क में किसी भी कार्यक्रम को करने से पहले वार्ड पार्षदों से परमिशन लेनी चाहिए। इस पर सभी पार्षदों ने हामी भरी है। निगम हाउस में यह फैसला लिया गया कि शहर के पार्कों में कोई भी कार्यक्रम करने से पहले पार्षदों से अनुमति लेनी होगी। वहीं, दूसरी तरफ इसके लिए नगर निगम शुल्क निर्धारित करेगा और इसका पैसा समिति को न जाकर नगर निगम को मिलेगा। इससे नगर निगम को लाभ पहुंचेगा।



### कनलोग में बनेगा पार्क

**शहर** के कनलोग वार्ड में एक पार्क बनाया जाएगा। इसके लिए 16 लाख 50 हजार की राशि लगेगी। जल्द ही इसका काम शुरू कर दिया जाएगा। पर्का बनने से युवाओं को मिलेगी सुविधा

### पैसे की है काफी समस्या

**नगर** निगम के पास इस समय पैसे की काफी समस्या है। इस समय नगर निगम अपनी इनकम बढ़ाने के स्रोत भी देख रहा है। एमसी का मानना है कि कहीं न कहीं पार्क का पैसा भी आय बढ़ाने के स्रोत में गिना जा सकता है।

### विकास के लिए सोसायटी को दिए जाते हैं पैसे

"शिमला में पार्कों के रखरखाव के लिए संस्थाओं को जिम्मा सौंपा गया है। लेकिन जो भी कार्यक्रम होता है उसका सारा पैसा इन संस्थाओं में रखा जाता है लेकिन अब यह पैसा नगर निगम में आएगा और यहाँ से संस्थाओं को पार्क के रखरखाव के लिए जितनी भी राशि चाहिए वह दी जाएगी।

**-उमा कौशल, उपमहापौर**
**नगर निगम, शिमला**

## सीटू ने जारी किया मजदूरों का घोषणा पत्र

**शिमला।** लोकसभा चुनावों को लेकर सीटू की समझदारी को मजदूरों तक पहुंचाने व मोदी हटाओ, देश बचाओ अभियान को मजबूत करने के लिए इस अधिवेशन का आयोजन किया गया। सीटू का अधिवेशन किसान मजदूर भवन रामपुर में संपन्न हुआ। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा जब से पिछले दस साल से मोदी सरकार सत्ता में आई है तब से वह लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्षों और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए चबालिस श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ़ ले जाने के लिए तैयार किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय खिलाड़ी अभी भी दौड़ में बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा। प्रज्ञानानंदा



का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी। नेपोम्नियाश्चि 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं। अलीरजा 2.5 अंक लेकर सातवें स्थान पर है जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं हैं। कोनेरू हम्पी और आर वैशाली के 2.5 अंक हैं जबकि चीन की झोंग्यी तान पांच अंक लेकर शीर्ष पर हैं।

### पंघाल की भारतीय टीम में वापसी



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल की 25 मई से दो जून तक बैंकॉक में होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के भारतीय टीम में वापसी हुई है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने पिछले क्वालीफायर में भाग लेने वाली भारतीय टीम में छह बदलाव किए है।

**भारतीय पुरुष टीम :** अमित पंघाल (51 किग्रा), सचिन सिवाच जूनियर (57 किग्रा), अविनाश जामवाल (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), अभिमन्यु लौरा (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा)।

**महिला :** अंकुशिता बोरो (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (66 किग्रा)।

### आगस्टा मास्टर्स : भाटिया और थीगाला ने कट में प्रवेश किया

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने तेज हवाओं के बीच अच्छा प्रदर्शन करते हुए 88वें आगस्टा मास्टर्स गोल्फ के दूसरे दिन कट में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया संयुक्त 30वें और थीगाला संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने तीन बर्डी और तीन बोगी लगाकर इवन पार 72 स्कोर किया। वह ब्रायसन डि चैम्ब्यू और मैक्स होमा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### जर्मनी में आसानी से बदल सकेंगे नाम, संसद में कानून पारित

**बर्लिन।** जर्मन सांसदों ने ट्रांसजेंडर, इंटरसेक्स और नॉनबाइनरी लोगों के अपने नाम और लिंग आधिकारिक रिकॉर्ड में बदलने की अनुमति देने वाले कानून को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। यह कानून एक नवंबर से प्रभावी होने वाला है। चांसलर ओलाफ शोल्ज की गठबंधन सरकार द्वारा 2021 के अंत में कार्यभार संभालने के दौरान जर्मनी, यूरोपीय संघ की सर्वाधिक आबादी वाला देश है। कानून में इस तरह का बदलाव करने वाले कई अन्य देशों का अनुकरण करते हुए जर्मनी ने यह कदम उठाया। संसद के निचले सदन ने इस कानून को 251 के मुकाबले 374 मतों से मंजूरी दी। वहीं, 11 सदस्य अनुपस्थित रहे।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद जब्त, चार गिरफ्तार

**टेंगनौपाल (मणिपुर)।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया। इस दौरान चार लोगों को हिरासत में भी लिया गया। मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया जिसमें भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया।

### संदेशखाली को लेकर सीबीआई को 24 घंटे में मिली 50 शिकायतें

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन पर कब्जा किए जाने, महिलाओं पर अत्याचार और अन्य अपराधों से संबंधित लगभग 50 शिकायतें 24 घंटे में मिली हैं। शनिवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई को ये शिकायतें ईमेल के जरिये मिली हैं। सीबीआई ने वीरवार को एक ई-मेल आईडी जारी की थी जिस पर लोग ऐसे अपराधों की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी को अब शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज करने से पहले आरोपों की गहन जांच करनी होगी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने पहले ही अपनी ईमेल आईडी पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जल्द ही प्राथमिकी दर्ज करना शुरू कर देगी।

---

**आईपीएल-2024** चेन्नई से मिली हार के बाद घरेलू मैदान पर जीत से वापसी करना चाहेगी नाइट राइडर्स

# लखनऊ के खिलाफ कोलकाता पर दबाव

**एजेंसी, कोलकाता**

दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपने गढ ईडन गार्डन्स पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डन्स पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है। मेंटॉर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं। दोनों टीमों ने 3-3 जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं।

केकेआर को वेस्ट इंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारेन पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया। नारेन (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी।

ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाए। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। अंडर 19 विश्व कप-2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाए। पिछले मैच में नाकाम रहने के बाद वह अच्छी पारी खेलने को बेताब होंगे। मिशेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दे डाले ।



दूसरी ओर लखनऊ को तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी जगह खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ नाकाम रहे थे। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। क्विंटन डीकॉक और लोकेश राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होगी। वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**संभावित टीमें**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** लोकेश राहुल (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पांड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शेमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान में से।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

### शरीर को ध्यान में रखते हुए आईपीएल छोड़ने का फैसला किया : जेसन रॉय

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जेसन रॉय ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन से बाहर होने का खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मानसिकता और शरीर को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया।

रॉय 2.8 करोड़ रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हुए थे। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए मार्च की शुरुआत में प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया। उनकी जगह इंग्लैंड और लंकाशायर के बल्लेबाज फिल साल्ट को टीम में शामिल किया गया।

रॉय ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस साल के आईपीएल को मिस करना एक बहुत बड़ा निर्णय था। केकेआर ने पिछले साल अच्छे प्रदर्शन के बाद मुझे रिटेन करके मुझ पर बहुत भरोसा किया, मुझे ऐसा लगा जैसे मुझ पर बहुत बड़ी रकम बकाया है। यह एक बहुत बड़ा निर्णय था, लेकिन मैंने यह निर्णय सिर्फ इसलिए लिया क्योंकि यह मेरी बेटी का पांचवां जन्मदिन था और मैं थका हुआ भी था, मैंने अपनी मानसिकता और शरीर को पहले रखते हुए यह फैसला किया।'

## अरमान धीमान ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी में जीता गोल्ड मेडल

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

गांव कमांद के निवासी 19 वर्षीय अरमान धीमान ने नेपाल में 26 से 28 मार्च तक हुई तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जयसिंहपुर विधानसभा का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता के बीच पड़ोसी देश नेपाल में हुई। अरमान धीमान के पिता का नाम अनिल धीमान है, वह अपना निजी व्यवसाय करते हैं। अरमान ने 12वीं कक्षा की शिक्षा जयसिंहपुर के बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। वर्तमान में कबड्डी खेलने के साथ



अरमान तलबाड़ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहे हैं।

अरमान को बचपन से ही कबड्डी खेलने का शौक रहा है, अरमान धीमान दो बार धर्मशाला के इनडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेल चुके हैं। अरमान धीमान ने इस सफलता का सारा श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

### खिलाड़ियों को चैंपियन की तरह सोचने की सलाह दी थी : पंत

**लखनऊ ।** लखनऊ सुपर जायंट्स पर 11 गेंद शेष रहते छह विकेट की बड़ी जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों को चैंपियन की तरह सोचने की सलाह दी थी।

पंत ने कहा, '' थोड़ी राहत महसूस हो रही है। हम हर हाल में जीतना चाहते थे। मैं खिलाड़ियों से बात करते हुए कह रहा था कि हमें चैंपियन की तरह सोचने की जरूरत है, हमें कड़ा संघर्ष जारी रखने की जरूरत है।'' दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर मैकगुर्क ने 55 जबकि पंत ने 41 रन का योगदान दिया।

## चेन्नई और मुंबई के मुकाबले में नजरें धोनी पर

**एजेंसी, मुंबई**

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवत: यह आखिरी मैच होगा।



चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी। नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलेंगे। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आएगा।

मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं। पांच-पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं। मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है ।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिए कठिन चुनौती होगा।

## मैं बंगाल के लोगों को पीड़ित नहीं होने दूंगी : ममता बनर्जी

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर पश्चिम बंगाल के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया है। शनिवार को उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जो उनके चुनाव प्रचार का हिस्सा है। इसमें वह संबोधन कर रही हैं और लोग खूब तालियां बजा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि बंगाल के प्रति भाजपा का भेदभावपूर्ण व्यवहार लोकतंत्र और सहकारी संघवाद का अपमान है। यह मेरा दृढ़ संकल्प है कि जब तक तृणमूल कांग्रेस खड़ी है, जब तक मैं सांस ले रही हूं, मैं अपने लोगों को पीड़ित नहीं होने दूंगी, भले ही इसके लिए जेल जाना पड़े।



पहले चरण में लोकसभा की तीन सीटों पर अपनी पार्टी के लिए वोट देने की अपील करते हुए ममता बनर्जी ने लिखा कि 19 अप्रैल को, तृणमूल के लिए अपना वोट डालें और सुनिश्चित करें कि हमारे उम्मीदवार प्रो. निर्मल चंद्र रॉय, जगदीश चंद्र बसुनिया और प्रकाश चिक बड़ाईक इतने बड़े अंतर से जीतें कि भाजपा के प्रवासी पक्षी बंगाल में फिर से पैर रखने की हिम्मत करने से पहले दो बार सोचें।

### सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में पांच लोगों की चाकू मारकर हत्या

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में शनिवार को एक शॉपिंग सेंटर में पांच लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद हमलावर को पुलिस ने गोली मार दी। स्थानीय मीडिया में ये बात कही गई है। ऑस्ट्रेलिया की मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि एक व्यक्ति लोगों का पीछा कर रहा था और उन्हें चाकू मार रहा था, इसके बाद वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन को खाली करा लिया गया। द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस इस घटना में आतंकी संबंधों की जांच कर रही है। एक्स पर एक पोस्ट में, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि हमारी संवेदनाएं उन लोगों के परिवारों के प्रति हैं, जिनकी इस हमले में जान चली गई है।

## सलमान के साथ डेब्यू से पहले मेरे पास पांच फिल्मों के ऑफर थे : रवीना टंडन

**एजेंसी, मुंबई**

अभिनेत्री रवीना टंडन ने खुलासा किया है कि उन्होंने 1991 में सलमान खान के साथ पत्थर के फूल में पदार्पण करने से पहले पांच फिल्मों का ऑफर ठुकराया था। रवीना ने खुलासा किया कि उन्हें पत्थर के फूल से पहले कई फिल्मों के ऑफर आए थे। किसका ब्रांड बजेगा पर बोलते हुए अभिनेत्री कहा कि मैंने इससे पहले ही पांच फिल्मों को न बोल दिया था।



उन्होंने कहा, मैं कॉलेज कैंटीन में थी, और मैंने अंदर आकर कहा, अंदाजा लगाओ कि मुझे किसके साथ फिल्म का ऑफर मिला है और उन्होंने कहा, कौन? और मैंने कहा, सलमान खान, और मेरे सभी दोस्त बोले, याय्य!

इसके बाद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि फिल्म स्वीकार करने से लेकर उस पर काम शुरू करने तक की प्रक्रिया बहुत तेज थी। रवीना ने कहा, तो मैंने हां कह दी, अगले दिन मैंने सलमान के साथ फोटोशूट किया और तीसरे दिन मैं फिल्म कर रही थी। इसके बाद रवीना और सलमान ने कई फिल्मों में साथ काम किया है।

### म्यांमार से दालों का आयात करने के लिए भुगतान तंत्र को बनाया सरल : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमार से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को



कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमार से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेन-देन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है।

## संजय बोले- तिहाड़ जेल में केजरीवाल हो रहे प्रताड़ित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह ने कहा है कि जेल के अंदर अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित किया जा रहा है। न्यूनतम सुविधा जो मिलती है, उसे भी छीना जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुलाकात जंगले यानी विंडो के जरिए कराई जा रही है।



संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा की अगुआई में ऐसा काम हो रहा है जो तिहाड़ जेल के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा। अधिकारी मोहरा हैं, जो उनके आका आदेश देते हैं वही काम करते हैं। मुलाकात को लेकर जेल का नियम 602 और 605 यह कहता है कि किसी की भी मुलाकात फेस टू फेसबात कराई जा सकती है। यह अधिकार जेल प्रशासन को होता है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मुलाकात कराई जाने का आवेदन किया गया। इसके बाद हमारे वकील को टोकन नंबर 4152 दे दिया जाता है, अचानक मुलाकात के एक दिन पहले मुलाकात को कैंसिल कर दिया जाता है।

### अंतरिक्ष की सैर करने वाले पहले भारतीय पर्यटक बनेंगे गोपी थोटाकुरा

**वाशिंगटन।** उद्यमी एवं पायलट गोपी थोटाकुरा अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय होंगे। वह अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन एनएस-25 मिशन पर एक पर्यटक के रूप में अंतरिक्ष की सैर करने जाएंगे। वह इस मिशन पर जाने वाले छह अंतरिक्ष यात्रियों में से एक होंगे। इसके साथ ही वह पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे।



एयरोस्पेस कंपनी ने बताया कि अभी अंतरिक्ष में जाने की तारीख की घोषणा नहीं की गई है। यह 'न्यू शेपर्ड' कार्यक्रम के लिए मनुष्य को अंतरिक्ष में ले जाने वाली सातवीं उड़ान और उसके इतिहास में 25वीं उड़ान होगी। अभी तक इस कार्यक्रम के तहत 31 मनुष्यों को कार्मन रेखा से ऊपर ले जाया गया है जो पृथ्वी के वायुमंडल और अंतरिक्ष के बीच प्रस्तावित पारंपरिक रेखा है। 'न्यू शेपर्ड' ब्लू ओरिजिन द्वारा अंतरिक्ष पर्यटन के लिए विकसित पूरी तरह से पुन: इस्तेमाल होने वाला उप-कक्षीय प्रक्षेपण यान है।

## द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर तमिलनाडु का विकास किया अवरुद्ध : शाह

**एजेंसी, चेन्नई**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्याकुमारी में रोड शो करते हुए तमिलनाडु में भाजपा के बेहतर चुनावी प्रदर्शन का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में शासन करने वाली दोनों पार्टियां द्रमुक और अन्नाद्रमुक ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर राज्य के विकास को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में मतदाताओं के बीच परिवर्तन की तीव्र आकांक्षा है, जिससे भाजपा विकल्प बनकर उभरी है।



गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार सुबह 11 बजे कन्याकुमारी में मेट्टूकडाई जंक्शन से पुराने बस स्टैंड तक रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर के विरोध से लेकर सनातन धर्म का विरोध करने वाली पार्टी और उसके नेताओं ने तमिलनाडु के करोड़ों लोगों का आहत किया जिसे वे भूले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो सभी को एक साथ लेकर चलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सबकी सुरक्षा और समृद्धि की चिंता की। मोदी तमिल जैसी प्राचीन एवं ऐतिहासिक भाषा एवं संस्कृति को पूरे देश में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी तमिलनाडु में गया, सभी जगह 400 पार के नारे लगाए गए।

**बड़ा हमला** इजराइली सेना का वॉर रूम में अलर्ट, अमेरिका की सेना भेजने की तैयारी

## इसराइल पर हिजबुल्लाह ने एक साथ दागे 40 से ज्यादा रॉकेट

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध के बीच शुक्रवार को इसराइल पर हिजबुल्लाह ने बड़ा हमला कर दिया है। चरमपंथी संगठन हिजबुल्लाह ने उत्तरी इलाके गैलिली के ऊपर एक साथ 40 से अधिक रॉकेट दागे और इन रॉकेट हमलों की जिम्मेदारी ली है। लेबनान में ईरान के हिजबुल्ला ने एक बयान में कहा कि उसने उत्तरी इसराइल में इसराइली सेना की तोपों को निशाना बनाते हुए दर्जनों रॉकेट दागे हैं। इसरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने



रॉकेट हमलों की पुष्टि करते हुए कहा है कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ है। आईडीएफ के वार रूम ने हमले का वीडियो भी जारी किया है। उधर लेबनान के रॉकेट हमलों के बाद अमेरिका और सतर्क हो गया है। अमेरिकी अधिकारी ने बताया है कि अमेरिका ने ईरानी हमले की आशंका के बीच मध्य पूर्व में अतिरिक्त सेना भेज रहे हैं।

आईडीएफ ने कहा, लेबनान इलाके से उत्तरी इसरायल में करीब 40 रॉकेट दागे गए, जिनमें से कुछ को आयरन डोम एयर डिफेंस प्रणाली ने ध्वस्त कर दिया, जबकि कुछ ने खुले इलाकों को प्रभावित किया या फिर लेबनान के अंदर गिरे। घटना के दौरान सायरन बजते रहे। इसके पहले आईडीएफ ने कहा था कि एयर डिफेंस ने उत्तरी इसरायल में हिजबुल्लाह द्वारा लॉन्च किए गए दो विस्फोटकों से भरे ड्रोन को मार गिराया है।

**अमेरिका और सतर्क**

उधर, लेबनान के रॉकेट हमलों के बाद अमेरिका और सतर्क हो गया है। अमेरिकी अधिकारी ने बताया है कि अमेरिका ने ईरानी हमले की आशंका के बीच मध्य पूर्व में अतिरिक्त सेना भेज रहे हैं, लेकिन अमेरिका के लिए खाड़ी राज्यों ने एक नई परेशानी खड़ी कर दी है। कुवैत और कतर ने संयुक्त राज्य अमेरिका को चेतावनी दी है कि ईरान पर हमला करने के लिए वह अपने क्षेत्र पर सैन्य अड्डों के उपयोग की अनुमति नहीं देंगे।